श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 176, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 16

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 15

**मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा**

# संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।



राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ व अमित शाह।

### बिहार को विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

### पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।



### नीट मुद्दे को लेकर राहुल और धर्मेंद्र प्रधान आमने-सामने

- शिक्षा मंत्री बोले- कोर्ट में है मामला, जो निर्देश होगा हम उसे मानेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान नीट मुद्दे पर बोलने की अनुमति न दिए जाने का विरोध करते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्न काल की कार्यवाही के दौरान सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी जगह पर खड़े होकर नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान अपने को छोड़कर इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति पर आरोप लगा रहे हैं। परीक्षाओं को लेकर क्या चल रहा है, उसे मंत्री महोदय समझ नहीं रहे हैं। नौकरियों और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थी बहुत चिंतित हैं कि यह क्या हो रहा है। विद्यार्थी मान बैठे हैं कि देश में परीक्षा प्रणाली में धोखाधड़ी होती है। इस पर प्रधान ने कहा कि उन्हें ओडिशा के उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने चुनकर यहां भेजा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्री बनाया है। उन्हें किसी से प्रमाण-पत्र नहीं चाहिये। इसके बाद गांधी सहित अन्य विपक्षी सदस्य कुछ कहना चाहते थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी।

# आर्थिक सर्वेक्षण में जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही, वित्त वर्ष 2023-24 की चार तिमाहियों में से तीन तिमाहियों में विकास दर आठ प्रतिशत से अधिक रही।



- सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, वित्त मंत्री आज पेश करेंगी बजट 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

### आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।

## एक नजर

### अखिलेश कुमार संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बने

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को राज्य निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद मनोज कुमार के पद पर तैनात रहे मनोज कुमार को अपर आयुक्त बरेली मंडल बनाया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन के सूत्रों ने बताया कि पंचायतों के उप चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की गई है। अभी तक यह पद खाली चल रहा था।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने 30 अप्रैल को जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### निपाह : संपर्क में आए 350 लोगों में संक्रमण का खतरा

**कोझिकोड।** दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल का स्वास्थ्य विभाग 13 लोगों के परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनके नमूने परीक्षण के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला और तिरुवनंतपुरम के एडवांस्ड वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में भेजे गए थे।

### आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग, नाविक लापता

**मुंबई।** पोतगाह में नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद एक नाविक लापता है। एक आधिकारिक ने जानकारी दी कि भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई थी, जब नौसेना के मुंबई स्थित पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसमें कहा गया जहाज के चालक दल ने अग्निशमनकर्मियों की मदद से 22 जुलाई सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

# कांवड़ मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

**सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।



### सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

# नीट-यूजी: कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।



### व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

# पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों की हत्या की

- वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश

अंबाला, एजेंसी

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

# 1500 करोड़ से रेलवे बना रहा ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग

- ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में होगी आसानी, हर एक किलोमीटर पर खुद लगेगा सिग्नल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड को स्मार्ट बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। 110 किलोमीटर के इस रेलखंड में हर किलोमीटर पर एक सिग्नल लगाया जाएगा। जिससे ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में आसानी हो जाएगी। इससे ट्रेनों की गति और समय पालन में भी सुधार होगा।

जिसके लिए रेलवे ने जगह-जगह नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा कर लिया है। 1500 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तैयार होने पर मुरादाबाद से गाजियाबाद व रोजा तक ऑटोमेटिक सेक्शन तैयार हो जाएगा। फिलहाल पहले चरण में मुरादाबाद- गाजियाबाद रेलखंड के बीच गाजियाबाद-हापुड़ के बीच कार्य शुरू हो चुका है।



> मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का काम शुरू हो गया है। इस वित्तीय वर्ष में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अगले वर्ष मुरादाबाद-बरेली- शाहजहांपुर सेक्शन में काम कराया जाएगा।
>
> - **आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

# विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी

**लखनऊ।** विधान परिषद में सपा सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। सदन में सपा सदस्यों की संख्या 10 होने के बाद सपा को यह पद मिला। सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से विधान परिषद के सभापति को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए लाल बिहारी, मुख्य सचेतक के लिए किरनपाल कश्यप, सचेतक के लिए आशुतोष सिन्हा, उप नेता पद के लिए मोहम्मद जासमीन अंसारी का नाम पेश किया गया। इसके बाद परिषद की ओर से इनको नियुक्त किये जाने के आदेश जारी हुए।



**मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा**

# जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल



हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

- घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही
- मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले

**अमृत विचारः** मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्कर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

**कवायद** | **प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह होंगी विकसित, जीपीएस से होगी मैपिंग**

# मास्टर प्लान से होगा ग्राम पंचायतों का विकास

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह मास्टर प्लान के अनुसार विकसित होंगी। इसकी शुरुआत पंचायती राज विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लखनऊ की ग्राम पंचायत बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा से करने जा रहा है।

नई व्यवस्था को ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान (जीपीएसडीपी) नाम दिया है। इसमें गांवों का जीपीएस से सर्वे करके सड़क, पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि सरकारी निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जाएगी, मैपिंग करके डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इसी आधार पर निर्माण व अन्य कार्य कराये जाएंगे। इसे लागू करने का मकसद आगे होने वाले निर्माण बेहतर प्लान बनाकर करना है।



- पायलट प्रोजेक्ट में लखनऊ की बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा चयनित

### रुकेगा अवैध निर्माण, गुम भूमि की होगी जानकारी:

मास्टर प्लान से जहां गांव का नियोजित विकास होगा वहीं अवैध निर्माण व भूमि पर कब्जा पर लगाम लगेगी। जीपीएस से जो डिजिटल मानचित्र बनेगा उसमें गाटा समेत भूमि का पूरा ब्योरा दिखेगा। यदि तालाब, चरागाह या ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा है तो मैप में दिखने पर कार्रवाई करके खाली कराई जाएगी। बहुत सी ऐसी भूमि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में दर्ज हैं, जबकि हकीकत में गुम हैं।

> पायलट प्रोजेक्ट में दो ग्राम पंचायत चयनित की है। जहां ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के तहत कार्य होंगे। इसके बाद अन्य ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे। मकसद गांवों का बेहतर तरह से नियोजित विकास करना है।
>
> - **अटल कुमार राय**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

### 5 वर्ष के लिए प्लान, पंचायतों का हो चुका सर्वे

केंद्र सरकार के निर्देश पर पूर्व में पायलट प्रोजेक्ट में चयनित दोनों ग्राम पंचायतों का सर्वे और परीक्षण संबंधित कार्य हो गए हैं। यहां मास्टर प्लान भी बन गया है। अब विकास कराया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान 5-5 वर्ष के लिए बनेगा। लेकिन, शुरुआत में 1 वर्ष के लिए बनाया जाएगा। इसमें पुरानी व्यवस्था के तहत अब तक गांव के विकास के लिए बनाई जाने वाली ग्राम पंचायत डेवलपमेंट योजना (जीपीडीपी) को भी जोड़ा जाएगा।

# पहला सोमवार : छोटी काशी में भक्तों का सैलाब

## शहर से लेकर शिव मंदिर में गूंजते रहे हर-हर महादेव के जयकारे, पालिकाध्यक्ष ने शिवभक्तों पर की पुष्प वर्षा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


छोटी काशी के गोकर्ण तीर्थ में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचारः** भगवान शिव का माह शुरू हो गया है। पहले सोमवार को छोटी काशी गोला के पौराणिक शिव मंदिर में पहुंचे कांवड़ियों, शिवभक्तों और श्रद्धालुओं ने बम बम भोले, हर हर महादेव के जयकारे लगाकर विधि विधान से भोलेनाथ का पूजन किया।

सावन माह शिव भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस बार सावन माह का शुभारम्भ ही सोमवार से हुआ है, जिसके चलते पहले सोमवार को ही पौराणिक शिवमंदिर में आस्था की भीड़ देखने को मिली। शिवभक्त सुबह से ही शिवमंदिर में जलाभिषेक के लिए पंक्ति में लग कर हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाने लगे इससे पूरा मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो गया। शिवभक्तों, श्रद्धालुओं ने शिवमंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर बेलपत्र, भांग, धतूरा, मदार पुष्प, शमीपत्र, दही, दूध, चावल, गंगाजल, फूल, फल, शहद सहित कई सामग्रियों से शिवजी का जलाभिषेक किया। शिव मंदिर से लेकर त्रिलोक गिरि मंदिर, भूतनाथ मंदिर सहित शहर के अन्य शिवलियों में दिन भर शिवभक्तों की आवाजाही बनी रही।

**सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम :** गोकर्ण तीर्थ, मंदिर परिसर, नीलकंठ मैदान से लेकर शहर में शिवभक्तों को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। जगह जगह पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। इसके अलावा कोतवाल रमेशचंद्र पांडे निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे।

### शिव मंदिरों में बम बम भोले की होती रही जय जयकार

**पलिया कलां:** सावन माह के पहले सोमवार को नगर के महाकालेश्वर मंदिर, शिव मंदिर, पीपल वाली शिव मठिया, कठारे बाबा मंदिर, बोझवा स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थल पर पहुंचकर भक्तों ने पूजन किया। वहीं पवित्र शारदा नदी का जल लेकर तमाम भोले भक्त छोटी काशी गोला के लिए कांवड़ लेकर रवाना हुए। पीपल वाली शिव मठिया पर महिलाओं ने ढोलक, मंजीरा लेकर संगीतमय शिव कीर्तन किया। उधर मझगई ,नौगवां, तिरकौलिया,पतवारा, चंदन चौकी के सूत्रों ने भी सुबह से ही शिव मंदिरों में पूजन हुआ।


पौराणिक शिव मंदिर पर लगी शिव भक्तों की कतार। अमृत विचार

### पालिकाध्यक्ष ने सभासदों संग श्रद्धालुओं पर की पुष्प वर्षा


शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा करते पालिकाध्यक्ष। अमृत विचार

देवाधिदेव महादेव की उपासना के लिए छोटी काशी आए भक्तों पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभासद, पालिकाकर्मियों संग अशोक चौराहे, शिव मंदिर पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सभासद रज्जन खान, नानक चंद्र वर्मा, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, धर्मेन्द्र जायसवाल, राजेश वर्मा, राजेश अवस्थी, साहिद अंसारी, मोहित गिरि आदि मौजूद रहे।

# भक्तों ने शिवालयों में विधि विधान से पूजन कर किया जलाभिषेक

## छोटी काशी जाने वाले कांवड़ियों से शिवमय हुआ जिला

लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पहले सोमवार पर हुई सावन की शुरुआत का शिव भक्तों में उत्साह दिखा। अलसुबह ही शहर से लेकर आस पास के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। शिव भक्तों ने विधि विधान से पूजन कर जलाभिषेक किया और घर परिवार की उन्नति के लिए मंगलकामना की।

शहर के जंगली नाथ मंदिर, भुईफोरवानाथ मंदिर के अलावा करीब दस किलोमीटर दूर स्थित लिलौटीनाथ धाम में सुबह ही भक्तों की कतारें लग गई। उधर, छोटी के लिए निकले कांवडियों से जिला शिवमय रहा। भोलेनाथ के जयकारों से शहर और जिला दिनभर भक्ती में डूबा रहा। मंदिरों में पहुंचे शिवभक्तों ने विधि विधान से भगवान अवढर दानी का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद बेलपत्र, धतूरा, भांग व फूल आदि अपर्ति कर घरपरिवार के लिए मंगल कामना की।


शहर के भुईफोरवानाथ मंदिर में शिवलिंग का दुग्धाभिषेक करती महिला।

### शिव भक्तों ने निकाली कलश यात्रा


पसगवां में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता, पसगवां अमृत विचार :** नगर में शिवमहापुराण कथा एवं महारूद्राभिषेक का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। यज्ञाचार्य पंडित भोलानाथ तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। कलश यात्रा यज्ञशाला से शुरू होकर शारदा नहर पुल तक गई। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने शारदा नहर में कलश भरे, जिन्हें वापस लाकर यज्ञशाला में स्थापित किया गया। मुख्य यजमान सपत्नीक आनंद किशोर शुक्ल रहे। कलश यात्रा में विनय कुमार, धीरज शुक्ल, उत्कर्ष, प्रीति, अरविंद मुन्ना, शोभित सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीएम की मौजूदगी में आठ शिकायतों का निस्तारण


तहसील सभागार में अधिकारियों संग जनसुनवाई करती डीएम।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की मौजूदगी में सोमवार को सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इसमें जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके बावजूद मात्र आठ शिकायतें ही निस्तारण हो सकीं। हालांकि डीएम ने फरियादियों के समस्याओं का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

डीएम की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में 68 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। इसमें आठ का ही मौके पर निस्तारण हो सका। जबकि राजस्व की 28, पुलिस की 17, विकास विभाग की नौ, नगर निकाय की पांच, कृषि की चार, विद्युत की तीन और आपूर्ति की दो शिकायतें थी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण कर गरीब व पीड़ित न्याय दिलाएं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर समस्याओं का निराकरण कराएं। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# निबंध में लविशा, पोस्टर व स्लोगन में मानसी विजेता


विजेता छात्रा को सम्मानित करती प्राचार्य।


मिश्राना चौराहे पर नुक्कड़ नाटक पेश करने के बाद मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में भूजल सप्ताह के समापन हुई प्रतियोगिताएं**
- **छात्राओं ने नुक्कड़ प्रस्तुत कर राहगीरों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित**

**अमृत विचार :** आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूजल सप्ताह का समापन सोमवार को हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर नगर में जागरूकता रैली रवाना की। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने मिश्राना चौराहे पर जलसरंक्षण को लेकर नुक्कड़ नाटक पेश कर राहगीरों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज मेंस भूजल सप्ताह को लेकर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लविशा तिवारी प्रथम, कोमल रस्तोगी द्वितीय रहीं। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में मानसी शर्मा प्रथम, ज्योति वर्मा द्वितीय रहीं। स्लोगन में मानसी शर्मा प्रथम, रूपाली कश्यप द्वतीय रहीं। प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षित करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है, एक कदम यदि हम अपनी ओर से बढ़ाएंगे तो पूरे समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर पाएंगे। छात्राओं ने सावन माह को लेकर लोक गीत पेश किया। संयोजन लेफ्टिनेंट सविता शुक्ला एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विमलेश ने किया। समापन समारोह में शिवांगी सक्सेना, डॉ. क्षमा तिवारी, डॉ. प्रीती सिंह, पूजा शुक्ला, राखी चौहान सहित सुशीला देवी आदि मौजूद रहीं। इस मौके पर सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### पुलिस ड्यूटी के साथ निभाया सेवाभाव

**संवाददाता, केशवापुर। अमृत विचार :** हैदराबाद थाने की अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र केशवापुर में कांवड़ यात्रियों को पुलिस सुरक्षा में तैनात थानाध्यक्ष दीपक तिवारी, चौकी इंचार्ज जितेन्द्र पाल सिंह, आरक्षी अरविन्द कुमार फौजी, पीसी वीरेन्द्र पाल सिंह और ढकवा चौकी पर तैनात आरक्षी अरविन्द कुमार फौजी ने कांवड़ियों को पूरे महीने नि :शुल्क पानी पिलाने, घायल कांवरियों को मरहम पट्टी करते हुए सेवा करने का वीणा उठाया है। पानी और दवाओं का खर्च फौजी अपने वेतन से उठाएंगे। केशवापुर चौराहे पर घनश्याम मौर्य, सुमित कुमार बहराइच शारदा से गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर डाक कांवड़ लाये, जिनको जल और मेडिकल किट उपलब्ध कराई।


केशवापुर चौराहे पर पानी के पाउच बांटती पुलिस।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने ई रिक्शों पर दिखाई सख्ती

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को भी ई रिक्शा चलते रहे। पुलिस ने 30 ई–रिक्शों का चालान कर 42 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला है। टीएसआई युगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को ई रिक्शा के संचालन पर रोक है। फिर भी तमाम ई रिक्शा सवारियां ढो रहे थे। तब उन्हें रोका गया। 30 ई रिक्शा का चालान कर 42 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया है।

### कंजा देव स्थान पर श्रद्धालुओं के लिए पूरे माह चलेगा भंडारा


कंजा देवस्थान पर कन्या भोज कराते समाजसेवी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** सावन माह में मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बरम बाबा देवस्थान पर कांवड़ियों और शिव भक्तों के लिए भंडारा चलेगा। उनके रुकने की व्यवस्था भी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा नि :शुल्क कराई गई है। कंजा देवस्थान मंदिर समिति के प्रबंधक राजेश गुप्ता गुड्डन ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी कंजा देवस्थान मंदिर पर व्यापारियों, समाजसेवियों के सहयोग से अनवरत रूप से एक महीने तक श्रद्धालुओं के भोजन, स्नान और रहने की नि :शुल्क व्यवस्था की गई है। जिससे शिव भक्तों को कोई दिक्कत न हो। सावन के पहले सोमवार को समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल द्वारा कन्याभोज कराकर भंडारे का शुभारंभ किया गया।

### गौ रक्षा प्रमुख ने पदाधिकारियों संग किया नगर में भ्रमण

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** भारतीय बजरंग दल के जिला गौरक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता अपने तमाम साथियों के साथ मांस और मछली की दुकानों को बंद कराने पहुंचे, पर उन्हें दुकानें बंद मिली। गौ रक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता ने सावन के पहले सोमवार को प्रशासन की कमान खुद संभाली। वह अंडा, मीट, मछली और मांसाहारी होटलों के पास पहुंचे, लेकिन उन्हें सभी दुकाने बंद मिली। भूड़ मोहल्ले में एक बिरियानी की दुकान खुली होने की जानकारी होने पर जब वह पहुंचे तब दुकानदार ने दुकान बंद कर दी और कहा कि आगे के सोमवार को अपनी दुकान नहीं खोलेगा। गौरक्षा प्रमुख ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर सावन में यह दुकानें और होटल खुले पाए गए तो उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। उनके साथ हिमांशु जोशी, मोहित राठौड़, आशीष गुप्ता, अंकित राठौर, आशु गुप्ता, कन्हैया आदि रहे।

### सर्व मानव सेवा समिति ने किया पौधरोपण


लंदनपुर ग्रंट समिति कार्यालय पर पौधरोपण करते पदाधिकारी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** उप्र सर्व मानव सेवा समिति के तत्वाधान में लंदनपुर ग्रंट स्थित संस्था कार्यालय व निवास पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। संस्था अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भावी पीढ़ी के भविष्य को सहेजने के लिए पौधे लगाने होंगे। उन्होंने यूकेलिप्टस, आम सहित विभिन्न फल, फूल और छायादार पौधे रोपित कर कहा कि पौधों का पर्यावरण के संरक्षण, ऑक्सीजन देने सहित तमाम उपयोग हैं। पौधरोपण के समय समिति के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। मैलानी। पीएम मोदी के आवाहन पर पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्क में पौधे रोपे हैं। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष के पति भवानी शंकर माहेश्वरी, गुरमीत कौर, द्वारिका प्रसाद गोयल, सुभाष गोयल आदि रहे।

### जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने किया स्वास्थ्य कैंपों का निरीक्षण


शिव मंदिर परिसर पर बने स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण करते डॉ . प्रमोद कुमार वर्मा।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** सावन मेला में लगाए गए स्वास्थ्य कैम्पों का जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सीएचसी प्रभारी डॉ . प्रमोद कुमार वर्मा ने औचक निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। शिव भक्तों, कांवड़ियों की सुविधा के लिए बरमबाबा देवस्थान, लखीमपुर रोड रिलायंस पंप और मंदिर प्रांगण पर कैंप बनाए गए हैं। डॉ . प्रमोद कुमार वर्मा ने इन कैंपों का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। आने वाली समस्याओं की जानकारी भी ली। शिव मंदिर प्रांगण पर ड्यूटी पर तैनात डॉ जितेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को अभी सात मरीज देखे गए है। जो बुखार, उल्टी, दस्त बीमारी से पीड़ित थे।

### भतीजी की पिटाई का विरोध करने पर चाचा को मारा चाकू

**संवाददाता, बेलरायां। अमृत विचार :** कोतवाली तिकुनिया के गांव बरसोला कलां में भतीजी की पिटाई का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके चाचा पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव बरसोला कलां निवासी कैलाश ने बताया कि गांव के ही मनोज, अतुल व आकाश उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। 20 जुलाई को घर में उसकी भतीजी अकेली थी। इसी बीच आरोपियों ने भतीजी की पिटाई कर दी। रविवार की शाम उन्होंने आपत्ति की तो आरोपियों ने डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि मनोज ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया। धमकी दी कि जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# निबंध में यशवर्धन, पोस्टर में प्रज्ञा बनी विजेता

## वाईडी कॉलेज में भूजल सप्ताह के समापन पर हुई प्रतियोगिताएं, छात्रों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


वाईडी कॉलेज में प्राचार्य संग मौजूद विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार

- **विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर जल संरक्षण के लिए किया गया प्रेरित**

**अमृत विचारः** भूजल सप्ताह के तहत वाईडी कॉलेज में सोमवार को विभिन्न संकायों के छात्र छात्राओं के मध्यम निबंध, पोस्टर एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता हुई। निबंध में यशवर्धन अग्रवाल प्रथम, अभिषेक मिश्रा द्वितीय रहीं।

पोस्टर में प्रज्ञा कश्यप प्रथम, श्रद्धा अवस्थी द्वितीय रहीं। वहीं भूजल स्लोगन राइटिंग में साक्षी अवस्थी प्रथम शिवानी द्वितीय रहीं। विजेता छात्र छात्राओं को प्राचार्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने बताया कि जल की एक-एक बूंद कीमती है। इसलिए हर बूंद को संरक्षित करने की जरूरत है। भूजल संरक्षण जागरूकता अभियान के नोडल सतेंद्र पाल सिंह ने कहा कि भूजल के भंडार सीमित हैं। भूजल संरक्षण ही भूजल उत्पादन हैं जो कि प्रकृति में जलचक्र के प्राकृतिक प्रवाह के लिये अत्यन्त आवश्यक है। इसलिए हमें ग्राउंड वाटर हार्वेस्टिंग, न्याय संगत जल उपयोग, रासायनिक उर्वरकों एवं पेस्टीसाइड का उपयोग कम करके वनों का कटान रोकना होगा।

निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक बाजपेई, राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ वर्मा, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बृजेश शुक्ला व रसायन शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विनयतोष गौतम रह। अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर ज्योति पंत सहित समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# 5 दिन में भी नहीं बदला गया फुंका ट्रांसफार्मर

संवाददाता, बेलरायां

**अमृत विचारः** बिजली उपकेंद्र सिंगाही के अफसरों के लिए मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री का आदेश कोई मायने नहीं रखता है। गांव भैरमपुर में पांच दिन पहले फुंके ट्रांसफार्मर को बिजली कर्मचारी खोल तो ले गए, लेकिन दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने की सुधि नहीं ली। इससे पांच दिनों से उपभोक्ता अंधेरे में रह रहे हैं। नाराज उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो वह लोग उपकेंद्र का घेराव कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

थाना सिंगाही का गांव भैरमपुर दुधवा टाइगर रिजर्व से सटा हुआ है। पार्क से निकलकर गांव तक जंगली जानवर आ जाते हैं, जिनसे जानमाल का खतरा बना रहता है। गांव के चौराहा पर लगा ट्रांसफार्मर पांच दिन पहले फुंक गया था। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मचारी दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने की बात कहकर उसे उतारकर ले गए, लेकिन पांच दिन बाद भी ट्रांसफार्मर को नहीं लगाया गया है। इससे पूरा गांव अंधेरे में है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि दो दिन के भीतर ट्रांसफार्मर नहीं लगा तो सैकड़ों ग्रामीण सिंगाही उपकेंद्र पहुंचकर धरना देंगे।

# प्लेटफार्म नंबर एक से हटी मालगाड़ी, कम हुई यात्रियों की मुसीबत

## एक नंबर पर मालगाड़ी खड़ी रहने से मुसाफिरों की बढ़ गई थी मुश्किलें, दिव्यांग, बुजुर्ग को सीढ़ियां चढ़ने में हो रही दिक्कत

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


मालगाड़ी हटने के बाद सुगम हुआ यात्रियों का आवागमन। अमृत विचार


प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ी बढ़ा रही यात्रियों की मुश्किलें

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक से मालगाड़ी हटने से यात्रियों को काफी राहत मिली है। हालांकि एक नंबर प्लेटफार्म पर हो रहे निर्माण कार्य की वजह ट्रेनों का संचालन दो नंबर से ही होता है। इसके बावजूद बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग मुसाफिरों को सीढ़ियां चढ़ने से निजात मिली है। एक नंबर पर मालगाड़ी न होने से तीमारदार ट्रेन आने पर चलने फिरने में असमर्थ परिजनों को गोद में उठाकर ट्रेन में बैठा रहे हैं। जबकि मालगाड़ी खड़ी होने की वजह से सीढ़ियां चढ़कर जाने में हांफने लगते हैं।

यात्रियों को मालगाड़ी की वजह से होने वाली असुविधाओं को लेकर अमृत विचार अखबार ने बृहस्पतिवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसका संज्ञान लेकर रेलवे अधिकारियों ने मालगाड़ी को लखीमपुर से हटवाकर हरगांव में खड़ा करवा दिया है। मालगाड़ी के हटने से यात्रियों को ही नहीं, बल्कि रेलवे स्टाफ से लेकर कैंटीन आदि चलाने वालों को राहत मिली है। नंबर एक पर निर्माण कार्य होने की वजह से ट्रेनों का संचालन दो और तीन नंबर प्लेटफार्म से हो रहा है। मगर, मालगाड़ी के हटने से मुसाफिरों खासकर बीमार, दिव्यांग और बुजुर्गों को सीढ़ियां चढ़ने से निजात मिल गई है। अब परिजन ट्रेन आने पर चलने में असमर्थ अपनों को एक नंबर से गोद में उठाकर पटरी लांघ पर दो नंबर पर आई ट्रेन में आसानी से बैठा देते हैं। वहीं, यात्रियों को टिकट लेने के बाद ट्रेन छूटने के झंझट से भी निजात मिल गई है।

**खाने पीने से लेकर पेयजल तक की थी दिक्कत :** मालगाड़ी खड़ी रहने से यात्रियों को तमाम असुविधा दी। प्लेटफार्म नंबर पर दो न तो शीतल पेयजल का इंतजाम है और न ही कैंटीन का। ऐसे में मालगाड़ी खड़ी होने की वजह से बच्चों से लेकर बुजुर्ग और बीमारों को ठंडे पानी तक के लिए तरसना पड़ता था।

# कार्यालय में घुसकर प्रबंधक को पीटा

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** शहर में स्थित ओला इलेक्ट्रिक इक्सप्रेरियन्स सेंटर शाखा में घुसे हमलावरों ने प्रबंधक और कर्मचारियों के साथ जमकर पिटाई कर दी। शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी गिरजा शंकर मिश्रा ने बताया कि वह ओला इलेक्ट्रिक इक्सप्रेरियन्स सेंटर शाखा लखीमपुर खीरी में प्रबन्धक हैं। रविवार की शाम राजापुर निवासी सुबोध सिंह उर्फ जिप्पी अपने साथी रवि राज व अन्य अपने अज्ञात साथियों के साथ ऑफिस में घुस आए। उनके और मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर मोबाइल व लैपटॉप तोड दिया। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# खनन व गलत ढंग से जमीन खरीदने के आरोपों से घिरे भाजपा विधायक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सिख पिता-पुत्र ने लगाया गलत तरीके से 17 एकड़ जमीन खरीदने का आरोप
- किसान यूनियन नेता ने कहा था, शारदा नदी की धारा बदल दी

**अमृत विचारः** भाजपा के पलिया विधायक रोमी साहनी पर इन दिनों हर रोज नया आरोप लग रहा है। अब सिख पिता पुत्र ने आपसी विवाद का फायदा उठाकर विधायक पर गलत तरीके से 17 एकड़ जमीन खरीदने का आरोप लगाया है। पिता पुत्र का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें कि इससे पहले अधिवक्ता रामचंद्र गौतम ने विधायक पर अवैध खनन सहित संगीन आरोप लगाए। फिर विधायक और अधिवक्ता के बीच जुबानी जंग चर्चा में आई। भारतीय किसान यूनियन अवध के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने भी विधायक पर अवैध खनन करके शारदा नदी की धारा मोड़ने का आरोप लगाया था। इन दिनों भाजपा विधायक पर लग रहे आरोप चर्चा का केन्द्र बन गए हैं।

पलिया क्षेत्र के गांव मकनपुर निवासी हरपाल सिंह ने अपने पुत्र के साथ आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया कि उनकी और उनके भाई लाभ सिंह की यहां और पंजाब दोनों जगह जमीन है। लाभ सिंह जब पंजाब वापस गए तो उनका आपसी बंटवारा हुआ, जिसमें उनकी जमीन पर उसका कब्जा है। आरोप है कि विधायक का उनके घर आना जाना है। इससे विधायक को पूरी बात पता थी। जब लाभ सिंह की मौत हो गई और जमीन बच्चों के नाम दर्ज की गई तो उन्होंने उनके बच्चों से 17 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करा ली। अब उन्हें पता चला तो उन्होंने वाद दायर कर दिया है। वर्तमान में जमीन उनके कब्जे में है, न कि क्रेता अथवा विक्रेता के। इससे पहले 20 जुलाई को भाकियू अवध के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव का अपने समर्थकों के साथ का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहा है, जिसमें उन्होंने विधायक पर खनन करके शारदा नदी की धारा मोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि खनन का जो आरोप लगाता है विधायक उस पर मुकदमा लिखा देते हैं।

### मेरे खिलाफ साजिश पर जनता मेरे साथ : विधायक



भाजपा विधायक रोमी साहनी का कहना है कि मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश के तहत आरोप बाजी कराई जा रही है। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। मेरे ऊपर आरोप लगाने वाले अधिवक्ता, किसान और प्रधान सभी विपक्षी गुट के हैं, जो मुझे बदनाम करना चाहते हैं। पलिया की जनता के सुख दुख में हर समय साथ खड़ा हूं और पलिया की गरीब जनता मेरे साथ है।

### साथी पर दर्ज एफआईआर के विरोध में अधिवक्ता लामबंद



एएसपी पूर्वी को ज्ञापन सौंते अधिवक्ता।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। **अमृत विचार :** मानवाधिकार सुरक्षा समिति के संयोजक और जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री अजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में वकीलों ने साथी अधिवक्ता रामचंद्र गौतम पर दर्ज झूठी एफआईआर की निंदा की और एसपी को संबोधित ज्ञापन में दर्ज एफआईआर को तत्काल एक्सपंज कर वापस करने की मांग की है। वकीलों ने सोमवार को एएसपी पूर्वी पवन गौतम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर आदर्श कुमार, मुकेश कुमार, देशराज वर्मा, रामप्रवेश, विनोद कुमार आदि वकील मौजूद रहे।

### कब क्या हुआ

**13 जुलाई**– अधिवक्ता रामचंद्र विधायक पर अवैध खनन करने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया।

**18 जुलाई**– विधायक ने अधिवक्ता पर दर्ज आपराधिक मुकदमो की जानकारी देते हुए वीडियो वायरल किया।

**18 जुलाई**– विधायक के वीडियो वायरल करने पर अधिवक्ता ने फिर आरोप लगाते हुए अपना वीडियो वायरल किया।

**20 जुलाई**– भारतीय किसान यूनियन अवध के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने विधायक पर अवैध खनन कर शारदा नदी की धारा मोड़ने के आरोप का वीडियो वायरल किया।

**22 जुलाई**– सिख पिता पुत्र ने गलत तरीके से 17 एकड़ जमीन खरीदने का आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया।

# परिजनों ने रोका अंतिम संस्कार, दौड़े अफसर

## कावड़िये की मौत पर प्रशासन से कर रहे थे आर्थिक मदद की मांग, नायब तहसीलदार के आश्वासन पर हुई अंत्येष्टि

संवाददाता, सिंगाही



गांव ऐली में रोते-बिलखती मृतक के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सड़क हादसे में मारे गए कांवड़िए का शव पोस्टमार्टम के बाद जब उसके गांव ऐली पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण उसके घर पर पहुंच गए। परिजनों ने शव की अंतेष्टि करने से मना कर आर्थिक मदद और वाहन को बरामद कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सूचना पाकर नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ गांव पहुंचे। नायब तहसीलदार ने परिवार वालों को ढांढस बंधाया और उन्हें आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन माने और शव की अंतेष्टि की।

गांव ऐली से कांवड़ियों की एक टोली छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जलाभिषेक करने जा रही थी। शनिवार को रात अधिक होने पर सभी कांवड़िया थाना फरधान क्षेत्र के एक कॉलेज में ठहर गए। कांवडियों के दल में शामिल गांव का बीरबल (45) रविवार की तड़के करीब तीन बजे लघुशंका के लिए गया था। इसी बीच पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद सोनवार को उसका शव गांव लाया गया। शव पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। तमाम ग्रामीणों की भीड़ भी मृतक के घर पर जुट गई। साथी कांवडियों और परिवार वालों ने आर्थिक सहायता और हादसा करने वाले वाहन और उसके चालक की गिरफ्तारी की मांगों को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इसकी जानकारी होते ही प्रभारी निरीक्षक सिंगाही अमित कुमार भदौरिया और नायब तहसीलदार हरिराम फोर्स के साथ गांव पहुंचे। पीड़ित परिवार से बातचीत की। नायब तहसीलदार ने हर संभव सरकारी मदद व सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। तब परिजन मान गए और शव का पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया।

> परिजनों और कांवडियों की टोली को समझ कर प्रशासन की निगरानी में अंतिम संस्कार करा दिया गया है। सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता की धनराशि कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद मृतक के परिजनों के खाते में भेजी जाएगी।
>
> –हरिराम, नायब तहसीलदार, निघासन

## तेजी से कराएं मिल की मरम्मत का कार्य

**संपूर्णानगर। अमृत विचारः** खीरी-पीलीभीत परिक्षेत्र की किसान सहकारी चीनी मिल सम्पूर्णानगर की नवनियुक्त प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव ने सोमवार को पूजा पाठ किया। इसके बाद मिल पर रोला रखवाया।

प्रबंधक ने मिल कर्मियों को निर्देश दिए कि मिल की मरम्मत के कार्य में तेजी लाएं ताकि नवीन पेराई सत्र का शुभारम्भ समय से शुरू हो सके। मिल कर्मियों को मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की हीला हवाली से बचने की सलाह दी है। इस दौरान मुख्य अभियंता साधू सरण, मुख्य रसायनविद विजय सिंह, मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान यादव, विधुत अभियंता आशीष यादव सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाने गई महिला लेखपाल से अभद्रता, केस

संवाददाता, धौरहरा

- बीएनएस की धाराओं में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** खमरिया थाना क्षेत्र के गांव लाखुन में सरकारी जमीन, चक मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटवाने गई महिला लेखपाल से दबंगों ने गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। महिला लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने एनबीएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव लाखुन के कुछ लोगों ने थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया था और गांव के कुछ लोगों पर चक मार्ग और सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने का आरोप लगाया था। शिकायत पर अतिक्रमण हटवाने गई हल्का महिला लेखपाल जैनब से गांव का ही पिंटू उर्फ सुमित और रमेश पुत्र बाबूराम ने गाली गलौज की और महिला लेखपाल पर हमलावर हो गए। लेखपाल जैनब के मुताबिक आरोपियों ने चक मार्ग सरकारी जमीन गाटा संख्या 1602 रक्बा 0.60 हेक्टेयर पर सुमित और रमेश ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। शिकायत पर अतिक्रमण हटाने गई तो दोनों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए, गालीगलौज और अभद्रता की। मामले में खमरिया पुलिस ने महिला लेखपाल की तहरीर पर दो लोगों के

# हादसों में दो महिलाओं समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। थाना खमरिया क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दो हादसे हुए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। थाना गोला क्षेत्र में एक महिला की जान चली गई। वहीं दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घायल बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत

**धौरहरा।** सीतापुर जिले के थाना व कस्बा तंबौर निवासी मोहरदेई (74) पत्नी लालजी 14 जुलाई को खमरिया से अपने मायके मटेहनी पैदल जा रही थी। तभी आर्यावर्त बैंक मडवा के पास बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे सीएचसी खमरिया भेजा, जहां डाक्टर ने जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया। जहां से इलाज के बाद घर लाते समय रविवार को मौत हो गई। मृतका के पुत्र राम लखन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीतापुर के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**उचौलिया। अमृत विचार :** सीतापुर जिले के थाना तालगांव के गांव पट्टी सेवई निवासी सुधीर कुमार पुत्र त्रिभुवन और रिंकू पुत्र राम भूषण हरिद्वार में नौकरी करते हैं। सुधीर अपनी बीमार भतीजी को देखने के लिए हरिद्वार से रिंकू के साथ बाइक से अपने गांव जा रहे थे कि हाइवे पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से सुधीर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की सहायता से घायल रिंकू को सीएचसी पसगवां भेजा गया। आंख में चोट के चलते उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया, लेकिन उसके परिवारी जन उसे सीतापुर ले गए। दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। चालक और परिचालक ट्रक छोड़कर फरार हो गए। मृतक के भाई सुनील कुमार ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**रजागंज।** गोला-लखीमपुर मार्ग पर गांव करनपुर के हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे पैदल चल रही मानसिक विक्षिप्त महिला को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। पड़ोस के मकान स्वामी देवेन्द्र मिश्रा ने हादसे की सूचना गोला कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे हल्का दरोगा राजन कुमार ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पहचान के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

# बाढ़ को लेकर व्यापार मंडल ने की बैठक

संवाददाता, पलिया कलां



बैठक को संबोधित करते व्यापार मंडल अध्यक्ष। अमृत विचार

- पदाधिकारियों ने समस्या से निजात पाने को लेकर की चर्चा

**अमृत विचारः** शारदा नदी की बाढ़ से क्षेत्र में आई तबाही और रास्ते बंद जैसी समस्या को लेकर नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के पदाधिकारियों ने सोमवार को एक बैठक की और समस्या से निजात पाने के लिए विचार-विमर्श किया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि जिस तरीके से शारदा नदी ने अपना रुख पलिया की ओर मोड़ा है। रेलवे मार्ग का कटान कर पलिया- भीरा मार्ग को भी क्षतिग्रस्त किया है। इसका असर व्यापार पर भी सीधे तौर पर पड़ा है। यदि जल्द ही रेलवे लाइन पर बांध नहीं बनाया गया तो आगे की बारिश में यातायात और प्रभावित होने के कारण व्यापार पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। महामंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि अगर हम सब ने मिलकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो आगे आने वाले समय में पलिया क्षेत्र की बर्बादी तय है। राजेश गुप्ता ने कहा कि सुहेली नदी में नेपाल की तरफ से आ रहे पानी से भी काफी नुकसान हो रहा है। उसकी सिल्ट निकाल कर दोनों तरफ तदबंध बनाए जांए। बैठक को जसवीर फ्लोरा, विजय गुप्ता, श्रीकृष्ण सिंघल ,रमेश बाजपेई, फिरोज खान, धनेंद्र शुक्ला आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान नारायण दास, अंग्रेज सिंह, हरविंदर सिंह, तरसेम सिंह, सतनाम सिंह, आदित्य मौर्य आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### दो दिन पूर्व पानी में बहे युवक का शव बरामद

**पलिया कलां। अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर स्थित पैरवा ताल में 2 दिन पूर्व नहाने गए थाना संपूर्णानगर के गांव सुमेर नगर निवासी युवक का शव गोताखोरों ने सोमवार दोपहर बरामद कर लिया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। गांव सुमेर नगर निवासी बबलू (42) पुत्र सुशील अपने किसी मित्र के साथ निकटवर्ती नेपाल सीमा पर स्थित पैरवाताल में शनिवार की दोपहर नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्त ने आकर उसके घर सूचना दी तो परिवार के सदस्य परेशान हो गए। परिजनों की सूचना पर तमाम ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने गोताखोरों के साथ युवक की ताल में तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार की दोपहर बाद गोताखोरों ने उसके शव को ढूंढ निकाला और पुलिस को सूचना दी।

# डिप्टी सीएमओ के निरीक्षण में नौ स्वास्थ्य कर्मी नदारद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डिप्टी सीएमओ ने सोमवार को पीएचसी उचौलिया, सीएचसी मोहम्मदी और पसगवां के अलावा गोला में सावन मेले को लेकर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर से लेकर कई स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिल। इनको नोटिस जारी कर जवाब तलब होगा।

डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि औचक निरीक्षण में दो सीएचसी और एक पीएचसी पर डॉक्टर सहित नौ कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इनसे स्पष्टीकरण तलब होगा और उसके बाद विभागीय कार्यवाही होगी। स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उधर, सावन मेले में मंदिर प्रांगण में लगे स्वास्थ्य शिविर के औचक निरीक्षण में डॉक्टर सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित मिले। दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में मिली। डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोपहर तक सात मरीज देखे गए, जिसमें बुखार से लेकर उल्टी एवं दस्त के पीड़ित थे। गौरव श्रीवास्तव, संजय अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# ईंटों से प्रहार कर छात्र का सिर फोड़ा, परिजनों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर से सटे गांव सलेमपुर के मोहल्ला बीनापुरम में कुछ लोगों ने रविवार की देर रात एक घर पर धावा बोल दिया और बीएससी कृषि के छात्र, उसके भाई और पिता को भी जमकर मारापीटा। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्र ने हमलावरों पर पिता को जान से मार देने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला बीनापुरम निवासी गौरव पाल पुत्र योगेन्द्र कुमार ने बताया कि वह बीएससी कृषि का छात्र है। रविवार की रात वह अपने घर पर पढ़ाई कर रहा था। पढ़ने के बाद ताला डालने के लिये बाहर आया। तभी रात को लगभग 9 बजे के करीब अरविन्द कुमार और उनके साले रितेश कुमार ने उसे पकड़ लिया और मारने पीटने लगे। शोर शराबा सुनकर बड़ा भाई प्रभात पाल और पिता आए तो उन पर भी रितेश की बहन प्रिया, काजल, उनकी मां सरोजनी ने मिलकर प्रभात के हाथ में मुंह से कई जगह काट लिया। छात्र ने बताया कि एक दिन पहले भी रितेश और अरविंद ने शराब के नशे में खूब गाली गलौज की थी। उस समय भी जान से मारने की धमकी दी थी।

# इंस्पायर अवॉर्ड योजना : 22 दिन में सिर्फ 35 आवेदन

## सभी बोर्ड के छह से दस तक के छात्र-छात्राएं कर सकते हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 15 सितंबर तक आवेदन कर सकते है बच्चे

**अमृत विचारः** जिले में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के लिए आवेदन करने की रफ्तार बेहद सुस्त है। स्थिति यह है कि पिछले 22 दिन में सात विद्यालयों से मात्र 35 बच्चों ने ही ऑनलाइन आवेदन कराया है। इसकी वजह इंस्पायर अवार्ड मानक योजना को लेकर बेसिक से लेकर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का रूचि न लेना है। जबकि इसमें अधिक से अधिक छात्रों के आवेदन कराने के लिए शासन से स्कूलों में आइडिया बॉक्स लगाकर बच्चों को इसके प्रति जागरूक करना है।

इंस्पायर अवार्ड मानक योजना का उद्देश्य कक्षा छह से लेकर दस तक के विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं नवाचारी सोंच विकसित करना है। इसके लिए हर साल आवेदन करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया जाता है। इस बार स्कूलों में आइडिया बॉक्स लगवाने के निर्देश हैं, जिसमें छात्र अपने आइडिया लिखकर डाल सके और फिर शिक्षक पांच सर्वश्रेष्ठ आइडिया का चयन कर इंस्पायर अवार्ड मानक ऐप के माध्यम से पंजीकरण कराया जाया, लेकिन एक जुलाई से शुरू हुए आवेदन को 22 दिन बीत चुके हैं और अब तक मात्र सात स्कूलों से 35 छात्रों के ही आवेदन हो सकें है। जबकि एक विद्यालय से कम से कम पांच छात्रों का नामांकन करवाना अनिवार्य है।

### 53 छात्रों को मिली प्रोत्साहन राशि

योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में जिले से तीन हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण हुअसा था। इनमें से 53 छात्र-छात्राओं के मॉडल जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित हुए हैं। भारत सरकार की ओर से छात्रों के खातों में दस हजार रूपये भेजे जा रहे हैं।

> प्रत्येक विद्यालय में आइडिया बॉक्स लगवाकर नए विचार को संकलित कर पांच सर्वश्रेष्ठ आइडिया का पंजीकरण कराने के लिए प्रधानाचार्यों को निर्देशित कर दिया गया है।
>
> –डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह डीआईओएस

> उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को स्कूल में आइडिया बॉक्स लगवाने और उसमें बेस्ट आइडिया डालने के लिए बच्चों को प्रेरित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।
>
> प्रवीण कुमार तिवारी, बीएसए

## सार-संक्षेप

### छात्र संसद में शिखा अध्यक्ष और कोमल उपाध्यक्ष निर्वाचित



छात्र संसद के निर्वाचित पदाधिकारी मुख्य अतिथियों के साथ।

**संवाददाता, बरवर। अमृत विचार :** चंदन लाल विद्या मंदिर इण्टर कालेज भौनापुर में सत्र 2024-25 के लिए छात्र संसद का चुनाव संपन्न हुआ। शिखा पटेल अध्यक्ष और कोमल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई।मंत्री पद पर आरुष वर्मा, उपमंत्री आदित्य कुमार, सेनापति आशीष कुमार, उपसेनापति नितिन श्रीवास्तव को चुना गया। चुनाव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामऔतार वर्मा, सीएचसी पसगवां की अर्शकाउंसलर शालिनी पांडेय, विशिष्ट अतिथि पत्रकार स्वामी दयाल रहे। इसके अलावा सुकान्त मिश्रा व आशीष पांडेय ने पदाधिकारी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रदान की तथा नवीन दायित्व को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने की शिक्षा दी। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा, परमेश्वदीन, मोनू वर्मा, अंशुल वर्मा सहित सभी आचार्य उपस्थित रहे।

### शिक्षामित्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षामित्र। अमृत विचार

**संवाददाता, निघासन। अमृत विचार :** शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा है। ज्ञापन में परिषदीय विद्यालयों में आन-लाइन उपस्थित बंद करवाने, प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान अध्यापक के अतिरिक्त पांच शिक्षकों की नियुक्ति, छात्रानुपात में शिक्षकों की तैनाती करने, शिक्षामित्र/अनुदेशकों की गणना शिक्षकों के अनुरूप करने आदि मांगे शामिल हैं। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष शिक्षामित्र मनोज पांडेय, अंजनी कनौजिया, सचिदानंद पांडेय, सुरेन्द्र शुक्ल,गीता पांडेय, गीता देवी, किरन मिश्रा, लक्ष्मी चंद, राजेश कुमार, ब्रम्हादीन, जाबिर अली, राजेन्द्र कुमार, रामसिंह, शैलेश कुमार आदि तमाम शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### शिक्षामित्रों ने अपनी समस्याओं का सौंपा सात सूत्रीय मांगपत्र



बांकेगंज में खंड शिक्षाधिकारी के बाबू को मांगपत्र सौंपते शिक्षामित्र।

**संवाददाता, संसारपुर। अमृत विचार :** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ब्लाक बांकेगंज की तरफ से ब्लाक संसाधन केंद्र बांकेगंज में शिक्षामित्रों ने सात सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सौंपा है। सोमवार ब्लाक संसाधन केंद्र पर शिक्षामित्र एकत्रित हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित मांगपत्र खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ लेखाकार दिनेश शर्मा को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षामित्रों को अन्य राज्य की तरह उप्र में भी पक्की नौकरी प्रदान करने, समान कार्य समान वेतन, चिकित्सकीय अवकाश, महिला शिक्षामित्रों को ससुराल के पड़ोस के विद्यालय में स्थांतरित एवं रिटायरमेन्ट की आयु सीमा 62 वर्ष करने, प्रतिवर्ष 14 अवकाश सहित अन्य मांगे की गई है। इस दौरान एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष पुत्तूलाल, महामंत्री असजद खान, नन्ही देवी, सोनी चौधरी, कमलेश शंखवार, रामनरेश, रामनिवास, मोहित वर्मा, राजनरायन, विनोद वर्मा, आशा देवी आदि शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान पद के लिए जमा हुए दो नामांकन

**संवाददाता, बांकेगंज। अमृत विचार :** विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत पहाड़पुर के ग्राम प्रधान की मृत्यु के बाद रिक्त हुए पद के लिए सोमवार को दो नामांकन पत्र जमा किए गए। अन्य सात ग्राम पंचायतों के सदस्य पदों के लिए रिक्त नौ पदों में महज तीन नामांकन पत्र जमा किए गए। एआरओ शिवकुमार वर्मा ने बताया कि रिक्त पदों के लिए नामांकन पत्र सोमवार तक ही जमा किए जाने थे। पहाड़पुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान गुरलाल सिंह की मृत्यु से रिक्त पद के लिए तीन नामांकन पत्र बेचे गए, जिनमें दो नामांकन पत्र रामकुमार पुत्र मैकूलाल निवासी बुद्धापुर और राजेश कुमार पुत्र शिवरतनलाल निवासी पहाड़पुर ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। सात अन्य ग्राम पंचायतों में नौ सदस्य पद भी रिक्त थे। जिनमें शाम चार बजे तक केवल तीन सौखिया से पूनम देवी, भुड़वारा से संतराम और गीता देवी ने सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र जमा किए हैं।

### पांच ग्राम पंचायतों में सात सदस्यों के जमा हुए एकल नामांकन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।** खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्र ने बताया कि कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत चांदमऊ, निज़ामपुर, रायपुर ग्रंट, कुम्भी में एक एक और लंदनपुर ग्रट में सदस्य के तीन पदों पर चुनाव होना था। सोमवार को हुए नामांकन में सातों सदस्यों के लिए एकल नामांकन दाखिल हुए हैं, इससे पांचों ग्राम पंचायत में सातों सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन होना तय माना जा रहा है।

### कालेज में लगा आइडिया बॉक्स, पांच बच्चों का होगा पंजीकरण



कृषक समाज कालेज में आइडिया बाक्स लगवाते प्रबंधक और शिक्षक।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।** अमृत विचार : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा कक्षा छह से 10 तक के विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना नामांकन कराए जाने के लिए कृषक समाज इंटर कालेज में आइडिया बाक्स लगवाया गया है। जिसमें पांच विद्यार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा। चयनित विद्यार्थी को इंडो जापान संकुरा इंटरनेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विदेश जाने का मौका मिलेगा। विगत वर्ष जनपद खीरी से 3000 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसमें 53 विद्यार्थियों का जनपद स्तर में चयन हुआ है।

### अजबापुर चीनी मिल ने किया गन्ना सर्वे प्रदर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**संवाददाता पसगवां। अमृत विचार :** अजबापुर चीनी मिल ने आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ना विभाग के साथ गन्ना सर्वे प्रदर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया। हरियाली किसान बाजार सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सर्वे कर्मियों को गन्ना प्रदर्शन किये जाने के लिए गन्ना विभाग से निर्धारित 63 कालम के खतौनी रजिस्टर के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। खतौनी रजिस्टर में कृषक के सट्टा से संबंधित नाम पता के साथ बैंक का विवरण, मोबाइल नम्बर, आपूर्ति साधन, आपूर्ति केन्द्र, सर्वेक्षित गन्ना क्षेत्रफल, कुल कृषि योग्य भूमि का गाटावार विवरण आदि जानकारी प्रदर्शित होती है। निर्गत 63 कालम के खतौनी रजिस्टर को गन्ना पर्यवेक्षक प्रत्येक ग्राम में ले जाकर प्रदर्शन करेगा। साथ ही कृषकों की दर्ज कराई जाने वाली आपत्तियों का निस्तारण भी किया जायेगा। इस मौके पर गन्ना समिति जेबी गंज के सचिव गजेन्द्र कटियार,अजीत प्रताप सिंह नन्दलाल ने किसानों से अपील की कि वे अपना आनलाइन घोषणा-पत्र विभागीय वेबसाइट इन्क्वायरी डाट केन यूपी डाट इन पर अवश्य भरें। घोषणा पत्र के अभाव में सट्टा संचालित नहीं होगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसानों को अपने गन्ना सर्वे में किसी भी प्रकार का कोई भी संशोधन कराना है, तो प्रदर्शन के समय ही आवेदन कर संशोधन करवा लें। पेराई सत्र प्रारम्भ होने के बाद कोई भी संशोधन संभव नहीं हो पायेगा। इकाई प्रमुख कुलदीप सिंह ने भी संबोधित किया। गन्ना महाप्रबंधक विवेक तिवारी, रीजनल हेड ए .सिद्दीकी, रमेश चौधरी, अनिल सिंह चौहान ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चीनी मिल के अन्य गन्ना विभाग के कर्मचारी और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नौ वर्षीय बालक का पड़ा मिला शव, हत्या का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में एक नौ वर्षीय बालक की गला दबाकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी शाहाबाद तथा प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी लाल उर्फ मिथिलेश त्रिवेदी का पुत्र रौनक का शव दोपहर 2 बजे गांव के प्राइमरी पाठशाला के पास पड़ा मिला है। प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद राजदेव मिश्रा ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। गांव के दीपू पर हत्या का आरोप लगाया गया है।

### सरकारी भूमि पर कब्जा व पेड़ बेचने का लगाया आरोप

**बिलग्राम, हरदोई।** तहसील क्षेत्र के तेरवा कुल्ली परगना कछन्दऊ के ग्रामीणों ने गांव में सरकारी जमीन पर खड़े पेड़ों को काटने व जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। सोमवार को तहसील समाधान दिवस में ग्रामीणों ने पहुंच कर बताया कि ग्राम तेरवा कुल्ली में नवीन पर्ती भूमि पर खड़े पेड़ो को कुछ लोगों ने काट लिया। इसके अलावा सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं।

# भूमाफिया के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : डीएम

## समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, जनता से अच्छा व्यवहार करें पुलिसकर्मी : पुलिस अधीक्षक

संवाददाता, सवायजपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील सवायजपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए गांव के गरीब लोगों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित कराएं। नियमित प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराएं और आईजीआरएस की पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित तिथि तक निस्तारण अवश्य करा दें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जो की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नायब तहसीलदार, कानूनगों तथा लेखपालों को निर्देश दिये कि जिन गांवों से अवैध कब्जों की शिकायतें आयी है उन गांवों का एक रोस्टर बनाकर पुलिस टीम के साथ जाये तथा सरकारी एवं गरीबों की भूमि का चिहिंकान करें और सभी भूमि कब्जा मुक्त करायें एवं कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर एफआईआर दर्ज कराते हुए कार्यवाही करें।

अन्य विभागों की प्राप्त शिकायती पत्रों पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों का निस्तारण समय पर करायें तथा विभागीय योजनाओं को रूचि लेकर समय पर पूरा करें, अन्यथा शिकायतों के निस्तारण एवं विभागीय कार्यो में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने पर संबंधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शान्ति एवं भाईचारा बनाये रखने के लिए आम जनता से अच्छा व्यवहार करने के साथ थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलायें।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार समाधान दिवस में 35 लोगों ने अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर अपनी फरियाद के निस्तारण की गुहार लगाई। बिलग्राम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिला मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान एएसपी न्रपेन्दृ कुमार उपजिलाधिकारी राकेश सिंह ने भी शिकायतों को सुना कुल 35 शिकायतें अधिकारियों के समक्ष पेश हुईं। जिनमें से सिर्फ एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शेष शिकायतों को सीडीओ सौम्या गुरुरानी व एएसपी न्रपेन्दृ ने विभागीय अधिकारियों को सौंप कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। सण्डीला संवाददाता के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को नई तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमे एडीएम प्रियंका सिंह व एसडीएम तान्या सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। समाधान दिवस में कुल 48 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे किसी भी शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया। एडीएम ने जन शिकायतों को सुनकर शीघ्र ही निस्तारण करने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त टीम के माध्यम से भूमि विवादों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ शिल्पा कुमारी, तहसीलदार आकांक्षा जोशी, नायब तहसीलदार देवानंद श्रीवास्तव सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।



संडीला में शिकायतें सुनतीं एडीएम व एसडीएम। अमृत विचार

### लेखपालों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सण्डीला।** लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर हुए जानलेवा हमले मे पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न किए जाने से नाराज लेखपालो ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, मंत्री रितेश यादव व अन्य लेखपालों ने बताया है पांच जुलाई को हुए जानलेवा हमले मे राजस्व निरीक्षक राघवेंद्र मिश्रा द्वारा प्रथम रिपोर्ट पंजीकृत कराए जाने के उपरांत अब तक अभियुक्तों की गिरफ़्तारी नहीं हुई है। इस जानलेवा हमले में गिरजा शंकर लेखपाल व राघवेंद्र मिश्रा राजस्व निरीक्षक घायल हो गए थे। गिरफ्तारी न होने के संबंध में 9 व 12 जुलाई को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था किंतु आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है जिससे लेखपाल संघ मे काफी रोष व्याप्त है। उक्त प्रकरण मे जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो, अन्यथा सभी लेखपाल आगामी 26 जुलाई को अपने कार्यो का बहिष्कार करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी तहसील व जिला प्रशासन की होंगी।

### रुड़की में हुई गोली मारकर हत्या, घर पहुंचा युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** नोएडा में ओला टैक्सी चला रहे युवक की रुड़की में गोली मार कर हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार को वहां से बरामद किया गया था। सोमवार को उसका शव गांव पहुंचा तो वहां हर तरफ कोहराम बरपा हो गया। हरियावां थाने के भदेउरा गांव निवासी 25 वर्षीय चन्द्र पाल नोएडा में ओला की टैक्सी चलाता था और वहीं सेक्टर-4 में रहता था। वह अपनी भतीजी की गोद भराई में गांव आया हुआ था। जहां से 17 को वापस चला गया था। उसके घर वालों का कहना है कि शनिवार को उसे दिल्ली से हरिद्वार की बुकिंग मिली थी। रविवार की सुबह रुड़की पुलिस ने चन्द्र पाल का हाई-वे के किनारे शव पड़ा होने की सूचना दी। उसकी गोली मार कर हत्या की गई। सोमवार को जब उसका शव गांव पहुंचा तो वहां हर तरफ कोहराम बरपा मच हो गया। गांव वाले इस बात को लेकर चर्चा करते दिखे कि आखिर चन्द्र पाल की हत्या के पीछे क्या वजह हो सकती है।

# आखिर बदल गया फुंका ट्रांसफार्मर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 22 दिन बीत चुके थे, ट्रांसफार्मर फुंक जाने से बाज़पुर नकटौरा की बत्ती गुल थी। वहां के लोगों ने इस बारे में बात की तो उनसे 15 हज़ार रुपये की मांग की गई, जेई ने तो इतना तक कह दिया था कि जो कहा गया, वही करो, यानी रुपये दो..। उसके बाद 'अमृत विचार' आगे आया और नियमों के बदलाव का हवाला देते हुए जो खबर छापी, उसके बाद ज़िम्मेदारों की नींद टूटी और 23 वें दिन वहां की बिजली बहाल हो सकी।

बताते चलें कि सवायजपुर पॉवर हाउस के सहिजना फीडर से नकटौरा पुलिया पर रखे ट्रांसफार्मर से वहां के तकरीबन दो सैकड़ा घरों में बिजली जाती है। वही ट्रांसफार्मर फुंक गया था, जिससे वहां के लोगों का हाल बेहाल हो गया। इसके लिए उन्होंने बात की तो उनसे कहा गया कि ट्रांसफार्मर बदलने में 15 हज़ार का खर्चा आएगा।

इस बारे में जेई प्रभात कुमार से कहा गया तो उन्होंने भी वही बात कही कि जो कहा गया, वही सही है। जेई ने साफ कर दिया कि बगैर लिए-दिए कुछ होने वाला नहीं है। फिर उसके बाद मामला 'अमृत विचार' के पाले में पहुंचा और अखबार की सुर्खियां बना, उसके बाद ज़िम्मेदारों की नींद टूटी और उसके बाद 23 वें दिन बाज़पुर नकटौरा की बिजली बहाल हुई और बेहाल लोगों को राहत पहुंची।


बदला गया फुंका ट्रांसफार्मर।

### लोग बोले- थैंक्स अमृत विचार

बिजली के बिना बाज़पुर नकटौरा के लोग बेहाल हो चुके थे, उनका सारा काम-धंधा चौपट हो गया। लेकिन उसी बीच 'अमृत विचार' उनकी आवाज़ बन कर सामने आया और ज़िम्मेदारों को उनकी ज़िम्मेदारी की याद दिलाई। बिजली बहाल होने के बाद बाज़पुर नकटौरा के लोग 'अमृत विचार' को थैंक्स बोलते नहीं थक रहें हैं।

### बिजली कटौती के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** सरकार एक तरफ ग्रामीण इलाकों में 18 घण्टे विद्युत आपूर्ति का वादा कर रही हैं, वहीं कुछ सरकारी मुलाजिमों की मनमानी के चलते ग्रामीणों को एक घण्टे भी बिजली मिलना मुश्किल हो गया है। बताते चलें कि विधुत उपकेन्द्र बेनीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर निवासी ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र में बताया कि विद्युत उपकेन्द्र बेनीगंज में तैनात अवर अभियंता द्वारा मनमानी करते हुए ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर में सरकार के मन्शानुरुप विद्युत आपूर्ति नही दी जा रही, शिकायत करने के लिए जब उनके सीयूजी नम्बर पर काल की जाती है तो वह काल रिसीव करना भी मुनासिब नहीं समझते और अगर रिसीव भी कर लेते है तो कोई उचित जवाब नहीं देते हैं, जिस कारण इस भीषण गर्मी में भी हम ग्रामवासियों को बिजली नही मिल पा रही है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पूर्व मंत्री के पौत्र व पूर्व विधायक के पुत्र का बीमार के चलते निधन

**हरदोई, अमृत विचार।** पूर्व मंत्री के पौत्र व पूर्व विधायक के पुत्र रीतेश वर्मा का लंबी बीमारी के चलते पीजीआई लखनऊ में निधन हो गया। इसका पता होते ही उनके समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। साथ पार्टियों के नेताओं ने वहां पहुंच कर पूर्व विधायक के दिवंगत पुत्र को श्रद्धांजलि दी। बताया गया है कि पूर्व मंत्री परमाई लाल के पौत्र व पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी के पुत्र रीतेश वर्मा का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। इसका पता चलते ही पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक के समर्थक उनके पेनीपुरवा स्थित आवास पर भीड़ जुटने लगी। कई पार्टियों के नेताओ ने पूर्व विधायक के घर पहुंच कर दिवंगत श्री वर्मा को श्रद्धांजलि दी, साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बताते चलें कि पूर्व विधायक के दो पुत्रों में रीतेश वर्मा बड़े थे, जबकि छोटे पुत्र आकाश वर्मा अहिरोरी से ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं।





### सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला

**हरदोई, अमृत विचार।** दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में योग्यता आधारित मूल्यांकन पर चर्चा की गई, जिससे हरदोई और उसके आसपास के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों से पंजीकृत शिक्षकों में बहुत जरूरी जागरूकता आई। संसाधन व्यक्ति मांडवी त्रिपाठी प्रिंसिपल लिप्स और नीलम अवस्थी प्रिंसिपल बीपीएस पब्लिक स्कूल ने शिक्षण और मूल्यांकन की अवधारणा और प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए साक्ष्य और विभिन्न उदाहरणों के साथ विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने ब्लूम के वर्गीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे प्रतिभागी शिक्षकों में किसी भी मूल्यांकन की जटिल मांगों को पूरा करने और अपने छात्रों के व्यक्तित्व को आकार देने में डर को दूर करने का आत्मविश्वास पैदा हुआ। 21वीं सदी की शिक्षा में योग्यता आधारित मूल्यांकन के महत्व को समझने के लिए पीआईएसए में भारत की भागीदारी और शिक्षकों की भूमिका का उल्लेख सार्थक रहा। दो दिवसीय सत्र में विभिन्न प्रदर्शनों, शारीरिक गतिविधियों और कहानी सुनाने के सत्रों को तैयार करने में शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य मौसमी तथा टीम ने नाश्ते तथा दोपहर के भोजन के दौरान उपस्थित लोगों को सुखद आतिथ्य प्रदान किया, साथ ही समापन चाय का भी प्रबंध किया, जैसा कि संसाधन व्यक्तियों द्वारा स्वीकार किया गया।

### कांस्टेबल पर दुष्कर्म व धमकाने में केस दर्ज, आरोपी हुआ लापता

**हरदोई, अमृत विचार।** मुरादाबाद पुलिस ने पाली थाने में तैनात कांस्टेबल के खिलाफ जबरन रेप और ब्लैकमेल करने का केस दर्ज होने के बाद आरोपी छुट्टी लेकर गायब हो गया। उसकी कोई लोकेशन नहीं मिल पा रही है। मुरादाबाद ज़िले के एक युवती ने भोजपुर थाने में पाली थाने में तैनात कांस्टेबल सोनू कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उसका आरोप है कि सोनू उसी के गांव का है, उसने चाकू की नोंक पर पहले तो रेप किया और उसका वीडियो बनाया और उसी वीडियो से उसे ब्लैकमेल करने लगा। युवती की शादी तय हुई तो कांस्टेबल ने उसके मंगेतर को वही वीडियो भेज दिया, जिससे मंगेतर ने शादी से इंकार कर दिया। इस तरह शादी टूटने से आहत हुई युवती भोजपुर थाने पहुंची और उसके खिलाफ केस दर्ज कराया है। इधर सोनू कुमार थाने से दो दिन की छुट्टी पर चला गया और अब लापता है।

### इमरजेंसी में घुसकर डॉक्टर की पिटाई करने वाला गिरफ्तार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने सीएचसी की इमरजेंसी में घुस कर डाक्टर की पिटाई करने वाले हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। खुद को रिटायर फौजी बताने वाले हमलावर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। बताते चलें कि रविवार की रात बिलग्राम सीएचसी की इमरजेंसी में डा. लियाकत ड्यूटी कर रहे थे, उसी बीच वहां पहुंचे उमेश चंद्र द्विवेदी निवासी बरगावां जो कि खुद को रिटायर फौजी बता रहा था, डा.लियाकत से झगड़ने लगा, उसी बीच वहां राउंड रहे डा. रविकांत शर्मा शोर सुन कर इमरजेंसी में दाखिल हुए, उसी बीच उमेश ने उन्हे न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि उनकी पिटाई करने लगा। डाक्टर पर तरह हमला किए जाने के विरोध में सीएचसी की ओपीडी में तालाबंदी हो गई। डा.शर्मा वहां से अपनी जान बचा कर भागे तो उसने उनकी दौड़ाते हुए पिटाई कर दी। पुलिस ने डा.शर्मा की तहरीर पर उमेश चंद्र द्विवेदी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के अलावा कई धाराओं में केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार भी कर लिया। इसकी जांच सीओ बिलग्राम को सौंपी गई है। सीएचसी अधीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि मारपीट की बात संज्ञान में आई है। कुछ देर के लिए इमरजेंसी सेवा बंद की गई थी जिसको कुछ देर बाद चालू करा दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुशवाहा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है जांच कर आरोपी पर कार्यवाही की जाएगी।


घायल डॉक्टर।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **वीरपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह, निवासी–ग्राम–विश्रामपुर, पोस्ट व थाना–कागारोल, जिला–आगरा उ0प्र0** मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश पुत्री का नाम प्रतीग्या व जन्म तिथि 01–01–2008 अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री के हाईस्कूल प्रमाण–पत्र में उसका नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09–07–2008 अंकित है। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम प्रतिभा कुमारी है, एवम् उसकी वास्तविक जन्मतिथि 09–07–2008 है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर उसका सही नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09–07–2008 अंकित किया जाय।

**सूचना**
यह कि मेरे भाई मनोज उर्फ रूकसार पुत्र अख्यतार अली का चाल चलन सही न होने के कारण उससे संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। – **इस्माद अली पुत्र अख्यतार अली नि. फकिरपुरा, मौ. बहोसी, थाना इंदरगढ़, कन्नौज।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मरियम रफी पुत्री मो. रफी** Mohd Rafi **542/के. बी. 21 गेट नंबर 2 किशोर बिहार कालोनी कैम्पबेल रोड लखनऊ** की हूँ। मेरे आंधार कार्ड, स्कूल की मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) व रफी मलिक (Rafi Malik) दर्ज हो गया है जोकि गलत है। यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर पिता का नाम मो0 रफी (Mohd Rafi) दर्ज है जोकि सत्य व सही है। मेरे पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) मार्कशीट में दर्ज हो गया है। उसको मो0 रफी (Mohd Rafi) किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **राधिका सिंह पत्नी स्व0 किरन शंकर सिंह, निवासी–213 महाजनीटोला अयोध्या थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,** मेरी एक विवाहित पुत्री व चार पुत्र है जिनमें से तीसरे नम्बर के पुत्र एवं पुत्रवधू श्रीमती दुर्गेन्द्र पत्नी वैभव सिंह, निवासी– 18 हरदासपुर थाना हंसवर अम्बेडकनगर से काफी मानसिक रूप से हैरान व परेशान रहती हूँ इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मैं व मेरी पुत्री व मेरे अन्य पुत्रों से कोई वास्ता व सरोकार नही है न होगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शरीफउद्दीन पुत्र स्व फजल अहमद निवासी ग्रा0 पो0– कम्हरिया, थाना– मौदहा जनपद हमीरपुर** का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट पर त्रुटिवश शरीफउद्दीन निजामी अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड और समस्त दस्तावेजों में शरीफउद्दीन दर्ज है। शरीफउद्दीन और शरीफउद्दीन निजामी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
मेरा गाटा संख्या (39मि0) स्थित ग्राम बालापुर रतनपुर के बैनामे का मूल दस्तावेज 5 जुलाई 2024 को बालापुर से तुलसीपुर जाते समय रास्ते में वानपुर चौराहे के पास कहीं गिर कर खो गया है।– **उग्रसेन यादव पुत्र घिराऊ ग्राम निश्चलपुर (चैनपुर) कोतवाली –जरवा जिला– बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं छोटे लाल पुत्र घरसू निवासी मो0 मिर्जापुर पो0 मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई का हूँ। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र की मृत्यु हो चुकी है। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र और बहू मीना से दो बच्चे सुमित व नैंसी है जो अभी नाबालिग है। एक सप्ताह पूर्व बहू मीना ने मनोहर पुत्र राजेंद्र गौतम निवासी ग्राम नसीरपुर पो0 बखौरा थाना मल्लावां, हरदोई से अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है। बहू मीना द्वारा अपनी मर्जी से विवाह कर लेने से मैं अपनी चल –अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गए कार्यो से मेरा कोई वास्ता नहीं रह गया है। उक्त दोनों बच्चे नाबालिग होने के चलते स्वंय संरक्षक रहूंगा, मीना का कोई वास्ता नहीं रहेगा।

**सूचना**
मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे तीन पुत्र व एक पुत्री है किंतु मेरा सबसे बड़ा लड़का धर्मेंद्र जो नशा करना मारपीट झगड़ा लड़ाई के साथ अनैतिक कार्य लगातार करता रहता है हमारी सेवा व देखभाल भी नहीं करता है तथा परिवार से उसका कोई लेना–देना नहीं है। जिसके चलते मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा किए करावे से मेरा आज से कोई लेना देना नहीं है।– **श्रीपाल सरोज पुत्र रामदयाल रायपुर फुलवारी जनपद अमेठी**

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम FATIMA QIDWAI से बदलकर FATIMA ARSHAD रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O-ARSHAD ALI QIDWAI, Add: 266/736 BAGIYA, HABIB BEG BHADEWAN RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW-226004

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मुन्ना पुत्र स्व0 नबी अहमद, निवासी– मो0 कटरा शहाबपुर, पोस्ट– शहाबपुर, थाना मसौली, तहसील नवावगंज, जनपद बाराबंकी** मेरा पुत्र मो0 हसनैन पुत्र मुन्ना व उसकी पत्नी नारीन बानो पत्नी मो0 हसनैन जो कि मेरा कहना नही मानते है और अपनी मन–मर्जी करते है। उनका चाल–चलन अच्छा नहीं है तथा कुछ कहने पर उल्टे मुझे व उसकी पत्नी को मारता भी है। उससे काफी परेशान, हताश व हैरान होकर अपनी चल–अचल सम्मति से बेदखल करता हूँ। उक्त से अब मेरा व उसके परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। अगर उक्त दोनो मो0 हसनैन व बहू नसरीन बानो अगर कोई कृत्य घटना घटित करते है तो उसके वह स्वयं के जिम्मेदार होगें।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सायं अवकाश

## एक नजर

### तालाब में डूब कर 5वीं के छात्र की मौत

**हरदोई।** प्राथमिक स्कूल में पांचवीं की पढ़ाई कर रहा छात्र तालाब के किनारे बकरी चला रहा था, उसी बीच उसका पैर फिसल गया और उसकी तालाब में डूब कर मौत हो गई। कुड़िया मजरा सतौथा निवासी राजवीर का 12 वर्षीय पुत्र शिवा गांव के प्राथमिक स्कूल में पांचवीं का छात्र था। शिवा सोमवार की सुबह स्कूल जाने से पहले बकरियां ले कर उन्हे गांव के बाहर तालाब के किनारे चलाने ले गया था। उसी बीच अचानक पैर फिसलने से वह तालाब में गिर कर डूब गया। वहां गांव के कुछ और बच्चे जानवर चला रहे थे, उनके शोर मचाने पर हादसा का पता चला। वहां काफी लोग इकट्ठा हो गए। आनन-फानन तालाब में डूबे शिवा की तलाश शुरु हो गई। कुछ ही देर बाद उसका शव बरामद किया गया।

### बच्चों की तरह ही वृक्षों की देखभाल जरूरी

**कोथावां, हरदोई।** वृहद वृक्षारोपण जन अभियान के तहत विकास खण्ड कोथावां के अन्तर्गत संविलियन विद्यालय सिकन्दरपुर में भी वृक्ष लगाए गए। विद्यालय में शिक्षकों के साथ- साथ विद्यालय के बच्चों ने भी इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सेदारी दिखाई। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया कि समय-समय पर सरकार द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जाता रहा है, परन्तु वृक्षों की संख्या में नाममात्र का ही इजाफा दिखाई देता है, जिसका कारण है वृक्ष लगाकर भूल जाना, हम सब को वृक्ष लगाने के साथ-साथ बच्चों की तरह ही वृक्षों की भी देखभाल करनी चाहिए।

### गोवर्धन सेल की बैठक आज

**हरदोई।** जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति एवं गोवर्धन सेल की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 जुलाई कलेक्टेट सभागार में आयोजित की गई है।

### समिति की बैठक 25 को

**हरदोई।** उपायुक्त उद्योग ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की माह जुलाई की बैठक 25 जुलाई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकान्द सभागार में आयोजित की गई है।

### रोजगार मेला 24 एवं 30 को

हरदोई। जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया है कि शासन की मंशानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय, हरदोई में 24 एवं 30 जुलाई उक्त कार्यालय में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्र की कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है।

# हर-हर बम-बम के उद्घोष से गूंजते रहे शिवालय

## सावन के पहले सोमवार को दिखा आस्था का जनसैलाब, जलाभिषेक व रुद्राभिषेक हुआ

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सावन का पहला दिन भगवान भोलेनाथ के भक्तों के नाम रहा। सुबह से ही जिले के शिवालियों में भक्तों का सैलाब उमड़ा जो देर शाम तक जारी रहा। जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का दौरा पूरे दिन चला।

सावन का महीना जहां एक और हरियाली का प्रतीक माना जाता है तो वहीं भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना के लिए भी विशेष रूप से जाना जाता है विशेष कर इस महीने के सोमवार को तो श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ता है। इस बार के सावन में खास बात यह है कि पांच सोमवार हो रहे हैं। सोमवार से ही शुरू हुआ सावन का महीना सोमवार को ही समाप्त होगा। इसी कड़ी में सोमवार को सुबह से ही घरों से लेकर शिवालियों में भगवान भोलेनाथ की जमकर पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने उपवास रखकर शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग पत्र, पुष्प, मिष्ठान आदि अर्पित किए और


शिव संकट हरण सकाहा में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार


मल्लावां सुनासीर नाथ मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

जलाभिषेक करके जयकारे लगाए। ओम जय शिव ओंकारा... की महा आरती का गुणगान करके भक्ति का वातावरण बनाया। शहर के प्रमुख शिवालियों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ा। शहर के जय शिव भोले मंदिर, बाबा सिद्धनाथ मंदिर, तुरंत नाथ मंदिर, बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर, श्री हरदोई बाबा मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूरे दिन शिव भक्तों का बोलबाला रहा।

टोडरपुर संवाददाता के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलो मीटर दूरी पर स्थित बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के अन्तर्गत प्राचीन शिव संकट हरण सकाहा मन्दिर में दूर-दूर से आए हजारो श्रद्धालुओ ने किया जलाभिषेक हजारो भक्तो ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूराफल, दूध तथा प्रसाद चढाकर अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की यहां देर रात 12 बजे से ही भक्तों की लंबी लाइन लगना शुरू हो जाता है इस दौरान मंदिर में पुलिस का कदम-कदम पर पहरा रहता है साथ ही सीसीटीवी कैमरों से भी मंदिरों की निगरानी की जाती रही। यहां भक्तों के आने और जाने के लिए बैरिकेडिंग भी लगाए गए हैं और मन्दिर परिसर के चारों तरफ विशाल मेला लग जाता है मन्दिर प्रबन्धक कमेटी द्वारा सावन के अवसर पर विभिन्न सास्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है बेहटा गोकुल थाना इंद्रेश यादव ने बताया कि यह प्राचीन मंदिर है यहां हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं जिनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए चार थानों की पुलिस तैनात रही है। मल्लावां में सुनासीर नाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ बनी रही। श्रद्धालु कतारों में लगकर दर्शन देर रात तक करते रहे। सुनासीर नाथ मंदिर में पहले सोमवार होने के चलते सुबह ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिली, जैसे समय गुजरा श्रद्धालुओं की भीड़ से बेरेकेटिंग में देखी गईं। कांवड़ियों के जत्थे बम -बम भोले के जयकारों के साथ पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीदारी की गईं। मंदिर की सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स ने डोन कैमरे से निगरानी की। कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि सुरक्षा की चाक चौबंध व्यवस्था रही। नगर पालिका के कर्मचारियों ने साफ सफाई की दुरुस्त रखी। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष सौरभ कनोजिया, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, नीपेश राठौर सहित सेवादार डटे रहे। भरखनी क्षेत्र में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर विबियापुर धानी नगला में सावन के प्रथम सोमवार को सुबह तीन से ही भक्तों की भारी भीड़ लग गई। बाबा भोलेनाथ के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा।

# नहीं हुई सफाई, कई मंदिरों के आसपास फैली है गंदगी

संवाददाता, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की उदासीनता के चलते नगर के मोहल्ला बिरहाना की सड़क पर पड़ी गंदगी पर चलने को लोग मजबूर हैं, जबकि सावन का पवित्र महीना शुरू हो चुका है। पहले ही सोमवार को गंदगी का बोलवाला नगर में दिखाई दिया, जबकि इस मार्ग पर कई मंदिरों पर लोगों के जाने का रास्ता है। बड़े मिश्रा के मकान से आर्यावर्त ग्रामीण बैंक तक सड़क पर गंदगी फैली है।

नगर के समाजसेवी श्याम्मोहन मिश्रा के मकान के सामने गंदगी का अंबार हर समय लगा रहता है वहां पर से पूजा करने के लिए महिलाओं का आना-जाना हर वक्त लगा रहता है। इस गंदगी को पार करने के लिए महिलाओं को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि नगर पंचायत में तीन सफाई नायकों की नियुक्ति की गई थी उनकी जिम्मेदारी दी गई थी कि नगर को साफ सुथरा रखेंगे, लेकिन यहां पर सब कुछ उल्टा ही नजर आ रहा है। इन्हें गंदगी दिखाई ही नहीं देती है। नगर की जनता की सुख सुविधा से कोई भी इन्हें सरोकार नहीं है।


मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी लाइन। अमृत विचार


श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक श्याम प्रकाश। अमृत विचार

### शहीद मेजर की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**हरदोई, अमृत विचार।** शहीद मेजर पंकज पांडे की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा मे गोपामऊ विधायक श्यामप्रकाश, एसडीएम सदर व सीओ सिटी ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर शहीद मेजर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा में पहुंचे भूतपूर्व सैनिक संघ के जिलाध्यक्षव भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, नगरपालिका चेयरमैन मधुर मिश्रा समेत तमाम लोगों ने व नन्हे मुन्ने स्कूली छात्र छात्राओं ने श्रधांजलि सभा मे पहुंचकर शहीद मेजर को श्रद्धांजलि दीं।

# शोहदों की छेड़खानी और धमकी से परेशान होकर बीएससी की छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बीएससी की पढ़ाई कर रही छात्रा ने कमरे के अंदर फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। छात्रा के पास मिले सुसाइड नोट में उसने मौत के ज़िम्मेदारों के नाम लिखते हुए उनकी हरकतों का ज़िक्र किया है। सबसे आखिर में उसने लिखा है कि '..मरना बेकार मत जाने देना'। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया है कि सुसाइड नोट जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बेहटा गोकुल थाने के उमरन मजरा अल्लीपुर निवासी रामलखन मिश्रा की 18 वर्षीय पुत्री रिषू मिश्रा डा.राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर


रिषू मिश्रा की फोटो।

**दो हिरासत में**

**छेड़छाड़ के विरोध पर आरोपी कट्टा दिखाते हुए देते थे जान से डालने की धमकी**

में बीएससी (तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा थी। बताते हैं कि सोमवार को उसे कालेज जाना था। सुबह वह पिता को चाय देने के लिए दूसरे मकान की तरफ जा रही थी, उसी बीच वहां रास्ते में खड़े शोहदों ने रोज़ की तरह फिर उससे छेड़छाड़ की, रिषू चाय देने के बाद कमरें के अंद्रर गई और वहीं दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसके पास सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि 'उसकी मौत के ज़िम्मेदार है


मेरी मौत के जिम्मेदार है रामदेव
उनके लड़के, अभिषेक, शिवम, नीलेश और
उनकी पत्नी रीता
Soory
रिषू Rishu mishra

छात्रा के पास मिला सुसाइड नोट।

रामदेव, उनके लड़के अभिषेक, शिवम, नीलेश, उनकी पत्नी रीता'। उसने आगे अपनी मजबूरी लिखी कि छेड़छाड़ करने वाले उसे कट्टा दिखाते है, वह हार गई, इस वजह से जान दे रही है। उसने सबसे आखिर में लिखा कि 'उसका मरना बेकार मत जाने देना'। रामलखन मिश्रा ने बताया कि रामदेवी, गुलशन, शुभम, नीलेश और रामदेवी का साला राजीव निवासी भैनामऊ उसकी पुत्री से रोज़-रोज़ छेड़छाड़ करते थे। इतना ही उसके आगे कपड़े तक उतार देते थे। उसने बराबर पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे शोहदो के हौसले इतने बुलंद हो गए कि कट्टा दिखाते हुए सामने फायरिंग तक करने लगे। बताया कि उसके एक बेटा और चार बेटियां है, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है, रिषू की भी बातचीत चल रही थी। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। सुसाइड नोट को जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। दो आरोपियों को हिरासत में लेते हुए जांच की जा रही है।

# प्रस्तावित कार्य का दिखेगा असर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेल यात्रियों की मुश्किलें कल यानी 23 जुलाई से बढ़ जायेंगी। रोज़ा याद में नॉन इंटरलॉकिंग प्री नॉन इंटरलॉकिंग को लेकर प्रस्तावित कार्य शुरू हो जाएगा, जिसको लेकर रेलवे ने पहले से ही ट्रेनों के निरस्त करने व मार्ग परिवर्तन को लेकर सूचना जारी कर दी थी। 23 जुलाई से हरदोई से होकर जाने वाली चार जोड़ी ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। ट्रेनों के निरस्त होने से रेल यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। हरदोई से मेरठ व देहरादून जाने वाले रेल यात्रियों को सबसे ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ेगा वहीं हाल्ट स्टेशनों पर जाने वाले लोगों को अब एक बार फिर सड़क मार्ग से ही सफर तय करना होगा। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से होकर जाने वाली दोनों पैसेंजर ट्रेनों को भी निरस्त कर दिया है।



### यह ट्रेनें हुई निरस्त

**हरदोई।** रेल प्रशासन द्वारा 15119 बनारस देहरादून के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस को 23 जुलाई से 4 अगस्त तक निरस्त रहेगी डाउन में 15120 देहरादून से चलकर बनारस जाने वाली जनता एक्सप्रेस 24 जुलाई से 5 अगस्त तक निरस्त रहेगी। देहरादून जाने के लिए हरदोई से प्रतिदिन एकमात्र ट्रेन जनता एक्सप्रेस संचालित होती थी ऐसे में अब देहरादून के साथ धामपुर, स्योहारा नजीबाबाद हरिद्वार जाने वाले रेल यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ेगी। रेल प्रशासन द्वारा 14241 प्रयागराज से चलकर सहारनपुर के रास्ते मेरठ जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस को 23 जुलाई से 4 अगस्त तक हरदोई रेलवे स्टेशन पर निरस्त कर दिया गया है यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग लखनऊ कानपुर सेंट्रल खुर्जा हापुड़ के रास्ते संचालित होगी। यह ट्रेन आलमनगर से मुरादाबाद तक निरस्त रहेगी डाउन में 14242 मेरठ से चलकर सहारनपुर के रास्ते प्रयागराज जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस 23 जुलाई से 5 अगस्त तक परिवर्तित मार्ग के साथ संचालित होगी यह ट्रेन मेरठ हापुर खुर्जा कानपुर सेंट्रल के रास्ते संचालित होगी जबकि मुरादाबाद से आलमनगर तक यह ट्रेन निरस्त रहेगी, 04305 बालामऊ से चलकर शाहजहांपुर जाने वाली पैसेंजर 23 जुलाई से 5 अगस्त तक निरस्त रहेगी डाउन में 04306 शाहजहांपुर बालामऊ पैसेंजर 23 जुलाई से 7 अगस्त तक निरस्त रहेगी, लखनऊ शाहजहांपुर पैसेंजर 04319 हरदोई रेलवे स्टेशन पर निरस्त रहेगी यह ट्रेन लखनऊ से बालामऊ के बीच संचालित होगी जबकि बघौली से लेकर शाहजहांपुर तक ट्रेन निरस्त रहेगी, 04320 शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर को शाहजहांपुर से बघौली तक निरस्त किया गया यह ट्रेन बालामऊ से लखनऊ के बीच संचालित होगी। ट्रेनों के निरस्त होने से रेल यात्रियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। रेल अधिकारियों ने बताया कि रोजा यार्ड में प्रस्तावित कार्य शुरू होने जा रहा है जिसको लेकर रेलवे द्वारा पहले से ही यात्रियों को सूचित कर दिया गया था यात्रियों को होने वाली असुविधा पर रेल अधिकारियों ने खेद व्यक्त किया हैं।

# मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ सभापति विधान परिषद उमेश द्विवेदी व प्रबंध निदेशिका कीर्ति सिंह।

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल नघेटा रोड में आईएससी कक्षा 12 तथा आईसीएसई कक्षा 10 के मेधावी छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी सभापति विधान परिषद ने दीप प्रज्ज्वलनव मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

मुख्य अतिथि, प्रबंध निदेशिका कीर्ति सिंह तथा प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह मेधावी छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एकेडमिक हेड अश्वनी दीक्षित ने किया। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका ने कहा कि सभी बच्चों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई। वास्तव उनकी सफलता के वास्तविक बधाई के पात्र उनके अभिवावक हैं क्योंकि शिक्षक स्कूल में सभी बच्चों को शिक्षा देता हैं और अभिवावक व्यक्तिगत रूप से अपने बच्चे को मार्गदर्शन निर्देशित करते है यह योगदान सराहनीय है क्योकि शिक्षक और अभिभावक एक दूसरे के पूरक है। विद्यालय के बाद जिन छात्रों को अभिभावक का भी कुशल मार्गदर्शन प्राप्त होता है उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन कि सम्भावना उतनी अधिक हो जाती है। साथ ही कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## सार-संक्षेप

### दबंगों ने दुकानदार पर किया हमला, वीडियो वायरल

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में रूपापुर रोड पर एक दुकानदार पर दबंगों ने लाठी डंडों से लैस होकर हमला बोल दिया और दुकानदार को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। मामले को लेकर दुकानदार ने थाने में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। पाली कस्बे के मोहल्ला काजी सराय उत्तरी निवासी फिरोज पुत्र नियाज बंद में बताया कि उसकी पाले कस्बे में रूपापुर रोड पर पेट्रोल पंप के पास हैदरी मार्केट में बैटरी और इनवर्टर की दुकान है। सोमवार को वह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी कस्बे के मोहल्ला काजी सराय निवासी इश्तियाक, सद्दाम और इलियास लाठी डंडा लेकर आए और उस पर हमला कर दिया। हमले में उसे चोटें आईं हैं। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई कर रही है। वहीं मारपीट का वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार



**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने नगर के एक मोहल्ले में पड़ोस की युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इनकार करने के एक मामले में पीड़ित युवती के प्रार्थना पत्र पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पड़ोसी युवक से मोबाइल के माध्यम से प्रेम संबंध हो गया और मोबाइल फोन पर बातचीत होने लगी। युवती के अनुसार आरोपी युवक 18 जुलाई को उसके घर में आया और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। बकौल पीड़ित युवती 20 जुलाई की रात्रि में युवक फिर उसके घर में आया उसी समय परिवार वालों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई की। परिवार वालों के सामने युवक ने फिर शादी करने की बात दोहराई, लेकिन उसके बाद शादी करने से स्पष्ट मना कर दिया। युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। युवती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


बैठक में चर्चा करते समिति के सदस्य। अमृत विचार

### श्री गणेश महोत्सव के आयोजन को लेकर हुई चर्चा

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री गजानन सेवा समिति के तत्वावधान में वंशीनगर स्थित नागेश्वरनाथ मंदिर परिसर में 13वां श्री गणेश महोत्सव भव्यता के साथ आयोजित होगा। आयोजन को लेकर वंशी नगर स्थित समिति के वरिष्ठ सदस्य अविनाश मिश्र के आवास पर हुई पहली बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। गजानन सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि 13वां गजानन महोत्सव 7 सितंबर से 13 सितंबर तक आयोजित होगा। शुरूआत 7 सितंबर को शोभायात्रा के साथ होगी। बताया कि गत वर्षों की अपेक्षा इस बार 13वें महोत्सव को और अधिक भव्य बनाए जाने की तैयारी है। धार्मिक आयोजनों से सम्बद्ध सेलेब्रिटीज़ इस बार भी मुख्य आकर्षण होंगे। सुंदरकांड पाठ, नृत्य व गायन प्रातियोगिता, फैंसी ड्रेस शो, मानस प्रश्नोत्तरी के साथ साथ हास्य कवि सम्मेलन इस बार सभी को आकर्षित करेगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिताओं में प्रवेश का कोई शुल्क नहीं होगा।

**राय** | शिया धर्म गुरु ने प्रदेश सरकार के फैसले का किया स्वागत, कहा-यह सभी के लिए होता तो और बेतहतर था

# दुकानदारों को नाम लिखने संबंधी आदेश गलत नहीं

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कावड़ यात्रियों के गुजरने वाले मार्गों के खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को अपनी दुकानों पर नाम लिखने के फरमान को शिया धर्मगुरु एवं रुड़की के प्रसिद्ध मौलाना गुलाम अली खान ने खैर मकदम किया है।

मौलाना ने कहा कि सरकार का यह फैसला अगर सभी दुकानदारों के लिए होता तो और भी बेहतर था। शिया धर्मगुरु मौलाना गुलाम अली खान शाहाबाद के निहालगंज मोहल्ले में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद इस प्रतिनिधि से बात कर रहे थे।

कहा कि सरकार का नजरिया साफ होना चाहिए, अगर सरकार ने हिंदू मुसलमान के नजरिए से यह फरमान जारी किया है तो गलत है। अगर आईडेंटिफाई करने के लिए फैसला किया गया है तो फैसला स्वागत योग्य है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश हुकूमत में अंग्रेजों ने भी हिंदू और मुसलमान के बीच में खाई पैदा करने का प्रयास किया था। लुधियाना के एक स्टेशन पर पानी पीने के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने दो घड़े रखवाये थे। यह घड़े पर हिंदू लिखा गया, दूसरे खड़े पर मुसलमान लिखा गया। यानि इसका मतलब साफ


शिया धर्मगुरु मौलाना गुलाम अली खान।

था कि मुसलमान लिखे हुए खड़े से केवल मुस्लिम पानी पियेंगे और हिंदू लिखे हुए घड़े से हिंदू पानी पियेंगे। ब्रिटिश हुकूमत की इन घड़ों से यह सोच स्पष्ट दिखाई दे रही थी कि वह हिंदू और मुसलमान में खाई पैदा करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत अपने इस मकसद में कामयाब नहीं हो सकी। उत्तर प्रदेश सरकार ने अगर यह फैसला किया है तो यह फैसला स्वागत योग्य है लेकिन इस फैसले में अगर सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर नाम लिखने का फरमान जारी होता तो और अच्छा होता। सभी दुकानदारों के लिए अगर ऐसा होता तो कोई भी खरीददार समान गलत निकलने के बाद दुकानदार का नाम और पता जानता, उसको किसी से पूछने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने मुस्लिम दुकानदारों से अपील की उस मार्ग से गुजरने वाले सभी कॉवड़ यात्रियों का खैर मकदम करें, स्वागत करें और कांवरियों से भी एक अपील है कि वह मुस्लिम दुकानदारों के समक्ष जानबूझकर ऐसा कोई कृत्य न करें जो उन्हें नागवार लगे। शिया धर्म गुरु ने धर्म और राजनीति के विषय पर पूछे गए एक सवाल पर कहा राजनीतिक मुल्क में अमन चैन और तरक्की के लिए होनी चाहिए धर्म का बेजा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। राजनीतिक मूल्यों पर आधारित होगी और धर्म से अलग होगी तो मुल्क में अमन चैन होगा और मुल्क के लोग, मुल्क की आवाम की करेगी।

### मारपीट के मामले में कांस्टेबल ने ली घूस

**हरदोई, अमृत विचार।** दो पक्षों में लड़ाई-झगड़े में कार्रवाई के नाम पर कांस्टेबल पर घूस लेने का आरोप लगा है। आरोप है कि कांस्टेबल ने बाथरूम के अंदर बुलाकर 17 हज़ार की रिश्वत ली। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की। मामला मल्लावां कोतवाली के मोहल्ला बंदीपुर का है। वहां के ईदुल हसन उर्फ पप्पू ने एसपी से की शिकायत में कहा मामूली विवाद में उसी के मोहल्ले में दिलशाद, आलमशाद, उरूज, नजमुल व फैज़ ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसके अलावा और भी घर वाले ज़ख्मी हो गए। ईदुल हसन उर्फ पप्पू का कहना है कि वह कोतवाली पहुंचा, जहां एक कांस्टेबल ने उसे बाथरूम के अंदर बुलाया और उसे कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए 17 हज़ार रुपये ले लिये।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### दुपट्टे से फंदा लगाकर महिला ने दी जान

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** दमदापुर गांव निवासी सुनील वर्मा की पत्नी प्रियंका (36) ने मानसिक बीमारी से परेशान होकर रविवार रात को दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सीएचसी अधीक्षक ने सीएमओ को लिखा पत्र

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सीएचसी महमूदाबाद में आशा संगिनी और आशा के पति की बातचीत का वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए सीएचसी अधीक्षक आशीष सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र लिख कर मामले से संबंधित जांच की मांग की गई है। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### सीएचसी अधीक्षक ने सीओ से मांगी सुरक्षा

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सीएचसी अधीक्षक ने सीओ को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। पत्र के अनुसार बीती 20 जुलाई को रात लगभग 11.33 पर सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में कुछ अराजक तत्व आए थे। जिनके द्वारा इमरजेंसी में कार्यरत डॉ. रोहित खरे व उपस्थित ड्यूटी स्टाफ से अभद्रता की गई। साथ ही सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा डालने का प्रयास किया गया। अधीक्षक अति शीघ्र सुरक्षा व्यवस्था दिलाए जाने की मांग की है।

### एक सप्ताह पूर्व लापता बुजुर्ग का नहीं चला पता

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** भगंतपुर सिरसा कलां नदिया पुरवा से एक सप्ताह पूर्व से लापता बुजुर्ग का पता नहीं चला। घर पर विवाह को कार्यक्रम था। परिजनों ने बताया कि बारात में काफी लोग गए थे, लेकिन घर के 83 वर्षीय बुजुर्ग मनोहर लाल बारात नहीं गए थे। 13 जुलाई की रात्रि लगभग दो बजे वह गायब हो गये। सुबह उनके न मिलने पर सभी ने तलाश की और सफलता न मिलने पर 14 जुलाई को पुलिस को तहरीर दी।

# संक्रामक बीमारियों से बचाव को करायें फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव: डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक

संवाददाता, सीतापुर



जनपदस्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक में निर्देश देते डीएम।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक हुई। डीएम ने कहा कि जुलाई, अगस्त और सितम्बर बीमारियों के प्रसार के दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है, अतः बचाव हेतु गतिविधियां व्यापक रूप से संचालित की जायें।

उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छता, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव झाड़ियों का कटान पूर्ण मनोयोग से संचालित कराएं। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि संक्रामक रोगों यथा डेंगू, मलेरिया, एई/जेईएस आदि के प्रभावी नियंत्रण द्वारा हम किसी की जान बचा सकते हैं। बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित करने से निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन विकास खण्डों में मच्छर जनित बीमारियों के मरीज अधिक मिल रहे हैं, वहां ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं अन्य सभी विभागीय अधिकारी समन्वय बैठक कर गतिविधियां संचालित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि टीमों के माध्यम से घरों में मच्छर प्रजनन के स्रोत की जांच करायी जाये और जिन घरों में मच्छर प्रजनन के स्रोत मिलें, वहां संबंधित को नोटिस जारी करते हुए तत्काल वेक्टर कन्ट्रोल की गतिविधि भी करायी जाये। डीएम ने पशुपालन, कृषि, बेसिक शिक्षा, आईसीडीएस, पंचायती राज सहित अन्य खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिये।

## दो पक्षों में मारपीट मां-बेटी घायल

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** खलिहान की जमीन पर मवेशी बांधने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। जिसमे एक पक्ष की मां और बेटी को दूसरे पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस को देखते ही दबंग भाग खड़े हुए। पचदेवरा चौबे गांव निवासी कपिल किसी काम से दूसरे गांव गए थे। उनकी मां रामेश्वरी और बहन वंदना मवेशी को पास ही में पड़ी खलिहान की जमीन पर बांधने गईं थी। आरोप है कि गांव के ही बिहारी, संदीप, सरोज और हेमराज वहां पर आ गए और गालियां देने लगे। इस बात का विरोध जब मां और बेटी ने किया तो दबंग हमलावर हो गए और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इस दौरान रामेश्वरी और वंदना को गंभीर चोटें आई। जिसकी वजह से मां रेमेश्वरी बेहोश होकर गिर गईं।

## डूब रही महिला की सिपाही ने बचाई जान

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर



डूबती महिला को बचाता सिपाही।

**अमृत विचार।** अपने मामा के साथ दवाई लेने आ रही एक महिला ने शारदा नहर के पुल से अचानक छलांग लगा दी। जिसे सिपाही संजय यादव ने सुरक्षित निकाल लिया और सीएचसी में भर्ती कराया। जिसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अपने मामा के साथ दवा लेने महमूदाबाद आ रही महिला ने सुबह लगभग 8 बजे खुद बाइक से चप्पल गिर जाने का बहाना कर बाइक रुकवाई, फिर बाइक से उतरकर शारदा नहर पुल से नहर में छलांग लगा दी। नहर में किसी महिला को कूदते देख महमूदाबाद पुलिस टीम के कांस्टेबल संजय यादव व एक अन्य ग्रामीण ने पीछे से छलांग लगा दी और डूब रही युवती को बचा लिया। ग्रामीणों की मदद से महिला को नहर से बाहर निकलवाकर सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

## शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर



बीईओ को ज्ञापन देते शिक्षामित्र संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिक्षामित्र संगठन के अध्यक्ष शिव बालक यादव के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर मथुरा को मुख्यमंत्री प्रेषित ज्ञापन दिया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय (बीआरसी) में सोमवार को सात सूत्री मांगों को लेकर शिक्षा मित्र संघ के अध्यक्ष शिव बालक यादव, मेराज अहमद, अरविंद कुमार, शिवनारायण रस्तोगी आदि लोगों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल को दिया। जिसमें प्रमुख मांगें समान कार्य समान वेतन, महिला शिक्षामित्रों को सीसीएल व उनकी ससुराल के पास निकटतम पोस्टिंग, शिक्षामित्र को पुनः सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त, आकस्मिक अवकाश 11 के स्थान पर 14, सेवानिवृत्ति की आयु 62 कर पेंशन व भत्ता दिया जाए, चिकित्सीय अवकाश, कैशलेस चिकित्सा आयुष्मान कार्ड, आकस्मिक मृत्यु होने पर यथोचित नौकरी, आर्थिक सहायता आदि प्रमुख मांगे हैं। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्र को पुनः सहायक अध्यापक पद पर स्थापित किया जाए। विगत 23 वर्षों से शिक्षामित्र के द्वारा निरंतर निष्ठा पूर्वक शिक्षण कार्य किया जा रहा है। 25 जुलाई 2017 के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के उपरांत शिक्षामित्र के समक्ष उनके परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

## सार-संक्षेप

### ग्राम पंचायतों में तेज हुई उपचुनाव की प्रक्रिया



बीडीओ कार्यालय में नामांकन करता प्रत्याशी।

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा में आकस्मिक निधन से रिक्त हुई दो ग्राम पंचायतों में चुनाव को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। रामपुर मथुरा खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सोमवार को प्रधान तथा सदस्य को लेकर आज पर्चा दाखिल किया गया। उप निर्वाचन अधिकारी एडीओ एजी प्रमोद कुमार के समक्ष बरियारपुर ग्राम पंचायत से प्रधान पद को लेकर पांच पर्चे दाखिल किए गए जिसमें गिरधारी लाल, सुमिरन, विक्रम, रामकुमार, देवेंद्र तथा ग्वाडीह ग्राम पंचायत से प्रधान पद के सात परचे दाखिल किए गए जिसमें अशोक कुमार, राम शंकर, जगदीश, संकटा प्रसाद, पंछी देवी, अनिल कुमार, कृष्णावती शामिल थे सदस्य पद के लिए बसावनपुर, इटिया, सिरकुंडा, तुलापुर, मरौचा, उमरी गनेशपुर, केसरवारा, डफरा, तुलसीपुर खारिका, अटौरा, खनेवा मितौरा 13 स्थान सदस्य पद के लिए रिक्त थे। 13 परचे ही दाखिल हुए, जिससे सदस्य पद का निर्वाचन लगभग निर्विरोध होना माना जा रहा हैं। 22 जुलाई को पर्चा दाखिला 23 जुलाई को जांच होगी। 24 जुलाई को पर्चा वापसी का दिन है 6 अगस्त को चुनाव होने हैं। 8 अगस्त को गिनती की जाएगी उसी दिन प्रमाण पत्रभी दिया जाएगा।

### आपस में लड़ते हुए पीएचसी में आये दो सांप, मची भगदड़

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दो सांपों के देखे जाने से हड़कंप मच गया। सांप को देखते ही मरीजों संग तीमारदार और स्टाफ नर्स भाग खड़े हुए। वहीं एक नर्स ने साहस दिखाते हुए दोनों सांपों को पीएचसी की प्रयोगशाला में बंद कर दिया और वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सदरपुर क्षेत्र के खुरवल पीएचसी परिसर में सोमवार शाम दो सांप अचानक अंदर दाखिल हुए और आपस में लड़ने लगे। सांपो को लड़ता देख पीएचसी में आए मरीज और तीमारदारों संग स्टाफ में भगदड़ मच गई। हड़कंप मचता देख वहां कार्यरत स्टाफ नर्स शिखा पांडे ने साहस दिखाते हुए दोनों सांपों को प्रयोगशाला कक्ष में बंद कर दिया और वन विभाग को सूचना दी। डिप्टी वन रेंजर संतोष वर्मा ने एक सांप को पकड़ने में कामयाबी पाई।

### एसडीएम-वकीलों के बीच विवाद खत्म, आज से कार्य पर लौटेंगे

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** महमूदाबाद तहसील में अधिवक्ताओं और एसडीएम के बीच चली आ रही रार ठंडी पड़ गई है। इसकी तस्दीक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने एक प्रेस नोट जारी कर की है। प्रेस नोट में लिखा गया है कि एसडीएम न्यायालय का कार्य बहिष्कार किया गया था। जिसमें एडीएम और सीओ की मध्यस्थता से समझौता हो गया है। सोमवार दोपहर लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा की अध्यक्षता में आम सभा हुई जिसमें अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि एसडीएम न्यायालय का कार्य बहिष्कार समाप्त किया जाता है। अधिवक्ता मंगलवार से कार्य में सहयोग करें।

### गांजरी क्षेत्र को जिला बनाने को लेकर योगी को लिखा पत्र

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** डॉ. अम्मार रिजवी सहित कई लोग पिछले 5 दशकों से गांजरी क्षेत्र को जिला बनाने की मांग कर रहे हैं। डॉ. अम्मार रिजवी ने योगी सरकार से अनुरोध किया है कि विशेषज्ञों की एक टीम सीतापुर के गांजरी क्षेत्र में भेजी जाय, जो वास्तविक स्थित सामने आ सके और उसी के अनुरूप जनपद सीतापुर के गांजरी क्षेत्र को राहत के लिए धनराशि स्वीकृति किये जाने की मांग की है। साथ ही गांजरी क्षेत्र को जिला घोषित करने की मांग की गई है।

## धर्म दर्शन

### सतोगुण प्रधान देव श्री हरि विष्णु



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्वप्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए - वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में विष्णु को सतोगुण प्रधान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतार ले दुष्टों का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीतांबर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुंठ इनका निवास स्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धांतानुसार वैकुंठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ज्ञान लाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। वैष्णव मत भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है। इसके अन्य लोकप्रिय नाम भागवत मत और पंचरात्र मत भी हैं। कुछ लोग नामांत में संप्रदाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृष्णावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पंचरात्र समाहित हो गया। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है।

# चराचर जगत के स्वामी शिव





ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

बिंदु शक्तिः शिवो नादः शिवशक्त्यामकं जगत्। नादाधारमिदं बिंदुर्बिन्द्वाधारमिदं जगत्।। सारा चराचर जगत बिंदु व नादस्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। इस तरह यह जगत शिव शक्ति स्वरूप ही है। नाद बिंदु का और बिंदु इस जगत का आधार है। यह बिंदु और नाद (शक्ति और शिव) संपूर्ण जगत के आधार रूप से स्थित हैं। बिंदु और नाद से युक्त सबकुछ शिव स्वरूप है। शिवलिंग भी बिंदु नादस्वरूप है। बिंदुरूपा देवी उमा माता हैं और नादस्वरूप भगवान शिव पिता। इन माता-पिता के पूजित होने से परमानंद की प्राप्ति होती है।

अकार, उकार, मकार, बिंदु, नाद और ध्वनि के रूप मे लिंग के छह भेद हैं। संपूर्ण प्रणव को ध्वनिलिंग कहते हैं।/ यो हि प्रकृतिजातस्य संसारस्य महोदधेः।/ नवं नावांतरमिति प्रणवं वै विदुर्बुधाः।। प्र का अर्थ है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर। प्रणव इससे पार करने के लिए 'नव' अर्थात् नाव है, इसलिए इस ओंकार को 'प्रणव' की संज्ञा देते हैं। 'प्रणव' ओंकार का जप करने वाले साधकों से कहता है कि 'प्र' अर्थात् प्रपंच नहीं है, तुम लोगों के लिए। यह प्रणव अपने सभी उपासकों को बलपूर्वक मोक्ष तक पहुंचा देता है। इस अभिप्राय से भी इसे ऋषि मुनि 'प्रणव' कहते हैं। समस्त कर्मों का नाश करके दिव्य नूतन ज्ञान देने के कारण भी यह प्रणव कहा जाता है। उन मायारहित महेश्वर को ही 'नव' अर्थात् नूतन कहते हैं। वे परमात्मा प्रकृष्ट रूप से 'नव' अर्थात् शुद्ध स्वरूप हैं, इसलिए 'प्रणव' कहलाते हैं। प्रणव साधक को नव अर्थात् नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है। एक अक्षर रूप जो 'ॐ' है, उसे सूक्ष्म तथा 'नमः शिवाय' पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए।

भगवान शिव ने अपने शरीर पर अपने लिए श्रृंगार, आभूषण स्वरूप भस्म को धारण किया है। यह भस्म, राख या विभूति (भभूत) तीन प्रकार की बताई गई है। लोकाग्निजनित, वेदाग्नि जनित और शिवाग्निजनित। लौकिक भस्म (जली हुई लकड़ी ईंधन आदि की राख) को पूजा के पूर्व द्रव्यों व पात्रों की शुद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। वेदाग्निजनित जो भस्म है, उसको उन वैदिक कर्मों यज्ञ, अनुष्ठान आदि के अंत में धारण करना चाहिए। मंत्र और क्रिया से जनित जो होम कर्म है वह अग्नि में भस्म का रूप धारण करता है। उस भस्म को धारण करने से वह कर्म आत्मा में आरोपित हो जाता है। अघोर मूर्तिधारी शिव का जो अपना मंत्र है उससे अभिमंत्रित अग्नि को शिवाग्नि कहा गया है। भस्म को समय-समय पर कांति या शोभा वृद्धि के लिए धारण किए जाने का विधान है। जैसे राजा अपने राज्य में सारभूत कर (टैक्स) को ग्रहण करता है, जैसे मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनाज को जलाकर, पकाकर उसका सार ग्रहण करते हैं, जैसे जठराग्नि नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों को जलाकर उसके सारतत्व को ग्रहण करता है, उसी प्रकार प्रपंच कर्ता परमेश्वर शिव ने भी अपने में विद्यमान सांसारिक प्रपंच को जलाकर भस्म रूप से उसके सार तत्व को ग्रहण किया है।

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं। संसार के प्रपंच को दग्ध करके शिव ने उसके भस्म को अपने शरीर में लगाया है। इस प्रकार भस्म के बहाने उन्होंने जगत के सार को ही ग्रहण किया है। जन्म और मरण रूप द्वंद भगवान शिव की माया द्वारा ही दिया गया है। माया चक्र के निर्माता भगवान शिव ही हैं। वह अपनी माया के दिए हुए द्वंद्व का स्वयं ही परिमार्जन करते हैं। अतः शिव के द्वारा कल्पित हुआ द्वंद उन्हीं को समर्पित कर देना चाहिए, जो अपने जन्म और मरण रूप द्वंद्व को शिव को ही समर्पित कर देता है, वह फिर शरीर के बंधन में नहीं पड़ता है।

## वर्ग पहेली-139

**बाएं से दाएं**

1. विवाहित स्त्रियों के लिए प्रयोग किया जाने वाला सम्मानजनक संबोधन, श्रीमती।
4. जो सुगमतापूर्वक या आसानी से पढ़ा जा सके।
6. वह कपड़ा या चादर जिसपर शिव का नाम छपा हो।
8. मोहक चाल में चलने वाला, सुंदर गति वाला, मंजुगमन।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विवाह की एक रस्म 2. उक्त रस्म में कन्या पक्ष वाले वर पक्ष वाले से गले मिलते हैं और उपहार या रुपए आदि देते हैं।
2. 1. शुक्रवार 2. शुक्राचार्य 3. शुक्रग्रह 4. कृष्ण 5. शिव 6. परशुराम मुनि 7. जमदग्नि ऋषि 8. पहाड़ का खड़ा भाग।
3. 1. झपटने की क्रिया कराना 2. किसी को बलपूर्वक झपटने में प्रवृत्त करना।
5. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत और सजावटी सामान बनाने के कार्य में आती है, शीशम।
7. 1. बैठक, सभा 2. अधिवेशन, सम्मेलन 3. मुलाकात, भेंट।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 6 | | | 7 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -138 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मँ | ■ | 2 ख़ु | ■ | 3 भा |
| 4 अं | ग | दे | श | ■ | रि |
| ■ | वा | ■ | 5 मि | थ | क |
| ■ | ना | ■ | ज़ा | ■ | ■ |
| 6 ख़ो | ■ | 7 व | ज | ह | ■ |
| जा | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 8 ध | न | दि | शा | ■ |

## सुडोकू -52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 8 | | | | | 2 |
| | 4 | | | | 3 | | 9 | |
| 9 | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | 7 | 2 | |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | 1 |
| | 2 | 8 | | | | 6 | | |
| 6 | | | 9 | 5 | | | | 7 |
| | 7 | | 2 | | | | 6 | |
| 2 | | | | | 1 | | 3 | 8 |

### सुडोकू -51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 10.23 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** – आज आप काफी सुखद अनुभव का आनंद लेंगे। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहें। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म से अरुचि हो अकती है। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।

**कर्क** – आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**सिंह** – आज आपको जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अचल संपति की खरीदी का विचार मन में आएगा। व्यापार में प्रतिद्वंदियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या** – आज आपकी दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा।

**तुला** – आज कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को धन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृश्चिक** – आज आपकी बातों से कुछ परिजन नाराज हो सकते हैं। दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे। नया व्यवसाय आप शुरू कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी।

**धनु** – आज आपकी लोग काफी प्रशंसा करेंगे। घर का माहौल सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। शाम के समय आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मकर** – आज व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सब आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी उबाऊ हो सकती है। किंतु व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

**मीन** – आज स्वार्थी लोग आपका भावनात्मक शोषण कर सकते हैं। लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। सरकारी मामलों में लापरवाही न करें।

## आज का पंचांग

(कुंडली: बु. 5, के. 6, शु. सू. 4, 3, मं. गु. 2, 7, 1, 10, 8, 9, चं., 12, रा., 11, श.)

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 20.18 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- फर्ज – सुबह : 09.55
- गंगा तेरे देश में – रात : 07.00

**&pictures**
- बागी – सुबह : 10.46
- हमारी अधूरी कहानी – रात : 08.00

**Sony Pix**
- मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 11.38
- द डार्क नाइट – रात : 09.00

**Zee Cinema**
- ड्रीम गर्ल – दोपहर : 12.18
- डी ब्लॉक – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- चिराग – सुबह : 11.19
- गब्बर इज बैक – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त दूसरे दोस्त से- यार मुझे और मेरी बीबी को तमिल सीखनी है।
दूसरा दोस्त - पर तुम दोनों को आखिर तमिल सीखनी क्यों है?
पहला दोस्त- यार हम दोनों ने एक तमिल बच्चा गोद लिया है, तो हम सोच रहे हैं कि उसके बोलना सीखने से पहले हम तमिल सीख लें।

गोलू -तेरा भाई क्या कर रहा है?
गप्पू-एक दुकान खोली थी, पर अब जेल में है।
गोलू-वो क्यों?
गप्पू-वो दुकान हथोड़े से खोली थी न।



शहर के प्रसिद्ध श्यामनाथ मंदिर में सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। लाइन में लगकर इंतजार करते भक्त। अमृत विचार



शहर के श्यामनाथ मंदिर में महादेव का जलाभिषेक करती महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में गूंजे बम-बम भोले के जयकारे

## जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए उमड़े श्रद्धालु, कांवरियों ने किया महादेव का जलाभिषेक, सुरक्षा में मुस्तैद रहा पुलिस प्रशासन

**उमड़ी आस्था**

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में शिव भक्तों ने महादेव का जलाभिषेक किया। सुबह से ही कांवरियों के जत्थों पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गयी। कांवरियों ने शिव का जलाभिषेक कर पूजन किया। इस दौरान बम-बम भोले के जयकारों से शिव मंदिर गूंजते रहे। भक्तों की भी भारी भीड़ उमड़ती रही। मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी लगाया गया था। मंदिरों में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए सीसीटीवी से भी लगातार निगेहबानी की जाती रही है।

सावन के सोमवार को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आला अफसर लगातार भ्रमणशील रहे। शहर के प्राचीनतम मंदिर श्यामनाथ मंदिर, जंगली नाथ मंदिर में रविवार रात से ही कांवरियों के जत्थों ने शिव का जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। जिले के प्राचीन मंदिर बिसवां के पत्थर शिवाला, नैमिषारण्य के देव देवेश्वर मंदिर, भूतनाथ मंदिर पर भी रात से लेकर सोमवार देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राजघाट और गोमती नदी के तट से श्रद्धालुओं ने जल लेकर डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए शिव के मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक किया।



कांवरियों पर पुष्पवर्षा के दौरान मौजूद राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी।

### नपाअध्यक्ष व राज्यमंत्री ने कांवरियों पर की पुष्पवर्षा

शहर के प्राचीनतम श्यामनाथ मंदिर पर सुबह से ही कांवरियों के स्वागत के लिए नगर पालिका सीतापुर अध्यक्ष नेहा अवस्थी व प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी सहित नगर पालिका के कर्मचारियों ने पुष्पवर्षा की। नगर पालिका द्वारा कांवरियो के स्वागत के बाद जलपान की भी व्यवस्था कराई गई थी। इस दौरान शिव भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस दौरान नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु और उनकी पत्नी द्वारा आए हुए कांवरियों का माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



शिवालय में पूजन-अर्चन करते डीएम अभिषेक आनंद व मौजूद सीओ सिटी।

### डीएम-एसपी ने किया शिवालय में जलाभिषेक

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़ व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अफसरों के साथ शहर के प्रसिद्ध श्यामनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधिवत पूजन-अर्चन किया।

### भारी वाहनों का प्रवेश रहा बंद

सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ने वाली भीड़ और कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर पुलिस प्रशासन ने शिव मंदिरों के रास्ते पर भारी वाहनों के प्रवेश कर रोक लगा दी गयी थी। रविवार देर रात से ही वाहनों के आगवा जाही पर रोक लगने के बाद नैमिषारण्य-मिश्रिख मार्ग पर वाहनों को हाइवे के किनारे ही रोक दिया गया था। इसके साथ मंदिर श्यामनाथा मंदिर जाने वाले चुंगी चौकी से गोला मार्ग पर ही रुट डायर्वजन किया गया था। मंदिर परिसर को बैरिकेटिंग कर महिलाओं और पुरुषो को अलग अलग लाइनों से ही मंदिर में प्रवेश दिया गया। कावंड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन किसी प्रकार भी लापरवाही नही बरत रहा है।

### दिन चढ़ने के साथ बढ़ती गई शिवभक्तों की संख्या

**हरगांव, सीतापुर।** हरगांव तीर्थ पर स्थित बाबा गौरीशंकर दरबार में सोमवार की बृह्म बेला में ही हजारों शिवभक्त जुटे। शिवभक्तों ने हरगांव तीर्थ के स्वच्छ जल में स्नान कर भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर दर्शन किया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे शिवभक्तों की संख्या बढ़ती चली गई। शिवभक्तों की सुरक्षा व्यवस्था थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय व कस्बा प्रभारी योगेश कुमार शंखधर के नेतृत्व मे चुस्त-दुरुस्त रही। शिवभक्तों ने मंदिर मे लाइन लगाकर पूजा-अर्चना की। जिसमे पुलिस का विशेष सहयोग रहा।

### नदी से जल भरकर शिवमंदिरों में किया जलाभिषेक

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे में मुरलीधर मंदिर, बुढ़वा बाबा मंदिर, गुमनेश्वर मंदिर बांसुरा में पक्के तालाब के पास पुराना शिवालय मंदिर भगवतीपुर शिव मंदिर कालिका देवी में स्थापित शिव मंदिर आदि विभिन्न जगहों पर सावन के प्रथम सोमवार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। लोगों ने चौका नदी से जल लेकर जलाभिषेक किया।

### बाबा देवदेवेश्वर को जल अर्पित कर कांवरियों ने भरी कांवर

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** विश्व विख्यात तीर्थ नैमिषारण्य में श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब देवदेवेश्वर दरबार में जलाभिषेक करने के लिए पहुंचा। कांवरियों की भीड़ रविवार से ही इकट्ठा होने लगी थी यहां सर्वप्रथम कांवरियों ने गोमती स्नान करके बाबा देवदेवेश्वर को जल अर्पित किया उसके बाद कांवर भरकर श्रद्धालु अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। सावन माह को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम देवदेवेश्वर घाट पर किए थे। कांवरियों की सुरक्षा के लिए नदी में रस्सी और बांस बांध दिए गए जिससे वह गहरे जल में न जा सकें। इसके अलावा रामकोट के प्राचीन बाबा अचूक नाथ धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां दूरदराज से श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। इस दिव्य दरबार में मंदिर समिति द्वारा पूरे एक माह तक अखण्ड श्रीरामचरित मानस का पाठ श्रद्धालुओं के सहयोग से कराया जा रहा है।



नैमिषारण्य के देव देवेश्वर धाम में पूजन अर्चन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### ऊं नमः शिवाय के मंत्र से गुंजायमान रहेमंदिर परिसर

**पैंतेपुर सीतापुर।** भगवान शंकर की प्रिय श्रावण माह के प्रथम सोमवार को शिव भक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। ऊं नमः शिवाय के मंत्र से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर के विभिन्न वार्डों में स्थित शिवालयों में कस्बे के नागरिकों द्वारा दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। सुबह से शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ दिखी।

### भक्तों ने उपवास रखकर की भोलेनाथ की पूजा-अर्चना

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर व ग्रामीण अंचलों के विभिन्न शिव मंदिरों और घरों में लोगों ने उपवास रखकर भोले शंकर की पूजा अर्चना कर भक्तों द्वारा उनका रुद्राभिषेक किया। बाबा जंगली नाथ मंदिर प्रांगण में प्रातः से ही भक्तों भीड़ लग । नगर के भोलिया बाबा मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर, क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर स्थित बाबा कामेश्वर नाथ धाम पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और लोगों ने पूजा अर्चना कर भोले शंकर के अपनी कामनाओं को पूर्ण करने के लिए कामना की। बाबा जंगली नाथ मंदिर में एक मेले का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के अनुसार ग्राम ताहपुर में ग्रामीणों ने सड़क के दोनों किनारों पर काफी दूर तक घूर लगा रखे हैं जिससे भीड़ होने पर श्रद्धालुओं को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में अवर अभियंता पीडब्लूडी बाबूराम ने बताया कि मंदिर जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ लगे झाड़ को कटवाकर शीघ्र ही मार्ग ठीक करा दिया जाएगा।

### शिवलिंग का जलाभिषेक कर की सुख-समृद्धि की कामना

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** सावन माह के पहले दिन सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों व शिवालय में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सिधौली नगर पंचायत के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक को लेकर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन के साथ स्थानीय प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किए हुए थे। सिधौली नगर पंचायत स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में सोमवार को भक्तों की भारी रही। भक्त सुबह से ही मंदिरों में कतार लगाकर खड़े हो गए थे।।

## दीपों से रोशन हुआ चक्रतीर्थ



संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर। अट्ठासी हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिष के चक्रतीर्थ पर रविवार शाम को गुरुपूर्णिमा पर चक्रतीर्थ को 2100 दीपों से सजाया जिससे पूरा चक्रतीर्थ जगमगा उठा। सनातन ऋषि सत्संग महाआरती सेवासमिति द्वारा नित्य प्रतिदिन होने वाली अष्टकोणीय आरती का भव्य आयोजन किया गया। श्रीहनुमान गढ़ी महंत बजरंग दास द्वारा यह दीपोत्सव अपने पिता की पुण्य स्मृति में कराया गया। महंत जी द्वारा सभी आरती आचार्यों को पोशाक वितरण किया गया।

# चार दिन से लापता युवक का शव मिला

**रहस्य गहराया**

▸▸ **काजीकमालपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के पीतमपुर गांव की घटना**

**संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर**

अमृत विचार। इमलिया सुल्तानपुर थाने की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र में सोमवार को चार दिन से लापता युवक का शव गन्ने के खेत में पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के पीतमपुर निवासी रवि (24) पुत्र कल्लू गुरुवार से अपने घर से गायब था। परिजनों ने रवि की काफी खोजबीन की लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लग सका था। सोमवार को रवि का भाई राजेश अपने खेत में जब खाद डालने गया तो खेत में ही कुछ दूरी पर उसको रवि के जूते दिखे। दुर्गंध महसूस होने पर वह गन्ने के खेत में ही लगे शीशम के पेड़ की तरफ गया जहां उसने रवि का शव पेड़ से लटकता देखा। उसने परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर एसएचओ इमलिया दयाशंकर मित्रा, काजीकमालपुर चौकी प्रभारी रामआसरे चौधरी मय दलबल मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। एसएचओ दयाशंकर मित्रा ने बताया कि युवक शराब का आदी था। गुरुवार को भी वह शराब के नशे में ही घर से निकला था और पेड़ से लटक कर उसने जान दे दी जिसकी परिजनों ने अभी तक पुलिस को कोई भी लिखित तहरीर नहीं दी है।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार की सुबह खेतों की तरफ गए लोगों को मूरतपुर थाना थानगांव निवासी राजेन्द्र के आम के पेड़ से एक युवक का लटकता शव दिखा। शव की शिनाख्त अशफाक (38) पुत्र हबीब निवासी ग्राम अलीबक्शपुरवा थाना थानगांव के रूप में हुई है। जानकारी होने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे।परिजनों के मुताबिक अशफाक मूरतपुर में स्थित गुड़बेल पर काम करता था। रखवाली भी वही करता था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सार-संक्षेप**

### विधान परिषद में उप नेता सदन बने जासमीर अंसारी



मिठाई खिलाकर एमएलसी को बधाई देते शुभचिंतक। अमृत विचार

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला शेख टोला निवासी विधान परिषद सदस्य मोहम्मद जासमीर अन्सारी को विधान परिषद में उप नेता सदन बनायें जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। उप नेता बनाए जाने पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, उन्होंने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है उसे वह पूरा करने में पीछे नहीं हटेंगे। विधान परिषद में उप नेता बनाए जाने पर क्षेत्र के पूर्व सभासद उमेश मल्होत्रा, अखिलेश यादव, रामानंद अवस्थी, विशाल कपूर, रामसेवक तिवारी, वसीम अन्सारी पूर्व सभासद, अब्दुल रऊफ पूर्व सभासद, आफाक, मुन्ना, नूर मोहम्मद, अहमद अली, हाफिज मेराज ने हर्ष व्यक्त किया।

### गर्भवती महिला ने दिया अविकसित बच्चे को जन्म, मौत

**सीतापुर,अमृत विचार।** सकरन इलाके में प्रसव के दौरान महिला ने चार हाथ पैर और दो मुंह वाले बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के लिए आई महिला ने अस्पताल के बाहर ही अद्भुत बच्चे को जन्म देने की सूचना से अस्पताल में हड़कंप गया। नर्स ने बच्चे द्वारा दूध न पीने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर करने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन इस दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। पीएचसी रेहान में किरतापुर निवासी रामपाल अपनी पत्नी पूनम को सोमवार सुबह तड़के करीब 3 बजे लेकर पहुंचे। महिला ने बताया कि स्टॉफ नर्स के अलावा कोई और न होने के चलते गेट पर ही बच्चे को जन्म दिया। सूचना के बाद नर्स ने बच्चे और मां को अस्पताल में भर्ती कर लिया। नर्स राजकुमारी ने बताया कि नवजात बच्चे के दो शरीर थे। जन्म के बाद बच्चा दूध नहीं पी पा रहा था, इसलिए उसे जिला अस्पताल रेफर करने की कार्रवाई चल रही थी कि तभी उसकी मौत हो गई।

### दबंगों ने कम्प्यूटर केंद्र के संचालक को दी धमकी

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरगांव-दतेली मार्ग पर ब्लाक के पास कंप्यूटर संचालक को रविवार की देर शाम दबंगों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। हरगांव के दतेली मार्ग पर रामनगर निवासी सुशील कुमार ने अखिल कम्प्यूटर के नाम से दुकान खोल रखी है। रविवार देर शाम लगभग 7 बजे ग्राम परसेहरानाथ निवासी अर्जुन अपना बैंक का पैसा निकालने आए थे। पैसा निकालते समय फिंगर लगाने को लेकर कुछ कहासुनी हो गयी।तभी साथ में आए सुनील कुमार निवासी परसेहरानाथ ने अपने छह साथियों के साथ गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी।थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच करके कार्यवाई की जायेगी।

**संपूर्ण समाधान दिवस** — सिधौली तहसील सभागार में डीएम और एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें, दिया निर्देश

# सार्वजनिक रास्तों पर न हो पाये अतिक्रमण

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली में डीएम अभिषेक आनंद एवं एसपी चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न हो पाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि सरकारी रास्ते, अवैध कब्जे आदि समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व विभाग को निर्देशित किया। सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न हो। किसान सम्मान निधि से संबंधित शिकायतों का जिला कृषि अधिकारी ईकेवाईसी कराकर निस्तारित करें। 168 शिकायतों में से 12 का निस्तारण कर दिया गया।



लोगों की शिकायतें सुनते डीएम अभिषेक आनंद व एसपी चक्रेश मिश्र। अमृत विचार

**28 शिकायतों में दो का निस्तारण: लहरपुर देहात।** तहसील सभागार में एसडीएम आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायतकर्ताओं ने प्रार्थना पत्र दिये। दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष 26 शिकायतों को संबंधित विभागों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, अधिशासी अधिकारी पालिका परिषद अनिरुद्ध पटेल, नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव, नायब तहसीलदार अरुण कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, एडीओ कृषि राजकुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

# कटान से गांवों को बचाने के हो रहे प्रयास

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल ने बताया कि शारदा नदी व घाघरा नदी की कटान से ग्रामों को बचाने के लिए निम्न कार्य कराए जा रहे हैं।

तहसील लहरपुर के ग्राम कोल्हूपुरवा देवपालपुर में शारदा नदी के बढे. जलस्तर ने बाढ़ बचाव कार्यों को नुकसान पहुंचाया था। जिसे गेबियान रोप में बालू की बोरिया भरकर एवं बम्बू क्रेट में बालू की बोरियां भरकर नदी के किनारे लगाकर कर पिछले एक सप्ताह से किनारों को मजबूत किया जा रहा है। तहसील बिसवां के ग्राम रतनगंज में शारदा नदी के बढ़े जलस्तर से बाढ़ बचाव कार्यों को नुकसान पहुंचा था। जिसे प्राथमिकता पर रात एवं दिन में गेबियान रोप में बालू की बोरियां भरकर एवं बम्बू क्रेट में बालू की बोरियां भरकर एवं कंक्रीट पर्कुपाइन नदी के किनारे लगाकर कर किनारों को मजबूत कर दिया गया है। घाघरा नदी में बहाव दायें किनारे पर अत्याधिक होने के कारण तहसील बिसवां के ग्राम पंचायत गोलोक कोडर के मजरा दुर्गापुरवा में स्थित बाढ़ बचाव कार्य को घाघरा नदी द्वारा नुकसान पहुँचाया गया था, जिस पर विगत 1 सप्ताह से लगातार कार्य कराया जा रहा है।

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभि:॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है-धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

## संपादकीय

# वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

# शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है,जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरसपोंडेन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।

उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

## प्रसंगवश

# डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो,मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा,स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं,जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया,बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है,जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है,मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है,अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

# संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय


कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं,संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं,लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों,वाचाल नहीं हो पाते हों,साहस नहीं दिखा पाते हों,लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

## सोशल फोरम

# कृष्ण चंदर का तारीखी गधा

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।


अशोक पांडे
हल्द्वानी

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

**-फेसबुक वॉल से**

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन , ब्राजील , आस्ट्रेलिया हैं।

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है,लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है,अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति,ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी,वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है,लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए,यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे,लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं,ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है,क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

# वह मर गया है, जीवित नहीं है

वह मर गया है,जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्धियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है,वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता,वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

# नैनी सेंट्रल जेल से सजायाफ्ता बंदी फरार, 4 सस्पेंड

## महोबा जेल से पांच महीने पहले भेजा गया था ट्रांसफर, गैंगरेप के मामले में काट रहा था सजा

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** केंद्रीय कारागार नैनी में गैंगरेप के मामले में सजा काट रहा सजायाफ्ता बंदी शनिवार को जेल से फरार हो गया। बंदी के फरार होने की खबर से जेल आधिकारियों में खलबली मच गयी। जेल में तत्काल सायरन बजाया गया। जेल प्रशासन ने इसकी जानकारी तत्काल प्रयागराज पुलिस को दी गयी। आनन फानन में फरार बंदी की तलाश के लिए टीमें लगाई गयी, लेकिन दो दिन बाद भी बंदी का सुराग नही लग सका। बंदी की गिरफ्तारी के लिए लगातार टीमें छापेमारी की जा रही है।



फरार आरोपी काली चरण की फोटो।

जानकारी के मुताबिक महोबा जिले के सिटी कोतवाली अंतर्गत पसवारा गांव का रहने वाला काली चरण पुत्र मुल्लु 28 वर्ष नैनी सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर दो में सजा काट रहा था। आरोपी के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को 20 साल की सजा पड़ने के बाद सजा काटने के लिए 9 मार्च 2024 को महोबा जेल से नैनी सेंट्रल जेल ट्रांसफर किया गया था। जेल में उसकी ड्यूटी बाहर बाग़ कमान में लगाई गयी थी। जहां वह खेती करता था। शनिवार की सुबह कमान निकलने के बाद वॉर्डर सभी बंदियों को काम करने के लिए टीम महिला जेल के पीछे कृषि फ़ार्म की ओर ले गये थे। बंदियों के साथ सुरक्षा के लिए एक हेड वॉर्डर बलवीर यादव व वॉर्डर बृजेश यादव, अभिषेक सिंह, आशुतोष चतुर्वेदी की ड्यूटी लगाई गयी थी। काली चरण गर्मी का बहाना करते हुए जेल से मिलने वाली बंदियों की वर्दी को उतार दिया। सूत्रों के मुताबिक वह कही अंदर ही छिप गया। कमान खत्म होने के बाद अंधेरा होने का फायदा उठाते हुए कृषि फ़ार्म में ही किसी पेड़ पर चढ़ गया और दीवार फांद कर फरार हो गया। कमान वापसी के दौरान बंदियों की गिनती में एक बंदी कम होने पर उसकी तलाश शुरु की गई, लेकिन वह नही मिला। जेल में तत्काल अलार्म बजाया गया। बंदी के फरार होने की जानकारी वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर को दी गई। काफी खोजबीन के बाद भी बंदी का सुराग नहीं लग सका। बंदी के फरार होने की जानकारी के बाद दूसरे दिन डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय ने भी जेल पहुंचकर मामले की जानकारी की। सूत्रों के मुताबिक फरार बंदी काली चरण की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है। इस टीम में जेल, यमुनानगर और प्रयागराज की टीम शामिल है। फरार बंदी की तलाश के लिए टीम महोबा भी गयी हुई है।

> जेल से बंदी के फरार होने की जानकारी हुई है। बंदी कैसे फरार हुआ इसका पता लगाया जा रहा है। फरार बंदी को गिरफ्तार करने के लिए टीमें लगाई गई है। फिलहाल अभी बंदी को गिरफ्तार नही किया जा सका है। इस मामले एक हेड वार्डन और तीन वार्डन को सस्पेंड भी किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।
>
> –रंग बहादुर पटेल, वरिष्ठ जेल अधीक्षक, नैनी सेंट्रल जेल

### पहले भी भाग चुका है महोबा का बंदी

नैनी सेंट्रल जेल से 2018 में भी एक बंदी राजू बसोर फरार हुआ था। वर्ष 2007 से नैनी जेल में बंद था। वह महोबा के बसोर का रहने वाला था। उस बंदी को भी धारा 302 एवं 376 के तहत उम्रकैद की सजा मिली थी। वह अन्य कैदियों के साथ उसे खेत में काम करने गया और फरार हो गया। जिसे एसटीएफ ने पकड़ा था।

### आज आऐंगे डीजी जेल, करेंगे निरीक्षण

मंगलवार को नैनी सेंट्रल जेल का निरीक्षण करने जेल महानिदेशक जेल पी वी रमा शास्त्री आएंगे। वह जेल का निरीक्षण भी करेंगे। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर नव बताया कि वह जेल का मुआयना करने के साथ यहां की व्यवस्थाओ को देखेंगे। उन्होंने बताया कि जेल के बंदियों के बारे में भी जानकारी करेंगे।

## सार-संक्षेप

### बजट में रोजगार के अवसर होंगेः सुरेश खन्ना

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना सोमवार को प्रयागराज में अधिकारियों के साथ बैठक की। सर्किट हाउस में आयोजित इस बैठक में उन्होंने महाकुंभ को लेकर प्रयागराज में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि 2019 में हमारी सरकार ने कुंभ मेले का आयोजन करवाया था, जिसमें दुनिया भर से लोग पहुंचे थे। 2025 में होने वाला कुंभ मेला भी भव्य और दिव्य होगा। कांवड़ यात्रा पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का जो मंत्र दिया। हमारी सरकार उसी मंत्र के हिसाब से काम कर रही है। केंद्रीय आम बजट पर कहा कि ये बजट विकसित भारत की दिशा में सर्व समावेशी बजट होगा। जिसमें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही यह बजट जनकल्याण की दिशा में काम करेगा।

### कोटार नाथ शिव मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार गांव के अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित स्वयं प्राकट्य प्राचीन कोटार नाथ शिव मंदिर पर सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही शिव भगवान के जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ जुट गई ।कोटार नाथ शिव मंदिर में सावन के पहले सोमवार को लगभग पचास हजार भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया है। भक्त हांथ में गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, भांग, दुध, नारियल, चुनरी, अक्षत, पुष्प आदि चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए अर्पित किया है। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया वैसे वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई भक्त कतारों में लगकर जलाभिषेक किया है ।हर हर महादेव के जयकारे से गूंजा रहा ।वंही बगल में स्थित यज्ञशाला में शिव जाप का अखंड कीर्तन चलता रहा। क्षेत्रीय भक्तों के अलावा प्रयागराज, मध्यप्रदेश, मिर्जापुर, मड़िहान, सोनभद्र, भदोही आदि स्थानों से आए भक्तों ने जलाभिषेक किया है ।बाबा बैजनाथ धाम शिव मंदिर में जलाभिषेक करने वाले कांवरियों द्वारा कोटार नाथ शिव मंदिर में पंहुचकर जलाभिषेक किया जाता है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चक्रमण करते रहे एसआई बाली मौर्य पुलिसकर्मियों एंव महिला पुलिसकर्मियों के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे ।मंदिर पूजारी जयराम व शिवराम गिरि ने बताया कि लगभग पचास हजार भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया है ।शिव मंदिर के पूर्वी हिस्से में माता पार्वती के मंदिर में गठबंधन भी कुछ भक्तों ने किया।

### वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते ब्लॉक प्रमुख

**संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** विकासखंड राजगढ़ ब्लाक मुख्यालय परिसर में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल के लिए ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी का हक है कि सभी को शुद्ध जल मिले इसके तहत सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचना हम सभी का लक्ष्य है। यह सरकार की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण योजना है, जो हर घर नल योजना के तहत जुड़ी हुई है। जहां–जहां पाइपलाइन नहीं लगी है। वहां अभी पाईप लाइन लगाकर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया करना हम सभी का अधिकार है। सभी को शुद्ध पेयजल मिले। इसके लिए रोजाना बैठक कर गांव में प्रगति की जानकारी ली जा रही है। जल जीवन मिशन जल गुणवत्ता जल गुणवत्ता–सूचना शिक्षा संचार योजना अंतर्गत राज्य पेयजल स्वछता मिशन ( राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन) द्वारा इन्पैनल्ड सूचीबद्ध एजेंसी–विंग्स लखनऊ, के माध्यम से जनपद मीरजापुर में विकास खण्ड राजगढ़ में ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह तथा सहायक विकास अधिकारी आईयसबी अजय कुमार सिंह, ए डीओ यसटी संजय कुमार द्वारा राजस्व स्तर ग्राम स्तर पर चलाया जा रहा है।

### सड़क, बिजली की मांग को लेकर डीएम से मिले सपा जिलाध्यक्ष

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी लोंहदी महावीर मन्दिर की सड़क व लाइटिंग की व्यवस्था की माँगों को लेकर पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने चार सूत्रीय माँग पत्र जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को सौपा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा लोंहदी महाबीर जाने की सड़क व लाइटिंग की व्यवस्था न होने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री चौधरी ने जिलाधिकारी से कहा कि तत्काल लाइटिंग तथा सड़क की मरम्मत कराई जाय। साथ ही साथ उन्होने कहा कि लालगंज क्षेत्र के दर्जनों गाँवों में पाईप लाईन व टोटी नही लगाई गई है जैसे ग्राम कटाई, रजई, बेलहा, थरपरसिया आदि गाँव छोड़कर लगाया गया है जिसका सत्यापन कराकर कार्यवाही की जाय। सबरी चौराहा से हयात नगर नाले पर ढक्कन व साफ सफाई, दवाई आदि का छिड़काव कराये जाने की आवश्यकता है। बरियाघाट से लेकर कावरियों के जाने वाले रास्ते पर साफ–सफाई व सड़क की मरम्मत कराई जाय अन्यथा समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरने के लिये बाध्य होगी। इस अवसर पर जमाल अहमद, अरशद अली, सत्यप्रकाश यादव, राममिलन यादव, सैफ अली अंसारी, भरत बिन्द आदि लोग मौजूद रहे।

### वरिष्ठ समाजसेवी की माता ने किया पौधरोपण

**शाहगंज, जौनपुर। अमृत विचार :** वरिष्ठ समाजसेवी, हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक एवं डायरेक्टर सिटी नर्सिंग डॉ शैख़ मोहम्मद तारिक़ की माता शैख़ रिज़वाना खातून के हाथों से सिटी नर्सिंग होम के प्रांगण में दोपहर एक बजे पौधरोपण किया गया जिसमें दर्जनों पेड़ जैसे नीम, सागौन, आम, जामुन का पौधा रहा। इस मौके पर सिटी नर्सिंग होम की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ सैय्यदा हुमेरा बानो ने लोगों से बरसात में पेड़ लगाने की अपील किया। साथ ही पेड़ों से होने वाले फायदे भी बताते हुये कहा कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें पेड़—पौधों की रक्षा एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर हाजी सदरुद्दीन शैख़, हाफ़िज़ अबुज़र, डॉ काशिफ अशरफ, मोहम्मद क़ासिम, सिटी नर्सिंग के समस्त स्टॉफगण आदि उपस्थित रहे। अन्त में डॉ शैख़ ने समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार भाई बहन समेत तीन घायल

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मझियार पेट्रोल पंप के पास सोमवार की सुबह दर्शन कर वापस लौट रहे बाइक सवार भाई बहन व एक किशोरी की बाइक में बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चौकी अंतर्गत सहजी गांव निवासी 20 वर्षीय दिलीप बाइक से अपनी बहन 18 वर्षीय दुर्गावती व गांव के ही 15 वर्षीय अंतिमा के साथ सावन के पहले सोमवार को कोटार नाथ शिव मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए आया था और दर्शन पूजन करने के बाद वापस घर लौट रहा था कि जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग मझियार पेट्रोल पंप के पास पंहुचा कि तेजगति से आ रहे बोलेरो वाहन के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये, जहां पर चिकित्सक रीना पटेल ने घायलों का उपचार किया है। इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल ने बताया कि बोलोरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल होकर उपचार के लिए आये थे उपचार किया जा रहा है।

### तहसील परिसर में किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

**नैनी, अमृत विचार :** प्रयागराज के यमुना नगर स्थित मेजा तहसील में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक किसान ने आत्मदाह का प्रयास किया। घटना उस समय का है जब संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था। सभी अधिकारी मौके पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान किसान टीन लेकर पहुंचा और उसे पीटकर बजाने लगा। मेजा तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था। अधिकारी मौके पर फरियादियों की फरियाद सुन रहे थे। इसी दौरान एक फरियादी टीन लेकर पहुंचा और लोगों का ध्यान खींचने के लिए डंडे से पीटने लगा। देखते ही देखते वहां लोगों का मजमा लग गया। उसने पेट्रोल से भरी बोतल निकालते हुए बताया कि बार बार तहसील का चक्कर लगाने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। वह आत्मदाह करने का प्रयास करने लगा। लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव करके उसे शांत किया।

# हर पात्र को मिलेगा पक्का मकानः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पात्र को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मामले में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा, जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी।



गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में युवती से शिकायती पत्र लेते मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही, अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए 'एस्टीमेट' की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरा कर शासन में उपलब्ध कराया जाय। एस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को सबक सिखाया जाए। वहीं, जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। सीएम ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया। सावन के पहले सोमवार को मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में शिव की पूजा-अर्चना की।

# विधान सभा : जल्द तय होगा नेता प्रतिपक्ष का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधान परिषद में सपा नेता लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का नाम तय होगा। 29 जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल सत्र के पहले नाम तय होना है। अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे, पर कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा है।

सपा प्रमुख के इस पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री शिवपाल यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने की चर्चा चल रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव के नेता प्रतिपक्ष बनने से उनका नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना मुश्किल बताया जा रहा है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि दोनों सदनों में नेता विरोधी दल एक ही बिरादरी को बनाये जाने से पार्टी बच रही है।

**परिषद में खाली था नेता प्रतिपक्ष का पद :** विधान परिषद में अभी तक नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा था। लाल बिहारी यादव परिषद में सपा दल के नेता थे, पर सदन में सपा सदस्यों की पर्याप्त संख्या नहीं थी, इसलिए नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त था।

# बाइक समेत बाण सागर नहर में गिरा युवक, मौत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया बाणसागर नहर में रविवार को बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिरने से मौत हो गई। युवक का शव घटना स्थल से करीब छह किलोमीटर दूर बरुआ गांव में शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हलिया थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी 32 वर्षीय रंगीलाला अपने ससुराल उमरिया गांव में पत्नी का दवा इलाज कराने के लिए आया था। इसके बाद बाइक से अपने घर रविवार को लौट रहा था। बाण सागर नहर के पुलिया पर पहुंचने पर बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक का शव बाण सागर नहर बहते हुए करीब छह किलोमीटर दूर बरुआ गांव में उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश मय हमराह कांस्टेबल के साथ बरुआ गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ससुराल से घर लौटते समय बाइक सवार युवक की नहर में गिरने से मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मुफ्त बीयर न देने पर युवकों ने की तोड़फोड़

**नैनी, अमृत विचार :** प्रयागराज स्थित यमुना नगर के घूरपुर इलाके के एक बीयर शॉप में रविवार की रात युवकों ने खूब हंगामा किया। मुफ्त में बीयर न देने पर दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस युवकों की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक घूरपुर इलाके में बीयर शॉप पर कुछ युवक पहुंचे और बियर लिया। बीयर पीने के बाद युवकों का शॉप संचालक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप हैं कि इसके बाद युवकों ने लूट की भी कोशिश की। दुकान में लगी ग्रिल को गिराने की भी कोशिश किया गया। शाप में लगे कैमरे में घटना कैद हो गई है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया की सीसी टीवी के माध्यम से आरोपियों की पहचान की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर सभी की तलाश की जा रही है।

# एडीएम ने सुनीं लोगों की समस्या

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचारः** लालगंज तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान अपर जिलाधिकारी भू राजस्व सत्यप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 180 मामले आये मौके पर 29 मामलों का निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष प्रार्थना मामले के निस्तारण के लिए संबंधित को दिया गया है। जिससे मामले का निस्तारण कर आख्या प्रेषित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के मामले में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी भू राजस्व की देखरेख में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 180 मामले आये मौके पर 29 मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। इस दौरान एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र, तहसीलदार लालगंज आशीष कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार लालगंज सीवी सागर, सीओ लालगंज अमर बहादुर, खंड विकास अधिकारी लालगंज बबीता सिंह, हलिया डा. राजीव कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष लालगंज संजय सिंह, ड्रमंडगंज अरविन्द कुमार सरोज, आदि मौजूद रहे।



**▸▸ समाधान दिवस में 180 मामले में 29 का हुआ निस्तारण**

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

**मड़ियाहूं, जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में स्थानीय तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए मौके पर ही उनकी समस्या का निस्तारण कराया। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की 06 संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर अवैध सरकारी जमीनों पर कब्जा हटाने हेतू कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जमीनों के सामांकन करने के लिए भी निर्देश दिया। उन्होंने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने कार्यालय में समय से उपस्थित होकर समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# पिकनिक मनाने गये दो युवक डूबे, मौत

संवाददाता, जौनपुर

**▸▸ कुशियरा दरी के जल प्रपात में स्नान करते समय हुआ हादसा, शव बरामद**

**अमृत विचार।** मिर्जापुर में पिकनिक मनाने गये लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चौकीपुर-मीरपुर के दो युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई। बाकी तीन अन्य साथी शोर मचाते हुए पानी से बाहर निकलकर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही लालगंज थाना प्रभारी मयबल मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की काफी खोजबीन के बाद शवों बरामद कर लिया।

बता गया कि लाइन बाजार से 8 युवकों की टोली आर्टिगा कार से मिर्जापुर कुशियरा दरी जलप्रपात पिकनिक मनाने पहुंची थी। उसमें 3 युवक बाटी चोखा बनाने में जुट गये। अन्य पांच में दीपक उर्फ छोटू (19), विशाल सोनकर (20), गणेश बाल्मिकी (27), राहुल कुमार (22), सूरज गुप्ता (21), मकसूद अहमद (23) व इम्तियाज (25) जलप्रपात में नहाने चले गये। जौनपुर के लाइन बाजार निवासी गणेश बाल्मिकी के ननिहाल इमामबाड़ा मीरजापुर से पवन कुमार व राजाबाबू भी साथ में आये थे। नहाते समय फिसलने से गहरे पानी में चले गये, जिसमें दो युवक लापता हो गये। यह देख अन्य साथी शोर मचाते हुए तत्काल लालगंज थाना पुलिस को सूचना दिये। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी संजय सिंह शव का तलाश करना चाहा लेकिन रात का अंधेरा होने के कारण शव की खोज नहीं हो पाये। उधर, युवकों को डूबने की सूचना मिलने पर जौनपुर से उनके स्वजन देर रात कुशियरा दरी जलप्रपात पहुंच गये थे। सोमवार की सुबह दीपक उर्फ छोटू मौर्य का पानी में उतरामा मिला। पुलिस एक शव बरामद करने के बाद दूसरे शव की तलाश में जुट गई। शव न मिलने पर उच्चाधिकारियों को सूचना देकर गोताखोर को मौके पर बुलाया गया। गोताखोरों ने काफी मशक्कत कर विशाल नामक दूसरे युवक के शव को तलाश कर बाहर निकाला। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, थानाध्यक्ष संजय सिंह, उपनिरीक्षक बजरंग बली चौबे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# एक वृक्ष मां के नाम संदेश को जन-जन तक पहुचायेंः सीओ

संवाददाता, केराकत, जौनपुर

**अमृत विचार।** जिले को हरा-भरा बनाये रखने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को सिहौली गांव में स्थित गोमतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में क्षेत्राधिकारी चंचल त्यागी ने पौधरोपण करके विभाग के समस्त कर्मचारियों, अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनता ने एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम समर्पित करते हुए उसके वृक्ष बन जाने तक उसकी सुरक्षा एवं देखभाल करने का प्रण लिया।

क्षेत्राधिकारी चंचल त्यागी ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने में अहम भूमिका अदा करते हैं। वृक्षारोपण के बाद क्षेत्राधिकारी ने गोमटेश्वर मंदिर का निरीक्षण कर नाविकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दर्शनार्थियों को नाव से नदी में सैर न कराए। वहीं, मौजूद सहायक विकास अधिकारी डॉ. रामकृष्ण यादव ने कहा कि पौधरोपण के तहत सभी ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह, सचिव आसिफ अंसारी, सचिव मटरू राम, सफाईकर्मी अजय सिंह, रमेश कुमार, केशव लाल, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# श्रावण मास : पहले सोमवार पर जलाभिषेक को उमड़ी भीड़

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** सावन मास के पहले सोमवार पर प्रयागराज के सभी शिवालयों में भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान कर शिवालयों में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालु लंबी कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। शिवालयों में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किये गये।

श्रावण का पवित्र महीना भगवान भोले शंकर का विशेष माना जाता है। इस महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। श्रावण मास को लेकर यमुना तट पर स्थित प्राचीन और पौराणिक मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। भगवान भोले के भक्त उन्हें जो वस्तुएं प्रिय हैं गंगाजल, बेलपत्र, दूध.और आदि, भस्म आदि से उनका अभिषेक कर रहे हैं। मनकामेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालु वर्षों से आ रहे हैं। लोगों की ऐसी आस्था और विश्वास है कि यहां आने और पूजा अर्चना करने से उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं सावन के पहले सोमवार के मौके पर दशाश्वमेध घाट पर भी बड़ी संख्या में कावड़िए गंगा जल भरने पहुंच रहे हैं। श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार को लेकर संगम नगरी प्रयागराज के शिवालयों में खास तैयारी की गई है। विश्व प्रसिद्ध प्राचीन और पौराणिक मनकामेश्वर महादेव मंदिर में प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे और बैरीकेटिंग लगाई गयी है। वहीं नैनी के सोमेश्वर महादेव, मनकेश्वर, पड़िला महादेव, कमौरी नाथ महादेव, समोगर नाथ समेत तमाम मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से शाम तक जुटी रही। भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। खास बात यह रही कि मनकामेश्वर मंदिर में सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ आर एफ एफ और एंटी सोबेटाज चेकिंग भी लगाई गई। वहीं पूरे मंदिर परिसर की सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। मंदिर के महंत ब्रह्मचारी श्री धरानंद महाराज ने बताया कि मनकामेश्वर मंदिर में भगवान राम ने भी काम को भस्म कर पूजा अर्चना की थी। इसलिए इसे कामेश्वर तीर्थ के रूप में भी जाना जाता है।



नैनी के सोमेश्वर महादेव में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार



## ऑडिट टीम ने देखी विकास कार्यों की हकीकत

**हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचारः** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत कोटार में सोमवार को सोशल आडिट टीम ने विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया। इस दौरान बैठक करके मनरेगा मजदूरों से भी मजदूरी आदि के बारे में जानकारी ली गई। ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए सभी कार्यों का उसके स्टीमेट के अनुसार भौतिक सत्यापन किया गया तथा मौके पर उपस्थित जनसमुदाय से कराए गए कार्यों के बारे में उसकी गुणवत्ता के बारे में पूछताछ की गई। इसमें मुख्य रूप से कराए गए कार्यों जैसे नाली, चकरोड का निर्माण, आदि कार्यों का सत्यापन किया। इस दौरान राजेश कुमार, समरजीत सिंह, ग्राम प्रधान विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

# जेल में बंदी की मृत्यु पर मुआवजा देने का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ बाराबंकी के रामधन को साढ़े तीन लाख तो बागपत के शाकिर के परिजन को दो लाख**

**अमृत विचारः** जेल में विचाराधीन बंदी की मृत्यु पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आदेश मिलते ही प्रदेश की राज्यपाल ने मुआवजे की संस्तुति कर दी है। एक प्रकरण बाराबंकी का है तो दूसरा प्रकरण बागपत का है।

बाराबंकी में विचाराधीन बंदी रामधन उर्फ हंटरी की जेल में 21 जून 2019 को मृत्यु हो गई थी। इस दौरान इनके परिजनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का रुख किया। तमाम सुनवाई के बाद आयोग ने रामधन के परिजनों को साढ़े तीन लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश प्रदेश सरकार को दिया। उधर, बागपत में विचाराधीन बंदी शाकिर की मृत्यु 26 जनवरी 2019 को हो गई थी।

शाकिर के प्रकरण पर भी लंबी सुनवाई के बाद आयोग ने दो लाख रुपए देने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद राज्यपाल की संस्तुति मिलते ही शासन के संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने महानिदेशक कारागार को पत्र लिखकर तत्काल परिजनों को मुआवजा देने को कहा है।

## एक नजर

### सरयू का पानी घटने से बढ़ी कटान की मुसीबत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को सरयू नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट आई, तो इससे हेतमापुर बाढ़ग्रस्त इलाके में बाढ़ का पानी भी नदी में खिसक गया। पानी घटने के साथ कटान से मुसीबत बढ़ गई है। घाघरा नदी तटीय क्षेत्रों में तेजी से कटान कर रही है। कटान के चलते बबुरी, हेतमापुर, केदारीपुर, सरसंडा व कचनापुर गांव का अस्तित्व अब खतरे की ओर बढ़ रहा है। उधर सुंदरनगर, हेतमापुर, बलाईपुर, बाबापुरवा और क्योलीपुरवा आदि गांवों के किनारे भरा हुआ पानी भी वापस नदी में खिसक रहा है। पानी खिसकने के बाद गांवों में हर तरफ कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। इन क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या मच्छरों का प्रकोप बनकर सामने आ रही है, तो उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों में एंटीलार्वा, ब्लीचिंग पाउडर छिडकवाने में जुट गई है।

### अपहरण का आरोपी नाबालिग के साथ गिरफ्तार

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण के आरोपी युवक को लड़की के साथ गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है। शनिवार को थाना लोनीकटरा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री के अपहरण की सूचना पुलिस को देकर एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सोमवार की सुबह लोनीकटरा पुलिस ने लड़की को उस युवक के साथ हुसेनाबाद चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक को जेल भेजा दिया। जबकि लड़की का मेडिकल करवाकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दुष्कर्म के दोषी को दो वर्ष का कठोर कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने सोमवार को आपराधिक मामलों मे थाना क्षेत्र देवा के निवासी रामपुर कुडेलवा निवासी उमेश यादव को दुष्कर्म करने, गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले मे दो वर्ष की कैद व पांच सौ रुपये जुर्माने की साथ सजा सुनाई है।

### सर्पदंश से ग्रामीण गंभीर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा हैदरगढ़ के कोठी मोहल्ला निवासी एक 45 वर्षीय शख्स सोमवार सुबह लगभग 7 बजे सर्प दंश का शिकार हो गया। सीएचसी लाये गये मो. अली पुत्र नादिर अली को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

# लोधेश्वर महादेवा में एक लाख भक्तों ने किया जलाभिषेक

## आधी रात से कपाट खुलते ही शिवभक्तों की लगी भीड़, भक्तों की पूजा-अर्चना के बीच गूंजे हर-हर-बम-बम भोले के जयकारे



महादेवा मंदिर के कपाट खुलते ही जलाभिषेक के लिए उमड़े भक्त। अमृत विचार



मंदिर परिसर में रातभर लगी रही भक्तों की लंबी कतारें। अमृत विचार



जलाभिषेक के लिए महिला श्रद्धुलाओं का भी लगा तांता।



अवसानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक से पहले गोमती नदी में स्नान करते शिवभक्त। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** सावन के पहले सोमवार को जिले के लोधेश्वर महादेवा सहित जिले के सभी शिवालयों में हर-हर-बम-बम की गूंज रही। वातावरण शिवमय रहा। जिसे देखो वह शिवालयों की ओर हाथ में लोटा और बेलपत्र आदि पूजन सामग्री लेकर जाता दिखा। रामनगर के पौराणिक स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम में श्रद्धालुओं का विशाल सैलाब उमड़ा। आधी रात के बाद मंदिर के कपाट खुलते ही बम-बम भोले के जयकारों के बीच शिवभक्तों का जलाभिषेक करने सिलसिला शुरू हो गया। जो सोमवार देर शाम तक चलता रहा। करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने आदिदेव महादेव की पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की।

सावन मास के पहले सोमवार पर जलाभिषेक के लिए सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम में रविवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा था। महादेवा के मार्गों से लेकर मंदिर व मेला परिसर में चारों ओर भगवा रंग के कपड़े पहने शिवभक्तों की टोली भजन-कीर्तन करती रही। जिससे पूरा महादेवा क्षेत्र शिवमय बना रहा। चारों ओर हर-हर, बम-बम के जयकारे गूंजते रहे। रविवार की शाम से ही पुरुष व महिला श्रद्धालु कतारों में लगकर हाथों में जल, पुष्प, भांग, धतूरा, अक्षत और मिष्ठान आदि पूजन सामग्री लिए हुए दर्शन को लालायित दिख रहे थे। मंदिर प्रशासन द्वारा रात्रि 12 बजे के बाद मंदिर के कपाट खोल दिए गए। जिसके बाद शिवभक्तों ने महादेव के जयकारे लगाते हुए मंदिर में प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर गर्भगृह में भक्तों की भीड़ को संभालने में पुलिस के पसीने छूट रहे थे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस व पीएसी के जवान जगह-जगह तैनात रहे। एसडीएम पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक कुमार पाठक, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, कोतवाल रत्नेश पांडेय, मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज संतोष त्रिपाठी समेत भारी पुलिस फोर्स मुस्तैदी से जुटा रहा।

**मरीं अभरन सरोवर की मछलियांः** महादेवा के अभरन सरोवर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोर तैनात किये गये थे। लेकिन रविवार की रात्रि अभरन सरोवर तालाब की तमाम छोटी-बड़ी मछलियां काल के गाल समा गईं। सोमवार को सैकड़ों मृत मछलियां उतराता देख हड़कंप मच गया।

### अधूरी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं पर पड़ रहीं भारी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा के सावनी मेले को लेकर जिला पंचायत के अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे। विभाग के द्वारा की गई आधी अधूरी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं पर भारी पड़ रही हैं। लोधौरा चौराहे से मेला बाग तक प्रकाश की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। सूरतगंज महादेवा मार्ग से हजारों शिवभक्त हाथों में जल लेकर पग यात्रा करते हुए रविवार की रात्रि महादेवा पहुंचे थे। रैन बसेरों की उचित व्यवस्था न होने के चलते मेला बाग में भजन कीर्तन कर रहे थे। जहां पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं थी। इन दिनों बरसात के कारण तमाम विषैले कीड़े मकोड़ों का खतरा बना हुआ है। जिला पंचायत के द्वारा मेला बाग में शिवभक्तों के लिए पंडाल भी नहीं लगाया गया है। बोहनिया तालाब पर भी जाल नहीं लगाया गया है। मंदिर के पास लगी मर्करी लाइट में करंट आ रहा था। जिसका कनेक्शन काट दिया गया था। अभी तक उसे भी सही नहीं किया गया है।

### सावनी मेले में वाहन स्टैंड पर मनमानी वसूली

लोधेश्वर महादेवा में सावनी मेले के प्रथम सोमवार पर वाहन स्टैंड ठेकेदार व उनके कारिंदों द्वारा मेले में आने वाले दोपहिया व चार पहिया वाहनों के चालकों से मनमानी तरीके से जमकर वसूली की गई। महादेवा ऑडिटोरियम वाहन स्टैंड सहित चार वाहन स्टैंडों पर अशोक शुक्ला व उनके सहयोगियों द्वारा प्रति मोटरसाइकिल 20 रुपये, ऑटो रिक्शा 50 रुपये, बोलेरो व अन्य वाहनों से 100 रुपये तथा प्रति बस 200 रुपये की वसूली की गई। वसूली का आलम यह था कि सड़क मार्गों के किनारे खड़े वाहनों से भी वसूली की गई। स्थानीय लोगों को भी नहीं बक्शा गया। इसके चलते ठेकेदार व स्थानीय लोगों में जमकर तकरार भी हुई। क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि अवैध वसूली के चलते जिस तरह महादेवा का अगहनी मेला खत्म हो गया है। इसी तरह शासन प्रशासन ने मानक विहीन वसूली पर रोक न लगायी तो सावनी मेले का भी अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

## अन्य शिवालयों में भी गूंजता रहा हर-हर-बम-बम

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



लखपेड़ाबाग के शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।



सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक करते पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रामनगर के लोधेश्वर महादेवा के अलावा सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के कुंतेश्वर महादेव, हैदरगढ़ क्षेत्र के औसानेश्वर महादेव, त्रिवेदीगंज के सोनेश्वर महादेव, रामसनेहीघाट के बुढ़वा बाबा महादेव, सिद्धौर के सिद्धेश्वर महादेव, बंकी के खसपरिया स्थित मत्थेश्वर महादेव व जिला मुख्यालय पर नागेश्वर नाथ महादेव, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर कैलाश आश्रम, लखपेड़ाबाग शिव मंदिर, बावली शिव मंदिर पीर बटावन, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आवास विकास कॉलोनी, नीलकंठेश्वर, किल्लेश्वर, भुवनेश्वर महादेव, दुग्धेश्वर महादेव व कंकड़ेश्वर महादेव मंदिर समेत जिले के सभी शिवालयों पर पर भक्तों की कतारें सुबह से ही देखी गईं। ऊं नमः शिवाय का पाठ भी कई मंदिरों में होता रहा, जिसमें शिवभक्तों की भीड़ रही।

हैदरगढ़ के औसानेश्वर महादेव मंदिर में सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही जलाभिषेक के लिए पूरा परिसर श्रद्धालुओं से भरा हुआ था। दिनभर जलाभिषेक का तांता रहा। मेला भी लगा। हैदरगढ़ कस्बे में रामेश्वर शिवाला, किलेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव का भी भक्तों ने जलाभिषेक किया। मजीठा स्थित नाग देवता मंदिर व उसी परिसर में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ जुटी। यहां मेला भी लग रहा है। नाग देवता की बांबी पर भक्तों ने दूध व चावल चढ़ाया। रामसनेहीघाट में कल्याणी तट पर स्थित बुढ़वा बाबा शिव मंदिर पर सोमवार भोर तीन बजे से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। तमाम श्रद्धालुओं ने कल्याणी नदी में डुबकी लगाकर जलाभिषेक किया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के वनखंडेश्वर महादेव सहित अन्य मंदिरों में जलाभिषेक का क्रम सुबह चार बजे से ही शुरू हो गया। दिनभर तांता लगा रहा। नगर पंचायत सिद्धौर के प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भक्तों ने जलाभिषेक किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ महाराज का विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। इसके अलावा कस्बा मसौली, बांसा, बड़ागांव, सफदरगंज, उधौली, सैदनपुर, सिसवारा, जकरिया, भयारा, त्रिलोकपूर, बिंदौरा, रानीबाजार और सुरवारी सहित क्षेत्र के गांवों के शिवालयों में जलाभिषेक हुआ। गांवों के लोग लोधेश्वर महादेवा भी जलाभिषेक के लिए भी पहुंचे।

### लोधेश्वर महादेवा पहुंची दो महिलाओं की चेन चोरी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर लोधेश्वर महादेवा के दर्शन करने आईं दो महिला श्रद्धालुओं की चेन चोरी हो गई। पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लखनऊ व कानपुर की दो महिलाएं परिवार के साथ महादेवा पूजा दर्शन करने आई थीं। सुबह के वक्त जलाभिषेक करते समय गर्भ गृह के भीतर से उनकी चेन गले से गायब हो गईं। लखनऊ की रहने वाली महिला श्रद्धालु ने जब बाहर आकर अपना गला चेक किया तो चेन गायब थी। यह देख पास में खड़ी कानपुर की महिला ने भी अपनी चेन देखी तो वह भी नही मिली। उसी वक्त वह रोने चिल्लाने लगी। महिलाओं का कहना था कि चोर महिलाएं मेरे पीछे ही थीं। गर्भ गृह के अंदर जलाभिषेक करते समय मेरे गले की चेन खींची है। यदि सीसीटीवी फुटेज में दिखेंगी तो मैं उन्हें पहचान सकती हूं। फिलहाल पुलिस के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि मेले के बाद कैमरों के माध्यम से चोरों की तलाश की जाएगी।

## चौराहे के पास दुकान के पीछे मिला युवक का शव

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। शव चौराहे के पास दुकान के पीछे पड़ा हुआ मिला। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के चंदूरा गांव के निवासी अमरेंद्र राठौर का तीस वर्षीय पुत्र मुकेश का शव सोमवार की शाम मोहम्मदपुर खाला चौराहे के निकट अमित के होटल के पीछे पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची हुई पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत अत्यधिक शराब के सेवन से होना प्रतीत हो रही है। पोस्मार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रविवार की देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक नौकरी पेशा अधेड़ की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ही नरौली गांव निवासी कृष्ण भान सिंह 55 वर्ष बीबएचईएल जगदीश पुर में नौकरी करते थे। अन्य दिनो की तरह आधी रात के करीब अपनी बाइक से घर आ रहे थे कि तभी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर पिचूरी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद सड़क पर जा रहे कांवड़ियों ने पास में पड़े मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आए। यहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

## सड़क पर अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

**रामनगर, बाराबंकीः अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के सड़क मार्ग पर पड़े शव को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश की, लेकिन कुछ भी पता नही चल सका। सूरतगंज महादेवा मार्ग स्थित पिपरी महार मोड़ व जौरौंडा गांव के मध्य सोमवार को एक अज्ञात शव मिला। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान करने के लिए आसपास पूछताछ की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम के जिला मुख्यालय भेजा। सूरतगंज चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने में जुटी है।

## व्यापारी पुत्र ने फांसी लगा दी जान

**हैदरगढ़, बाराबंकी**



मौके पर जांच–पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** संदिग्ध हालातों में एक व्यवसाई पुत्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच कर रही है।

लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे के किनारे पूरे मितई वार्ड निवासी अशोक कुमार गुप्ता की कपड़े की दुकान व मकान स्थित है। सुबह लगभग दस बजे श्री गुप्ता का छोटा पुत्र रतन दीप गुप्ता 25 वर्ष घरेलू काम निपटा कर अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद उसका एक भाई कमरे में गया तो उसे छत में लगे कुंडे से गमछे के सहारे फांसी से लटकता देखा। उसकी चीख निकल गई। परिजनों ने आनन-फानन में रतन दीप को नीचे उतारा। घरेलू डॉक्टर को बुलाकर दिखाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। देखते ही देखते मोहल्ले वालों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

**परिजनों ने कहा-पुत्र को किया जा रहा था प्रताड़ित**

वहीं मृतक युवक के पिता व भाई प्रदीप ने पुलिस को बताया कि रतन दीप को काफी समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतक की दिमागी हालत अच्छी नहीं थी। इसी का नाजायज फायदा उठाकर वर्ष 2023 में कुछ लोगों ने उसका अपहरण कर उसके नाम के एक प्लाट की रजिस्ट्री करा ली। एक सप्ताह तक उसे बंधक बनाए रखने के बाद छोड़ा गया। इस संबंध में कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। बताया कि प्रताड़ित करने वालों में एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी शामिल है। परिजनों ने आरोप लगाया कि दबंग आरोपी रतन दीप को आए दिन पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी दे रहे थे। उसे डराकर अवैध वसूली भी करते थे। सोमवार को भी उसे फोन किया गया। बताया कि मृतक के मोबाइल से कॉल डिटेल एवं वाइस रिकार्डर से पूरी जानकारी मिल जाएगी। परिजनों ने मृतक का मोबाइल पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सार-संक्षेप

### प्रधान पद पर 10 लोगों ने किया नामांकन

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में रिक्त पदों पर नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को विकास खण्ड अन्तर्गत प्रधान पद हेतु रिक्त हुई पंचायत जौरास व कान्हूपुर से अलग अलग दस लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। खण्ड विकास कार्यालय में ग्राम पंचायत जौरास से प्रधान पद हेतु राम बहादुर यादव व उनकी पत्नी आशा यादव ने तथा गुरु दीन मौर्य व उनके भाई राम चन्द्र मौर्य ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जबकि एक अन्य पंचायत कान्हूपुर से छह प्रधान पद प्रत्याशियों अनीता, अमिता, निशा पांडेय, राजरानी, शीला पाल व सुनीता पाल ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत बहुता में ग्राम पंचायत सदस्य हेतु रिक्त एक पद के लिए श्यामा ने एक मात्र नामांकन पत्र दाखिल किया है।

### बीडीसी रिक्त सीट पर दाखिल हुए नामांकन



उपचुनाव के लिए नामांकन करता उम्मीदवार। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत के उपचुनाव में सोमवार को हुए नामांकन में ग्राम नेवला करसंडा के वार्ड नंबर 30 के रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रथम पद पर एक पर्चा दाखिल हुआ तथा ग्राम पंचायत तीन पदों पर एक ही उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। ग्राम पंचायत नेवला करसंडा के रिक्त क्षेत्र पँचायत सदस्य के पद पर राजू पुत्र मुन्ना ने अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, एआरओ चौधरी अनमोल, व उर्दू अनुवादक शरीफ अहमद के समक्ष दाखिल किया।। ग्राम पंचायत सदस्य दादरा, बुधवारा, बांसा के रिक्त पद पर मात्र दादरा के वार्ड संख्या 12 पर मो0 अकील पुत्र शाहिद अली ने नामांकन पत्र दाखिल किया। ग्राम पंचायत बुधवारा के वार्ड संख्या 5 पर सहदेव प्रसाद पुत्र राज नरायण एव ग्राम पंचायत बांसा के वार्ड संख्या 11 पर सुमन देवी ने नमाकन पत्र दाखिल किया। सभी पदो पर एक एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने से निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

### शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आर्यावर्त बैंक के शाखा प्रबंधक अभिनव कुमार द्विवेदी का दूसरी शाखा में स्थानांतरण हो जाने के चलते उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को आर्यावर्त बैंक शाखा रामनगर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सीपी मिश्रा ने किया। आशीष मिश्रा, शोभित द्विवेदी, अभिजीत गुप्ता और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गया प्रसाद ने शाखा प्रबंधक के द्वारा किए गए कार्यों को बताया तथा अभिनव कुमार द्विवेदी व राजेश कुमार अवस्थी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसा शाखा प्रबंधक मिलना मुश्किल है। नऐ शाखा प्रबंधक श्रवण कुमार मिश्र ने कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि जिस तरह से अभिनव कुमार द्विवेदी ने 2 वर्ष के कार्यकाल में शाखा का मान बढ़ाया है। मेरी भी कोशिश रहेगी यह साख बनी रहे। इस मौके पर सीएसपी विकास कुमार, फैयाज अहमद, कैलाश यादव, राकेश शुक्ला और राजेंद्र प्रसाद दुबे, बैंक सखी प्रीति वर्मा, द्वारका प्रसाद तिवारी, संजय तिवारी, राजेश कुमार मौर्य और सुमित्रा प्रसाद रहे।

### निजी भूमि पर अवैध नाली की खुदाई का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में मृतक बेटे के कामकाज में जुटे पिता की निजी भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा अवैध नाली की खुदाई करवा दी गयी। इसकी जानकारी होने पर हैरान परेशान पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। विकासखंड के ग्राम मरौचा मजरे सिलौटा निवासी राम हरक पुत्र छोटेलाल ने सोमवार को तहसील सभगार में आयोजित समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि गांव के बाहर स्थित उसकी कृषि योग्य भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा अवैध तरीके से खुदाई कारवाई गयी है। जिसमें पक्की नाली के निर्माण की बात चल रही है। यदि इसे रुकवाया नहीं गया तो हमारा रकबा प्रभावित होगा और फसल भी बर्बाद होगी।

**आक्रोश** — भ्रष्टाचार व किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# भाकियू ने तहसील परिसर में शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**फतेहपुर, बाराबंकी**



तहसील परिसरर में धरना–प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

अमृत विचारः तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार व किसानों के उत्पीड़न की शिकायतों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। समस्याअयों का निस्तारण न किये जाने से आक्रोशित पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

मालुम हो कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने दस दिन पूर्व 15 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा था। समस्याओं के निस्तारण न किये जाने से सोमवार को तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ब्लाक अध्यक्ष बाबादीन वर्मा ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशा के बावजूद गांव गांव जाकर वरासत की दाखिल खारिज लेखपालों द्वारा नही की जा रही है, और ना ही खातेदारों के अंशो का समान वितरण किया जा रहा है इसके साथ साथ असंक्रमणीय से संक्रमणीय भूमिधर करने के लिए ही कोई कार्य कर रहे है। क्षेत्र में दबंगों द्वारा ग्राम बसौलीपुरवा, टडवा मजरे पैगुवा, ईसेपुर, दोंदेपुरवा मजरे मझगवां व सरैंया मोतबिदनगर, सांडभारी व फतेहपुर सहित कई स्थानों पर सार्वजनिक रास्तों व सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर लिया है जिससे जलनिकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से नही चल पा रही है। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने समस्याओं का 31 जुलाई तक निस्तारण का आश्वासन दिया। वहीं अमर सिंह, देवेन्द्र कुमार सहित क्षेत्रीय किसान मौजूद थे।

### भाकियू ने अधिकारियों के समक्ष रखीं तीन समस्याएं

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** तहसील रामसनेहीघाट सभागार में संपूर्ण समाधान में भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव ने अधिकारियों के समक्ष तीन समस्याएं रखी। जिसमें तहसील रामसनेहीघाट के ग्राम पंचायत कोटवा सड़क व ग्राम पंचायत सोहिलपुर की राजस्व सीमा श्रीनाथ बाबा मंदिर के पास एक अवैध निर्माण करवाया जा रहा है। जिसे लेकर लेखपाल कोटवा सड़क से जानकारी करने पर बताया गया कि यह सोहिलपुर की सीमा में है और जब सोहिलपुर के लेखपाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि यह कोटवा सड़क की सीमा में है। जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाया की निर्माण हो कहां रहा है। जिसे लेकर तहसील दिवस में शिकायत की गई। उपजिलाधिकारी ने टीम बनाकर जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत हाजीपुर विकास खंड बनीकोडर में पंचायत सचिव अजय नाथ गौड़ ने स्वच्छ भारत मिशन योजना को पलीता लगाते हुए शासन की मंशा पर पानी फेरते हुए शौचालय के लाभार्थियों को प्रथम किस्त जारी की तथा बिना प्रथम किस्त का उपभोग किये ही अनुचित लाभ लेकर दूसरी किस्त भी जारी कर दी तथा शौचालय भी नहीं बनवाए गए।

## युवक पर बहन को भगाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकीः अमृत विचारः** थाना क्षेत्र लोनीकटरा अन्तर्गत एक गांव निवासी भाई ने 20 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट गांव के ही युवक के खिलाफ दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार युवक की 20 वर्षीय बहन शनिवार दिन के 3 बजे अपनी भतीजी आठ वर्षीय के साथ शौच के लिए निकली थी। वहां पहले से मौजूद ग्राम वासी अंकित मेरी बहन को बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर भगा ले गया। घर लौटकर भतीजी ने घटना जब परिजनों को बताई, तो मेरी पत्नी ने आरोपी की मां से फोन पर बात की। रात 11 बजे आरोपी के पिता ओम प्रकाश ने दोबारा मेरी पत्नी को फोन करके पूरे परिवार से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज हो गई है।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान ने किया पौधरोपण

**दरियाबाद, बाराबंकी : अमृत विचार :** मल्लूलालपुर स्थित प्राथमिक स्कूल में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें ग्राम प्रधान समीर सिंह ने भी पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी है। पेड़ पौधों से ही हमारा जीवन है। आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए हर व्यक्ति को पौधा रोपित करना चाहिए। पेड़ों बिन जीवन संभव नहीं है। यहां पर शिक्षक अमित कुमार, जंगबहादुर वर्मा, अनमोल, ज्ञान प्रकाश, अमित यादव, राहुल, गिरजेश वर्मा, कमलेश, दयाराम, नन्हेलाल, भारत, राजेश, सुनील, अमरेश और सुरेश आदि ने परिसर में पौधा रोपित कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

### 29 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को 29 अभियुक्तों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्यवाही की। जबकि दो वारंटी व चार वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया।

### पेड़ पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सिरौली कलां परिसर में ग्राम प्रधान सिरौली कलां श्रीकान्त शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनगर कमलेश शुक्ला और सहायक खण्ड विकास अधिकारी नन्द कुमार पाण्डेय ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को पौध वितरण किया गया। ग्राम प्रधान श्रीकान्त शुक्ला ने कहा कि पेड़ पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। बिना इनके जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाकर इस धरा को हरा भरा बनाएं। साथ ही उन्हें संजोकर भी रखें। एडीओ नन्द कुमार पाण्डेय ने कहा कि बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान सचिव विजय कुमार, प्रधानाध्यापक मनोज तिवारी, सहायक अध्यापक निर्मल कुमार मनोज पाठक, मनोज कुमार दुबे, एएनएम संगीता विश्वकर्मा और सीएचओ रंजना मिश्रा समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण के सवाल पर नौनिहालों के सही जवाब

## अमृत विचार का पौधरोपण अभियानः दरियाबाद के प्राथमिक विद्यालय लालपुर गुमान में हुआ आयोजन


पौधरोपण करते दरियाबाद ब्लॉक प्रमुख आकाश पाण्डेय। अमृत विचार


अभियान का हिस्सा बनकर पौधरोपण करते स्थानीय लोग। अमृत विचार


पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते स्कूल के नौनिहाल। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** पौधरोपण अभियान को लेकर अमृत विचार संस्थान की ओर से क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लालपुर गुमान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गये। तो वहीं नौनिहालों के साथ मौजूद शिक्षक व ग्रामीणों ने पौधों के संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में नौनिहालों से पर्यावरण व पौधरोपण संबंधी सवाल पूछे गए। जिसका बच्चों ने सही जवाब देकर सभी को चौंका दिया। बच्चों को पुरुस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दरियाबाद आकाश पाण्डेय रहे।

सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई। ब्लॉक प्रमुख आकाश पाण्डेय ने नीम का पौधा रोपित किया। इस दौरान शिक्षकों, अभिभावकों ने भी पीपल, बरगद, पाकड़ सहित अन्य प्रजापति के पौधे रोपित किए। पौधों की उपलब्धता वन विभाग द्वारा की गई। पौधरोपण के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि दस की जगह हम एक पौधा लगाये लेकिन उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। पौधे लगाने से ज्यादा जरूरी उसकी देखभाल है। वन दरोगा श्यामलाल ने कहा कि शासन प्रशासन की देखरेख में अभियान चलाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि इस अभियान में शामिल होकर अपने बच्चों की तरह इसकी देखभाल करें। ताकि वृक्ष के रूप में यह बडे.होकर हमें आक्सीजन प्रदान कर जीवन बचा सके। इसी तरह शिक्षकों ने भी अपने अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में नौनिहालों से पौधारोपण के सम्बन्ध में पूछे गए सवालों का नौनिहालों ने सटीक जवाब दिया। जिसे सुनकर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वृक्षों की उपयोगिता के बारे में पूछा गया तो कक्षा चार की छात्रा ख़ुशी वर्मा ने बताया कि वृक्षों से हमें, छाया, फल, ऑक्सीजन मिलता है। पौधों को लगाने के बाद इनकी सुरक्षा कैसे की जाए इस सवाल के जवाब कक्षा पांच के छात्र, अल्तमश, शिवांश कक्षा 4, दिव्या कक्षा 4, किशन कक्षा 5, अंकित कक्षा 5 और लकी मिश्र कक्षा 3 ने बताया कि इसे लगाने के बाद टी गार्ड या ईट के के घेरे से या फिर उसके चारों ओर कांटा आदि रखकर उसे बचाया जा सकता है। इसी तरह पौधारोपण को लेकर बच्चों द्वारा सटीक जवाब पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार की ओर से बच्चों अभिभावकों व शिक्षकों को शपथ दिलाई गई।

**कार्यक्रम में इनकी भी रही उपस्थितिः** अमृत विचार संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कई अन्य लोगों की भी मौजूदगी रही। इनमें राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक आशुतोष आनंद अवस्थी, वन दरोगा श्याम लाल, ग्राम प्रधान प्रवेश, न्यामत उल्ला, नरेंद्र, वरदान, शंकर, रमजान अली, प्रधानाध्यापक तौशीफ अहमद, अर्चना वर्मा, शिक्षा मित्र मीरा यादव, योगेश यादव, निर्मल शुक्ला, अमृत विचार अखबार के रामसनेही घाट रिपोर्टर रिशु गुप्ता, टिकैतनगर रिपोर्टर सौरभ शुक्ला, जिला मुख्यालय से श्रीनिवास त्रिपाठी, रीतेश श्रीवास्तव, रामसनेही घाट कार्यालय इंचार्ज दिनेश तिवारी समेत तमाम गणमान्य लोग रहे।


पौधारोपण करतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। अमृत विचार


राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत शिक्षक आशुतोष आनंद अवस्थी को सम्मानित करती अमृत विचार टीम।

### देवा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय में कल होगा आयोजन

देवा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय सलारपुर में अमृत विचार का पौधरोपण अभियान कल 24 जुलाई दिन बुधवार को आयोजित किया गया है। जिसमें ब्लॉक प्रमुख, वन रेंजर, कोतवाल, खंड शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी सहित समाजसेवी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहेगे।

### ग्राम फतेहपुर दुल्हन को विदा कराए बिना वापस चली गई बरात

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विवाह के बाद बरात विदाई के समय ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बुलेट गाड़ी व दो लाख रुपए नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने के चलते बारात दुल्हन को विदा कराए बरात वापस चली गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर निवासी रामहर्ष की पुत्री चांदनी का विवाह थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम मोतीलाल पुरवा निवासी रामू के साथ तय था। बीते 9 जुलाई को उसकी पुत्री का विवाह था, बरात समय से पहुंच गई। सुबह बरात विदाई के समय अपनी सामर्थ्य के अनुसार उसने एक बाइक, तीस हजार नकद व अन्य सामान दिया। इस बात को देख ससुराल पक्ष के लोगो ने दहेज में बुलट व दो लाख रुपये की मांग पूरी किए जाने के बात दुल्हन की विदाई करने पर अड़ गए। जब दुल्हन के पिता ने दहेज देने से मना कर दिया तो विपक्षी दुल्हन को बिना विदाई कराए धमकी देते हुए वापस चले गए। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचारः** आदर्श नगर पंचायत कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी अशोक कुमार खरवाल व चेयरमैन देवीदीन रावत की अध्यक्षता में विकास बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों किला दरवाजा, हवेली, महतेली, पट्टी, पलिया और सरांय चन्देल सहित सभी वार्डो में नाली, खड़ंजा, इंटरलाकिंग मार्ग, स्ट्रीट लाइट और सड़क निर्माण आदि पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही सभी सभासदों के द्वारा बताये गये विकास कार्यो पर भी चर्चा हुई व उनको भी कराने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सभासद की जगह पर बैठक में सम्मिलित होने वाले सभासदों के प्रतिनिधियों ने उनकी मांग को अनसुना करने का आरोप लगाया है।

# हर वर्ग की बंधी उम्मीदें मिले महंगाई से राहत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

▸▸ नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट आज

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट आज आएगा। इसे लेकर व्यापारियों, शिक्षकों को खासी उम्मीदें हैं। उनका मानना है कि इस बार केंद्र सरकार का बजट उनके हितों को ध्यान में रखकर आएगा और महंगाई से राहत मिलेगी। केंद्र सरकार जीएसटी के स्लैब को कम करेगी। पारिवारिक बीमा का लाभ देगी। नई शिक्षा नीति के तहत स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के साथ ही शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ भी देगी। इसके साथ ही रेल बजट भी आएगा, इसमें रेलकर्मियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। केंद्र सरकार के इस आम बजट को लेकर हर वर्ग के लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं अमृत विचार अखबार से साझा किया है।



इस बारे में सुरेन्द्र कुमार सिंह 'मोनू', व्यवसाई ने कहा कि व्यापारी वर्ग के लिए पेंशन और स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान होना चाहिए। इसके साथ ही जीएसटी के नियमों को आसान किया जाए। गैस सिलिंडर पर सब्सिडी मिले। ऑनलाइन व्यापार पर अतिरिक्त टैक्स लगाया जाए और खुदरा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रिकवरी एक्ट बनाया जाए। एक ही टैक्स लगने के मामले में पेट्रोल और डीजल को भी इसमें लागू किया जाए। और जीएसटी के दायरे में लाया जाए।



वहीं जितेंद्र सिंह, अधिवक्ता बोले कि बजट युवाओं, किसानों, व्यापारियों व कर्मचारियों के हित में होना चाहिए। भारत को विश्वगुरु बनाने की जो चाहत प्रधानमंत्री की है वह साकार हो ऐसा बजट रहे। मेरा मानना है कि मुफ्त की सुविधाओं में कटौती हो। उन्हें काम के बदले दाम की व्यवस्था लागू की जाए। नौकरियों को बढ़ाया जाए। साथ ही संविदा कर्मचारियों के मानदेय में भी वृद्धि की जाए।



उधर किसान अजय सिंह मंगली ने कहा महंगाई बेलगाम हो गई है, बजट में इस पर लगाम लगाए जाने की उम्मीद है। जरूरी है कि प्राकृतिक आपदा को ध्यान में रखकर किसानों को राहत दी जाए। उसके बाद जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी का कम करके महंगाई से छुटकारा दिलाया जाए। निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगे। रोजगार को बढ़ावा दिया जाए।



वहीं शैलेंद्र सिंह ने बोले-उम्मीद है कि इस महंगाई के दौर में आयकर की छूट सीमा कम से कम दस लाख की जाएगी। मांग है कि पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल किया जाए। इसके साथ ही सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना कन्वर्जन कास्ट को बढ़ाया जाए।



बजट के बारे में शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा -पुरानी पेंशन को बहाल करने की उम्मीद है। साथ ही उम्मीद की जा रही है कि आठवें वेतन आयोग के गठन के लिए नरमू के महामंत्री गोपाल मिश्र ने जो मांग की है उस पर विचार किया जाएगा। रेल कर्मचारियों की खस्ताहाल कॉलोनियों के सुधार के लिए अलग से बजट जारी किया जाएगा। रेलवे में जो तमाम पद खाली पड़े हैं उनको भरा जाएगा।



बजट के बारे में शिक्षिक रेनू वर्मा ने कहा कि सरकार को इस बजट में रसोई से संबंधित सभी वस्तुओं पर महंगाई कम करनी चाहिए। महिलाओं की बात है तो उनकी सुरक्षा, शिक्षा और प्रतिष्ठा को बेहतर करने पर सरकार का फोकस होना चाहिए।

# जाना सबको है एक दिन, क्यों न जय हिंद बोलकर जाएं

कार्यालय संवाददात, बाराबंकीः

▸▸ चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**अमृत विचारः** ''जाना सबको है एक दिन आखिर, क्यों न जय हिन्द बोलकर जाएं'' गीतकार जगजीवन मिश्र ने जैसे ही यह पंक्तियां पढ़ीं तो धनोखर चौराहा चन्द्रशेखर आजाद अमर रहे के नारे से गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि अखण्ड भारतीय युवा क्रांति संगठन एवं यूनिक सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर धनोखर चौराहे पर सप्तम् अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पंकज गुप्ता 'पंकी' ने मां सरस्वती व महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया।

इसके उपरांत देश व समाज के प्रति सच्ची लगन से सेवा करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामबहादुर मिश्र, शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सी.बी. सिंह शिक्षक धौरमऊ देवा, पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में आशीष जयकरन नाथ वर्मा, युवा उद्यमी मनोज यादव, युवा प्रेरणा के लिए सिद्धार्थ कनौजिया अध्यक्ष इण्डियन स्टूडेंट पॉवर, समाज सेवा के लिए संजय जैन को सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में काव्यपाठ करते हुए अनूप प्रतापगढ़ी ने कहा ''नही चाहिए जग ये सारा मुझे, बहुत है सहारा तुम्हारा मुझे, कमाना पडेगा यहाँ इक हुनर, कहाँ तक कोई दे गुज़ारा मुझे''। इस मौके पर रमेश चंद्र कुरील, बृजेश सिंह, भरत लाल सिंह, अजय सिंह, विक्की, आयुष,इं. दिलीप वर्मा, उत्तम, अनुपम रहे।

### कार्यों को समय से पूरा करने का निर्देश

**बाराबंकीः अमृत विचारः** लिाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति/ जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समय से पूरा करने के लिए संबन्धितों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 327 नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। समस्त पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये। अनुबन्धित फर्म मेघा इंजीनियरिंग, हैदराबाद एवं वी.टी.एल. नोएडा द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर उक्त दोनों फर्मों पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ,अधिशासी अभियंता जल निगम अमित कुमार व विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रभारी उपस्थित रहें ।

# महीनों से बंद है आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों को नहीं मिल रही शिक्षा

**हैदरगढ़, बाराबंकी**


आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने पर विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाल विकास परियोजना के माध्यम से राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 6 साल तक के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि स्कूल पूर्व शिक्षा के तहत नन्हे बच्चे कुछ सीख सकें। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाले पोषाहार से कुपोषण दूर हो तथा गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं का समय पर टीकाकरण हो, लेकिन कार्यकत्री की लापरवाही से सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। विकासखंड हैदरगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र चौबीसी प्रथम का बहुत बुरा हाल है। केंद्र पर तैनात कार्यकत्री शैल कुमारी अपनी पहुंच के चलते केंद्र पर कई कई माह नहीं आती हैं। आगनबाड़ी केंद्र बंद होने से बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित है। वहीं ग्रामीणों में इस घोर लापरवाही को लेकर रोष है।

सोमवार को ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी केंद्र चौबीसी प्रथम पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह केंद्र लगातार कई महीनों से बंद है। पुष्टाहार व अन्य लाभ भी कई कई माह नहीं मिलते हैं। ग्रामीण राजू ने बताया कि कोई भी सामग्री केंद्र पर वितरित नहीं की जाती है, बल्कि कार्यकत्री द्वारा दूसरे गांव में अपने मायके के घर से वितरण किया जाता है। जिससे वहां जाने पर सामग्री कम देने या प्रति माह न देने की बात कोई न कह सके। वहीं नाम न छापने की शर्त पर एक महिला ने बताया कि शिकायत करने की बात कहने पर कोई भी लाभ न देने की धमकी दी जाती है। केंद्र कभी नहीं खुलता है, महीने-दो महीने में एक-दो घंटे के लिए शायद कभी आती है। वहीं इस बारे में मो. शम्स तरबेज खां, उपजिलाअधिकारी ने कहा कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहने के मामले की जांच कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### ग्राम प्रधान विकास की रीढ़, विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक ने सभी ग्राम प्रधानों की बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण करने का आश्वासन दिया। बैठक में मौजूद ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि ग्राम प्रधान विकास की रीढ़ हैं। गांवों के विकास में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधानों को परेशानी झेलनी पड़ती है। ब्लाक स्तर पर ग्राम प्रधानों को दिक्कतें न हो यह सुनिश्चित किया जाए। ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने आगे कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी गांवों का विकास हो। बैठक मौजूद ग्राम प्रधान सभाजीत सिंह ने आईडी जनरेट होने में आ रही दिक्कतों के बारे में बताया। ग्राम प्रधानों का आश्वास्त करते हुए खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक की किसी भी ग्राम प्रधान के सामने समस्या नहीं आने दी जाएगी अगर कहीं कोई दिक्कत है तो हमें बताएं फौरन समस्या दूर की जाएंगी। बैठक में सभी ग्राम प्रधान में बकाया भुगतान करायें जाने की मांग की बैठक में ब्लॉक प्रमुख और खंड विकास अधिकारी के साथ संयुक्त खंड विकास अधिकारी नंद कुमार पांडेय, एडीओ पंचायत अभय शुक्ला रहे।

### घटनास्थल से एक किमी दूर उतारता मिला युवक का शव

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** मां से झगड़ा करने के बाद नहर में छलांग लगाये युवक का शव सोमवार की सुबह घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर की दूरी उतारता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मालूम हो कि देवा कस्बा के मोहल्ला शेख निवासी अजमत अली उर्फ मन्ना उम्र 20 वर्ष जो कि नशीली दवाओं का नशा करता था, शनिवार की रात करीब 11 बजे नशे की हालत में अपनी मां से झगड़ने लगा और मां के डांटने पर वह अपना मोबाइल मां को देकर घर से बाहर चला गया। उसके बाद देवा कुर्सी मार्ग पर पुल से नहर में छलांग लगा दी और पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची देवा पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर युवक की तलाश शुरू की थी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर मामापुर गांव के पास अजमत का शव नहर में उतराता मिला।

### कांवड़ियों से भरी हुई पिकअप पलटी, छह लोग घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** महादेवा में जल चढ़ाकर वापस घर आ रहे कांवड़ियों से भरी हुई एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक श्रृद्धालु घायल हो गए। घायल भक्तों को आस-पास के लोगो ने तुरंत एम्बुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी सूरतगंज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दो को जिलास्पताल रेफर कर दिया। बाकी का इलाज जारी है।

### बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर में सोमवार को बोर्ड परीक्षा में सफल हुए मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक हिमांशु सिंह और प्रधानाचार्या डॉ. फरजाना शकील अली ने बच्चों और उनके अभिभावकों को माल्यार्पण करके और पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया। सीबीएसई के कक्षा दस के परिणाम में विद्यालय के तीन छात्र तालिब अली, आर्यन और नितिन ने बाराबंकी जिले की मेरिट लिस्ट में छठे और आठवें स्थान पर जगह बनाई और विद्यालय और अपने परिवार को गौरवान्वित किया। समारोह में दिव्य प्रकाश, नैतिक राठौर, प्रियान्शी सिंह, पूर्णिमा सिंह, अभिषेक कुमार, ऋषिकेश, साक्षी सिंह, जिज्ञासा सिंह, आयुशी यादव, महक गुप्ता, अंशिका श्रीवास्तव, गर्विता वैश, अनिकेत यादव, वैभव सोनी, अवन्तिका, अखिलेश कुमार, श्रेया सिंह, वैशनवी तिवारी, अनुश्क तिवारी, अब्दुल समद, नव्या सिंह, सुभाष शुक्ला और वैष्णवी को उनके मेरिटोरियस परिणाम हेतु पुरस्कृत किया गया। विद्यालय पिछले कई वर्षों से निरन्तर शत प्रतिशत बोर्ड परिणाम दे रहा है। प्रबन्धक हिमांशु सिंह ने अपने सम्बोधन में बच्चों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों का अभिनंदन किया और सभी के कठोर परिश्रम की प्रशंसा की।

**समाधान दिवस** डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश-गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निपटाएं सभी मामले

# जिलाधिकारी के समक्ष 130 में मात्र सात मामलों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने सोमवार को तहसील सिरौलीगौसपुर में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं को समयबद्ध व समुचित रूप से निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 133 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें मौके पर सात प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 40 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित 22, विकास विभाग के 31, विद्युत विभाग के 17, पूर्ति विभाग के 14 व अन्य विभाग से संबंधित नौ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। इस दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्राप्त समस्याओं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द अवस्थी, सीओ, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, डीडीओ भूषण कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम बीके मोहन, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय, डीएसओ राकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

**तीन मामलों का निस्ताराणः रामसनेहीघाट, बाराबंकीः** संपूर्ण तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम रामआसरे वर्मा ने किया। जिसमें कुल 34 मामले आए, जिनमें केवल तीन का निस्तारण हुआ।। जिसमें राजस्व 18 , पुलिस 4, विकास 6, विद्युत के एक व अन्य विभागों के पांच मामले शामिल रहे।

### 96 शिकायती पत्रों में से निस्तारण शून्य

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी शम्स तबरेज खां की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें 96 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। सभी शिकायतों पत्रों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित जांच पड़ताल के बाद शिकायती पत्रों का निस्तारण के आदेश दिए। सबसे अधिक 65 शिकायती पत्र राजस्व विभाग से आई। इसके अलावा पुलिस विभाग से 9 ,विकास विभाग से 7 ,बिजली विभाग से 5 व आपूर्ति विभाग से तीन शिकायती पत्र मिले हैं। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया है। इस मौके पर तहसीलदार, बीडीओ हैदरगढ़ संजीव कुमार गुप्ता व त्रिवेदीगंज प्रियंका सिंह, सीओ हर्षित चौहान, पूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी व संजय कुमार, बिजली विभाग से एसडीओ, सीएचसी अधीक्षक हैदरगढ़ सौरभ शुक्ला व त्रिवेदीगंज डॉ. प्रणव, बाल विकास परियोजना विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 114 मामलों में से मात्र 10 का हुआ निस्तारण

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचारः** तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों के समक्ष 114 प्रकरण पेश हुए। जिसमें मात्र 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। सोमवार को तहसील समाधान दिवस में राजस्व विभाग सम्बन्धी 62, पुलिस के 12, विकास विभाग के 11, विधुत विभाग के 8, नगर निकाय 5, खाद्य एवं रसद विभाग के 7 व अन्य विभाग के सम्बन्धित 9 प्रार्थना-पत्र अधिकारियों के समक्ष पेश हुए जिसमें राजस्व विभाग से सम्बन्धित 8 व विकास विभाग के 01 तथा उपनिबन्धक कार्यालय के एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, तहसीलदार वैशाली अहलावत, अभिषेक कुमार आदि रहे।


चंदापुर स्थित जगमोहनेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु। अमृत विचार


ऊंचाहार के बूढ़े बाबा मंदिर मिर्जापुर ऐहारी। अमृत विचार

# जिलेभर के शिवालयों में रही हर-हर महादेव की गूंज

## सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने बेल पत्र, धतूरा, दूध व नैवेद्य से किया शिव का जलाभिषेक

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** सावन मास के पहले सोमवार को हर-हर महादेव के उद्घोष से शिवालयों में गूंज रही। भोर से ही श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में पहुंचकर बेल पत्र, धतूरा, दूध व नैवेद्य से जलाभिषेक किया। इसी तरह ऊंचाहार, लालगंज, डलमऊ, जगतपुर, सरेनी, सलोन, महराजगंज, बछरावां, हरचंदपुर आदि तहसील व कस्बों में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं का अगाध प्रेम उमड़ा रहा।

**श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है श्री बाल्हेश्वर धाम :** हिंदू धर्म के लिए आस्था के पर्याय सावन माह के पहले सोमवार को बाबा बाल्हेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी रही। हालांकि लालगंज कोतवाल संजय कुमार की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था के चलते भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई और सभी ने भक्ति पूर्ण वातावरण में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल महाराज, मनोहर शुक्ला, गोविंद अवस्थी, राम शंकर तिवारी, प्रदीप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।


बाबा बाल्हेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतार।


बाबा बाल्हेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की लाइन। अमृत विचार

**श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा आयोजित :** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में काल्हीगांव के ग्रामीणों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के पूर्व कन्या भोज का आयोजन किया गया। मंदिर में रविवार को श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को समापन के पश्चात पं. आसू अग्निहोत्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन के पश्चात कन्याभोज व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर गोवर्धन अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, शैल मिश्रा, करुणा शंकर शुक्ला, रवि शंकर मिश्रा, मुन्ना अग्निहोत्री, राजेंद्र मिश्रा, शैलेश मिश्रा, मोनू अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिवेदी, सधन अग्निहोत्री, अमित मिश्रा, अशोक मिश्रा, दिवाकर त्रिवेदी, शुभम मिश्रा, पारस मिश्रा, गौरव शुक्ला, आयुष मिश्रा, शिवांकर अग्निहोत्री, पुतानी शुक्ला, पियूष मिश्रा, तूफान सिंह आदि मौजूद रहे।

**शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव का उदघोष :** सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने शिवलिंग में जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। क्षेत्र के स्वयं भू शिवलिंग शिवालयों हमीदपुर बड़ा गांव स्थित गौरी शंकरन मंदिर, मिर्जापुर ऐहारी गांव स्थित बूढ़े बाबा मंदिर और ऊंचाहार नगर के महादेवन मंदिर में जलाभिषेक को लेकर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। मंदिरों में प्रातःकाल से ही हर हर महादेव के जयकारे पूरे माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। इस दौरान गोकना गंगा घाट से बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने जल भरा है।

### भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

**जगतपुर, रायबरेली।** सावन मास के प्रथम सोमवार को टांघन स्थित झारखंडेश्वर मंदिर में शिव भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें दूरदराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, नुक्ती व चने का प्रसाद बांटा गया। भंडारे के आयोजक राम विष्णु चौधरी व महादेव ने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी सावन मास के प्रथम सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। इस मौके पर अखिलेश, धीरज, सुनील सिंह, सौरभ, अभिषेक आदि लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने सुनीं पीड़ितों की फरियाद

**सलोन, रायबरेली।** तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सीडीओ ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निर्देश देते हुए जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने लंबित मामलों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। सोमवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने आम लोगो की शिकायतें सुनी और लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।

# नौनिहालों को समय से नहीं मिल पा रही है छत

संवाददाता, रायबरेली।

**लापरवाही**

- जिले के जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर नहीं है संजीदा
- आज भी सैकड़ों गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए खुद की छत नहीं है

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में लगी अधिसूचना व मनरेगा के तहत बजट न मिलने के कारण नौनिहालों को बैठने के लिए मिलने वाली छत में अभी और समय लगेगा।

जिले को वित्तीय साल 22-23 में 92 आंगनबाड़ी केंद्र बनाने का लक्ष्य मिला था, जिसमें 87 केन्द्रों पर निर्माण शुरू हो पाया था, जो अभी तक पूरे नहीं सके। जबकि साल 23-24 में 186 आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन 21 केन्द्रों पर ही निर्माण कार्य शुरू हो पाया था। समय से निर्माण कार्य पूरा न होने के पीछे विभाग का तर्क है कि मनरेगा के तहत मिलने वाले बजट का अभाव था। जिसकी वजह से इतना विलंब हुआ।

आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण में मनरेगा का पैसा लगता है। सरकार ने गांवों में छोटे बच्चों को पढने के लिए आंगनबाड़ी का निर्माण करती है, जिससे नौनिहालों को शिक्षा के प्रति जोडा जा सके। लेकिन समय से कार्य पूरे न होने के कारण अव्यवस्था झेलनी पड़ रही है। जिले के जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर संजीदा नहीं है। जिले में 792 केन्द्रों पर खुद की बिल्डिंग है, जबकि 278 केन्द्रों के लिए काम चल रहा है। आज भी सैकड़ों गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए खुद की छत नहीं है।

> बजट के अभाव में काम प्रभावित हुआ है, अब बजट है, काम में तेजी आएगी। जल्द ही निर्माण पूरे होंगे।
> –विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, रायबरेली।

गौरतलब है कि पहले आंगनबाड़ी केन्द्र विभाग बनाता था, लेकिन अब इसका निर्माण ग्राम पंचायत स्तर पर कराया जाता है।

जिसकी वजह से विभाग भी ज्यादा रुचि नहीं लेता है। यही वजह है कि आज भी कई जगहों पर केन्द्रों का काम शुरू नहीं हो पाया है। इन्ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गांव की महिलाओं के लिए सुरक्षा व स्वास्थ्य सम्बंधित की विभिन्न प्रकार की प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी जाती है। पिछले दिनों विभागीय मंत्री ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की थी जिसमें काम में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

## युवक के मिले शव का रहस्य गहराया

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र के परशदेपुर कस्बे में खेत में मिले युवक के शव के मामला अभी रहस्यमय बना है। बीते शनिवार शाम को परशदेपुर के पूरे काजी मुहल्ले में खेत पर प्रेमकुमार पुत्र विजय बहादुर (35 वर्ष) का शव मिला था। परिजनों ने दी गई तहरीर में कहा है कि मृतक के शरीर पर करेंट के निशान मिले थे। जहां शव मिला था वहां कोई विद्युत उपकरण नहीं था। चौकी प्रभारी अजीत प्रताप ने बताया कि शव खेत में कैसे आया इसकी जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया विधुत करेंट से मौत होना प्रतीत हो रहा है।

### महिला के हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने पत्नी की हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए पति शचींद्र तिवारी उर्फ शचींद्र नाथ त्रिपाठी निवासी नया का पुरवा मेढावा, थाना लालगंज को आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। बेलहा, लालगंज निवासी सुरेश चन्द्र पाण्डेय ने कोर्ट को बताया कि वह अपनी बड़ी पुत्री पूनम की शादी शचींद्र नाथ त्रिपाठी निवासी – मेंढ़ावा थाना लालगंज के साथ 12 वर्ष पूर्व की थी। शादी के बाद से ही उसकी पुत्री को उसका पति मानसिक शारीरिक प्रताड़ना देता और दूसरी शादी करने की धमकी देता था। शचींद्र नाथ का अन्य महिलाओं से अवैध संबंध था जिसका विरोध उसकी पुत्री पूनम करती थी। वर्ष 2020 में 14 अप्रैल को तीन बजे मोबाइल पर पूनम के घर से फोन आया कि उसकी पुत्री की हत्या हो गई है। जब वह अपने पुत्री के घर पहुंचा तो उसे पता चला की बेटी को उसके पति ने धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी।पहुंचने पर वहां पर लड़की का शव पड़ा मिला और मौके पर खून भी गिरा था। अभियोजन की ओर से आठ गवाहों के माध्यम से 13 प्रदर्शों को साबित कराया गया। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी क्रिमिनल योगेश शर्मा ने किया।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत निरस्त

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पारूल वर्मा ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में कर्तिकेय गुप्ता थाना लालगंज की जमानत निरस्त की। वादी मुकदमा के अनुसार उसकी पुत्री को अभियुक्त बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया।

# किसानों को कृषि की नयी तकनीकी की दी जानकारी

संवाददाता,महराजगंज।

**रायबरेली, अमृत विचार।** विकासखंड परिसर में किसान मेले का आयोजन किया गया। इसमें अव्यवस्थाओं पर किसानों में नाराजगी रही। वहीं अफसर चुप्पी साधे महज खानापूर्ति करते दिखाई दिए।

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले एवं उत्तर प्रदेश श्री अन्न( मिलेट्स ) पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन खरीफ 2024 के तहत मेले का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को कृषि से जुड़ी नवीनतम तकनीकियों की जानकारी के साथ-साथ विभाग में संचालित सभी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। डा. अंकित यादव प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार महराजगंज के द्वारा किसानों को बीजों पर देय अनुदान की जानकारी व समसामयिक जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी कृषि वीरेंद्र सिंह के द्वारा सोलर पंप, मोटा अनाज एवं धान की खेती पर चर्चा की गई। बीटीएम कृपा शंकर के द्वारा प्राकृतिक खेती, कार्बनिक खेती के साथ-साथ चूहा, छछूंदर के रोग नियंत्रण और ट्राइकोडर्मा एवं विवेरिया के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। प्रगतिशील किसान उमाबक्स सिंह ने मेरी कहानी किसान की जुबानी के तहत सोलर पंप से होने वाले फायदे के बारे में बताया। किसान मेले में किसानों के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 12 किसानों को पुरस्कृत किया गया। मेले में प्राविधिक सहायक शीरीष वर्मा, संजीव कुमार प्राविधिक सहायक, शिवाकांत, केके मौर्य, ओम प्रकाश मौर्य कंप्यूटर ऑपरेटर, राम बहादुर प्रक्षेत्र परिचालक, अवधेश यादव, अमरेंद्र सिंह, रामपाल, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।


किसान मेला में प्रमाणपत्र देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### भूखे लौटे किसान, खूब हुई किरकिरी

कार्यक्रम जलपान की व्यवस्था को लेकर किसान आक्रोशित नजर आए। सैकड़ों किसानों को भूखे रहना पड़ा। यहां तक प्यास बुझाने तक के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान अफसरों की खूब किरकिरी हुई।

**समाधान दिवस** जिम्मेदार अधिकारी जनशिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता निभा रहे हैं

# जन शिकायतों का अंबार, नहीं हो पा रहा निस्तारण

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** शासन की जनशिकायत पोर्टल हो या अधिकारियों की चौखट हर तरफ शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। डीएम के समाधान दिवस के भी सोमवार को शिकायतों की झड़ी लग गई, जिससे यह प्रतीत होता है कि निस्तारण के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जाती है।

सोमवार को तहसील में डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में ऐसी ऐसी शिकायतें सामने आई जो काफी समय से अधिकारियों की चौखट पर लंबित है। शासन की आईजीआरएस पर भी यह शिकायतें आ रही है, किंतु जिम्मेदार अधिकारी जनशिकायस्तों के निस्तारण में केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। यही कारण है कि शिकायतों का अंबार लगता जा रहा है। मतरमपुर गांव के जगन की भूमिधरी जमीन पर कुछ लोग कब्जा कर लिए है। जगन ने हर जगह शिकायत की, किंतु परिणाम शून्य रहा। उसने डीएम को पुनः पत्र सौंपा है। गुलरिहा गांव की श्रीदेवी ने डीएम को बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर एक व्यक्ति ने कब्जा करके पूरे गांव के आवागमन को प्रभावित किया है। इसकी शिकायत भी वो कई बार कर चुकी है। नतीजा कुछ नहीं निकला। डूडी बाग गांव के छंगालाल की भूमिधरी जमीन पर दूसरा काबिज है, वो अपनी जमीन को मुक्त कराने के लिए काफी अरसे से अधिकारियों की चौखट पर दस्तक दे रहे है। क्षेत्र के सैतहा का पुरवा गांव के लोग भी डीएम से मिले, बताया कि गांव का सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा है। कोई सुन नहीं रहा है।

सोमवार को इस तरह की कई शिकायतें पहुंची है जो काफी अरसे से अधिकारियों के पास आ रही है, किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। इस तरह से समाधान में कुल 142 शिकायतें आई है जिसमें 15 शिकायतों के त्वरित समाधान जा दावा किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना है। इस मौके पर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी, बीडीओ कामरान नेमानी, अनिल कुमार सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।


समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 2 साल की जेल

**प्रतापगढ़,अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अजय कुमार प्रथम ने गैंगस्टर एक्ट में दोषी सुरेश सरोज उर्फ टोपी निवासी गमेलन का पुरवा, थाना संग्रामगढ़ को दो वर्ष,5 दिन के कारावास, पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत निरस्त

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पारूल वर्मा ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में कर्तिकेय गुप्ता थाना लालगंज की जमानत निरस्त की। वादी मुकदमा के अनुसार उसकी पुत्री को अभियुक्त बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया।

### सीएचसी का ट्रांसफार्मर जलने से मरीज बेहाल

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज में लगा विद्युत ट्रांसफॉर्मर तीन दिन पहले जल गया। ट्रांसफॉर्मर जलने के कारण अस्पताल में विद्युत समस्या बनी हुई है। अस्पताल में भर्ती मरीज बेहाल हैं। मरीजों का कहना है कि तीन दिन से लगातार बिजली की समस्या सीएचसी में बनी है। विद्युत निगम के जूनियर इंजीनियर सहित सभी को जानकारी ट्रांसफॉर्मर जलने की दे दी गई है। तीन दिन बीतने के बाद भी निगम ने ट्रांसफॉर्मर नहीं लगवाया। चिकित्साधीक्षक डा. दिनेश सिंह ने बिजली निगम सहित सभी पोर्टल पर ट्रांसफॉर्मर जलने की सूचना दी है।

## सार-संक्षेप

### एनएसपीएस में की गई भगवान शिव की आराधना


न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में पूजन –अर्चन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज में सावन माह के प्रथम सोमवार पर भगवान भोलेनाथ शिवजी की आकर्षक झांकी के माध्यम से सावन की शुभकामनाएं दी गई। प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने भोलेनाथ की भक्ति पूर्वक पूजन व आरती की। साथ ही नन्हे–मुन्ने बच्चों से आम के बारे में पूछा और मैंगो–डे के अवसर पर बच्चों के साथ मस्ती की।

### सहूलियत : तहसील की पंचवटी में निस्तारित होगी जनसमस्या


फीता काटकर पंचवटी का उद्घाटन करते डीएम संजीव रंजन। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने व गोवंश संरक्षण के लिए विभागीय अधिकारियों से समन्वय करके समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के उद्देश्य से जन सहयोग से पंचवटी तहसील विकास भवन बनाया गया है। सोमवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचवटी के माध्यम से राजस्व व अन्य प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से होगा। पंचवटी में लेखपाल व कानूनगो आदि के अलग अलग टिन शेड बनाये गये है जहां पर जनसामान्य अपनी शिकायतों को दे सकता है। पंचवटी स्थापना कार्य हेतु डीएम ने एसडीएम कुंडा भरत राम के प्रयास को सराहा। एसपी डा. अनिल कुमार एवं सीडीओ नवनीत सेहारा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचवटी के माध्यम से जनसामान्य को सुविधायें प्राप्त होंगी। इस दौरान डीएम,एसपी व सीडीओ ने पंचवटी तहसील विकास भवन में पौधरोपण किया एवं बाबा हौदेश्वरनाथधाम में पूजा अर्चना की। वहां की व्यवस्थाओं को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

### मुंशियों की पैमाइश पर कानूनगो व लेखपाल पर होगी कार्रवाई : डीएम

**कुंडा प्रतापगढ़, अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कुंडा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 252 फरियादी आये। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। उमरी कोटिला के जगन्नाथ सिंह ने शिकायत किया कि कानून गो रामजगत, लेखपाल मुन्ना लाल द्वारा पैमाइश नहीं की जा रही है। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कानून गो, लेखपाल को कड़ी फटकार लगायी। यह प्रकरण सामने आया कि मुंशियों द्वारा भेजकर पैमाइश करायी गयी है। जिस पर डीएम ने हथिगंवा के कानून–गो बृजनाथ को फटकार लगायी। सभी कानूनगो, लेखपाल को निर्देशित किया कि मुंशियों द्वारा पैमाइश करायी जायेगी तो सम्बन्धित कानूगो व लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जगदेव प्रसाद निवासी ग्राम पुवांसी ने शिकायत किया कि पट्टा धारक भूमि पर विपक्षीगण क्षतिग्रस्त कर दिए। डीएम ने एसडीएम को निर्देशित किया कि पट्टे शुदा जमीन पर कब्जा दिला कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही करें। एसपी डा.अनिल कुमार,सीडीओ नवनीत सेहारा,एसडीएम भरत राम यादव, तहसीलदार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मठ की आड़ में भूमिधरी पर अवैध कब्जा,आक्रोश


तहसील परिसर में नारेबाजी करते आक्रोशित ग्रामीण। अमृत विचार

**लालगंज, प्रतापगढ़ अमृत विचार।** बाबा घुइसरनाथ धाम में मेले में अवैध वसूली को लेकर सोमवार को ग्रामीण आक्रोशित हो गए। धाम में भूमिधरी जमीन पर एक महंत द्वारा अवैध वसूली की शिकायत को लेकर आक्रोशित लोगों ने एसडीएम को मांगपत्र दिया। कुम्भापुर निवासी शिवमंगल यादव, आसाराम यादव, जगत बहादुर, रामपाल, त्रिवेणी प्रसाद, विजय कुमार, समर बहादुर यादव, सुरेश यादव आदि एसडीएम से मिले। बताया कि बाबा धाम में उनकी भूमिधरी भूमि में अवैध तरीके से दुकानें लगवायी गयी। भूमिधरी जमीन पर धाम के एक मठ के महंत पर आरोप लगाया कि आधा दर्जन लोगों से प्रतिमाह पांच हजार की अवैध वसूली कराकर दुकान संचालित करा रहे हैं। मठ की आड़ में भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने तहसीलदार एवं सांगीपुर एसओ को मामले की जांच कर अवगत कराने का निर्देश दिया। नाराज ग्रामीणों ने समाधान दिवस में तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

### साईं बाबा के भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** 34वें तीन दिवसीय साईंनाथ महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को भक्तों ने पंक्ति में बैठकर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरे समय तक जयकारा गूंजता रहा। साईं दर्शन मंदिर बलीपुर में आयोजित महोत्सव में पहले दिन बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई थी। दूसरे दिन गुरु पूजन किया गया। धूप आरती उतारी गई थी। रात में कलाकारों ने रंगारंग धार्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुत करके चार चांद लगाया। अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने बाबा का पूजन करके उनके, सभी सहयोगियों व श्रद्धालुओं के साथ पुलिस – प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

**सतगुरू कृपा**

दिनांक: 22/07/2024 विज्ञापन संख्या: 01/VAC/ASMBSSS/2024

आदिशक्ति माँ भक्त सुरेश सेवा संस्थान द्वारा संचालित, ''आदिशक्ति माँ भक्त सुरेश गौ सेवा केन्द्र'' में गौ वंश के देखभाल हेतु गौ सेवक की आवश्यकता है। कार्य विवरण, सेवाशर्तो एवं योग्यता की जानकारी हेतु संस्थान की वेबसाइट https://aadismbbsss.org का अवलोकन करें। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा को 200 रू0 के बैंक ड्राफ्ट के साथ जो कि आदिशक्ति माँ भक्त सुरेश सेवा संस्थान को देय हो, जिसे आदिशक्ति माँ भक्त सुरेश सेवा संस्थान कार्यालय, ग्राम–कोरवाँ, पो0– विठूली जिला– रायबरेली, उत्तर प्रदेश– 229202 व्यक्तिगत या डाक द्वारा 15 दिनों के भीतर जमा करें।

प्रबन्धक/सचिव
मो0 : 9696922162

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, रायबरेली**

पत्रांक : 172/डूडा/निविदा/2024–25 दिनांक :– 22/07/2024

**निविदा सूचना**

जनपद रायबरेली उ0प्र0 में डूडा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में नगर पालिका परिषद रायबरेली के 18 कार्य नगर पंचायत बछरावों के 05 कार्य नगर पंचायत शिवगढ के 04 कार्य नगर पंचायत सलोन के 10 निर्माण कार्य इस प्रकार कुल 37 निर्माण कार्यो की ऑनलाइन निविदा, निविदा सूचना संख्या 174 /01/डूडा/निविदा/2024–25 दिनांक 22/07/2024 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। इन्हे निम्नलिखित विवरण के अधीन ऑनलाइन निविदाये http://etender.up. nic.in के माध्यम से देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन वेब साइट पर तिथि/समय | 30/07/2024 | अपरान्ह 12 बजे |
| 2 | निविदा डाउन लोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 30/07/2024 | अपरान्ह 12 बजे |
| 3 | निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि/समय | 21/08/2024 | सायं 5 बजे |
| 4 | निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि/समय | 22/08/2024 | अपरान्ह 12 बजे |

अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/
परियोजना निदेशक
डूडा रायबरेली

## एक नजर

### दहेज लोभियों ने महिला को मारपीट कर घर से भगाया

खीरों, रायबरेली,अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में दहेजलोभियों ने 12 जुलाई को विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया। पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लोदीपुर निवासी अनिक्षा भारती ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी 28 नवम्बर 2021 को लोदीपुर निवासी इंद्रजीत कुरील पुत्र रामबहादुर कुरील के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति इंद्रजीत, सास ऊषा देवी, देवर जितेन्द्र कुमार और अंकित कुमार, ननद सोनीदेवी आदि ससुरालीजन आए दिन दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### मेड़ बांधने पर चले धारदार हथियार, छह लोग घायल

राही, रायबरेल, अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के हरिवंश खेड़ा मजरे विनोहरा गांव में मेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया जिसमें छह लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एम्स चौकी इंचार्ज कपिल चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों का मुकदमा कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### सागौन का पेड़ काटने पर दो पर मुकदमा दर्ज

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। डीह थाना क्षेत्र में वन दारोगा ने सागौन के पेड़ो को अवैध रूप से काटे जाने पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। परशदेपुर बीट के वन दारोगा गंगा सागर उच्चाधिकारियों द्वारा अवैध रूप से पेड़ कटने की सूचना देने पर डीह थाना क्षेत्र के वीरगंज मजरे खेतौधन पहुंचे। जहां गांव निवासी उमाशंकर अग्रहरि ने सागौन के पेड़ अवैध रूप से काटे हैं, जिसे रवसिया मजरे लोधवारी निवासी सुरेश कुमार के हाथों बेचा है। मौके से ठूंठ बरामद हुआ है। वन दारोगा की तहरीर पर डीह थाने में दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### दलित प्रधान से मारपीट का मुकदमा दर्ज

खीरों, रायबरेली,अमृत विचार। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवगांव के दलित ग्राम प्रधान अशोक कुमार कुरील को 16 जुलाई की रात दबंगों द्वारा मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित का आरोप है कि दबंग उसे सुलह समझौता न करने पर ऐलानिया धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ग्राम प्रधान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। लेकिन दूसरे पक्ष ने भी सोमवार को ग्राम प्रधान पर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

### संदिग्ध हालातों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

सतांव, रायबरेली,अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक 33 वर्षीय युवक घर के बाहर रखे टीनशेड की पाइप से रस्सी का फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। परिवारजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे हाजीपुर गांव निवासी सोविंद (33) पुत्र अन्नू ने रविवार की रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के बाहर रखे टीनशेड की लोहे की पाइप से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एनटीपीसी अधिकारियों ने बेंच दी नौ करोड़ की राख

## विजिलेंस की जांच में हुआ खुलासा, दो अधिकारियों पर हुई कार्रवाई, एनटीपीसी की राख निस्तारण में यह खेल करीब तीन साल पहले हुआ था

ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में बड़ा घपला सामने आया है। जिसमें एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक स्तर के दो अधिकारियों पर नौ करोड़ रुपए की राख निजी एजेंसियों को चोरी छिपे बेंचे जाने की बात विजिलेंस टीम ने पकड़ी है। उसके बाद दोनों अधिकारियों के विरुद्ध एनटीपीसी प्रबंधन ने कार्रवाई शुरू की है। हालांकि दोनों अधिकारी हाल ही में सेवामुक्त हुए थे।

एनटीपीसी की राख निस्तारण में यह खेल करीब तीन साल पहले हुआ था। राख के इस गोरखधंधे में अभी फिलहाल दो बड़े अधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है, किंतु इसमें अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। एनटीपीसी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परियोजना के राख निस्तारण विभाग में करीब दो साल पहले तैनात रहे डीजीएम अरविंद कुमार राय और त्वरित बंगाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू की है। दोनों अधिकारियों में अरविंद कुमार राय पिछले महीने रिटायर हुए हैं। एनटीपीसी उच्च प्रबंधन ने उनके सारे क्लेम का भुगतान रोक दिया है। यही कार्रवाई त्वरित बंगाल के साथ भी की गई है ।

### इस तरह हुआ था घपला

एनटीपीसी के डीजीएम रहे त्वरित बंगाल और अरविंद कुमार राय राख निस्तारण का पूरा काम देखते थे। विभिन्न सीमेंट कंपनियों को उच्च श्रेणी की राख एनटीपीसी के शैलो से और सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियां ऐश पांड से राख ले जाती थी। इन कंपनियों का एनटीपीसी से एक निश्चित अनुबंध था कि एक टैंकर में इतने टन राख की आपूर्ति की जाएगी। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने एजेंसियों से सेटिंग की और टैंकरों में ओवर लोडिंग के साथ-साथ चोरी छिपे कई टैंकरों से राख बेंच देते थे। यही नहीं टैंकरों में राख अधिक लोड होती थी और उन्हे कागज कम भार का दिया जाता था। इस तरह से सालों खेल चलता रहा, जिसमें करीब नौ करोड़ रुपए का एनटीपीसी को चूना लगा है।

### एनटीपीसी में छाई खामोशी

एनटीपीसी के राख निस्तारण में करोड़ों का घपला और दो अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के बाद एनटीपीसी में सनसनी फैल गई है। कोई भी अधिकारी इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि इस बारे में उन्हे कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि त्वरित बंगाल काफी पहले ऊंचाहार से स्थानांतरण पर जा चुके है और अरविंद कुमार राय सेवामुक्त हो चुके है।

### पहले संविदाकर्मी ने उठाई थी आवाज

एनटीपीसी के शैलो में संविदा पर काम करने वाले प्रतापगढ़ जनपद के केराव डीह मजरे झोकवारा निवासी मो इमरान ने राख की इस लूट का सबसे पहले खुलासा किया था। उसने फरवरी 2023 में यह शिकायत की थी कि वह 15 साल राख निस्तारण का काम देख रहा है। इधर राख में गोरखधंधा किया जा रहा है। उसने यह खुलासा तब किया था, जब उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। यही नहीं उसने कोतवाली में एनटीपीसी अधिकारी अरविंद कुमार राय के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

परशदेपुर, रायबरेली,अमृत विचार। डीह थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में अधेड़ की मौत हो गई।डीह कस्बा निवासी छोटूलाल (55 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल से खेत से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी पम्प हाउस के पास अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से वो घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी डीह ले जाया गया जहां से उन्हें रायबरेली रिफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रायबरेली से लखनऊ के लिए रिफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। भाई दयाराम में अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# पानी टंकी के सिक्योरिटी गार्ड की पीट-पीटकर हत्या

## बदमाशों ने इनवर्टर, बैट्री, जनरेटर उठा ले गये, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग की

संवाददाता,शिवगढ़,रायबरेली।



थानेदार से मामले की जानकारी करते एएसपी नवीन कुमार सिंह। इनसेट में मृतक सिक्योरिटी गार्ड शिव किशोर (फाइल फोटो)। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में इन दिनों पुलिसिंग व्यवस्था बेपटरी है, अपराध का बोलबाला है। आए दिन हो रही अलग अलग घटनाए यह दर्शा रही है, कि रायबरेली में अपराधी खुलेआम हाइटेक पुलिस को चुनौती दे रहे है और पुलिस असहाय सी नजर आने लगी है।

थाना क्षेत्र के कुम्भी में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन पानी के की सिक्योरिटी गार्ड की हथियार से पीट-पीटकर हत्या कर कर दी गई। जिसका शव रस्सी में बंधा वहीं पर पड़ा मिला, जिसकी सूचना से क्षेत्र में हडकम्प मच गया है। वहीं, मौके से इनवर्टर, बैट्री, जनरेटर चोरी हो गया है। गौरतलब हो कि कुम्भी ग्राम पंचायत के दौलतखेड़ा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी में शिव किशोर जायसवाल निवासी बैंती व शीतला प्रसाद रावत सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे, 15 दिन मृतक शिव किशोर व 15 दिन शीतला प्रसाद बारी-बारी से दिन,रात की नौकरी करते थे। रविवार को शाम करीब 6 बजे मृतक शिव किशोर टंकी पर पहुंच गया। सोमवार की सुबह पता चला कि शिव किशोर की हत्या कर शव रस्सी से बांधकर वहीं डाल दिया गया और वहां से इनवर्टर, बैटरी व जनरेटर चोरी हो गया है। जिसकी जानकारी होते ही ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र ने घटनास्थल का जायजा लिया,उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रूप से हत्या लग रही है। जल जीवन मिशन के सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइजर अविनाश मिश्रा ने बताया कि इनवर्टर, बैट्री, जनरेटर गायब है जो करीब 50 हजार के ऊपर का सामान था।

> घटना की हर पहलु से तहकीकात की जा रही है। एविडेंस कलेक्ट किए जा रहे हैं, जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
> –नवीन सिंह, एएसपी,रायबरेली

### घटनास्थल से मृतक का मोबाइल गायब

पीट पीटकर हत्या करने के बाद बदमाशों ने मृतक का मोबाइल भी गायब कर दिया है पुलिस जांच में जुड़ गई है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि बेटे कुलदीप की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह ने जहां घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया वहीं, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए।

### पत्नी ने जतायी हत्या की आशंका

पत्नी सरिता जायसवाल का कहना है कि उनके पति से किसी की कोई लड़ाई नहीं थी, लेकिन परिवार में ही बातचीत चल रही थी। इसलिए कुछ परिवार वालों ने ही उसके पति की हत्या कराई है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।

### कैसे होंगे बिटिया के हाथ पीले

मृतक शिव किशोर के दो बेटी व दो बेटे हैं जिनमें बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है तो वहीं छोटी बेटी अर्चना की शादी नवम्बर माह में है। जिसकी तैयारियां चल रही थी लेकिन शिव किशोर की मौत के बाद बिटिया के हाथ कैसे पीले होंगे कमाने वाला शिव किशोर ही था।

## सार-संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे गए दर्जनों पौधे



श्री गोविन्द सिंह इंटर कॉलेज रौतापुर में पौधरोपण करते पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह। अमृत विचारी

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के श्री गोविन्द सिंह इंटर कॉलेज रौतापुर में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विकास मंडल आयुक्त केके सिंह व पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह शामिल हुए, जहां स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान दर्जनों पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में केके सिहं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सरेनी विधानसभा क्षेत्र में हजारों पौधे लगाए जा रहे है। पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता फैलाना है। प्रधानाचार्य शशि शंकर पांडे ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य हरिकेश सिंह, रौतापुर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह व विद्यालय के अध्यापक मुन्नू प्रसाद दीक्षित, लल्लन सिंह, देवेंद्र त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, रामचंद्र, सुनील सिंह, अनुराग सिंह, गौरव राजपूत, मारकंडेय सिंह, अनिल सिंह, रामचंद्र, वीरेंद्र सिंह, प्रताप एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### महाराजगंज में ट्रेन से कट कर युवक की मौत

महराजगंज, रायबरेली,अमृत विचार। क्षेत्र के कलंदरगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला निवासी राम लाल (28) पुत्र भल्ला ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में माली का कार्य करता था। बीती रात वह ट्रेन की चपेट में आ गया और कटकर उसकी मौत हो गई। लोगों की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की सूचना पर परिजन नोएडा के लिए रवाना हो गए है।

### पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों ने की दावेदारी

खीरों, रायबरेली,अमृत विचार। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में खीरों की कुल आठ ग्राम पंचायतों में एक-एक पंचायत सदस्य का पद रिक्त था। सोमवार को ब्लाक मुख्यालय कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया आरंभ की गई। ग्राम पंचायत रनापुर पहरौली, हरीपुर मिर्दहा, हरीपुर निहस्था, चकगजराज और जगतपुर रामगढ़ी सहित कुल पांच ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इसलिए पांचों ग्राम पंचायतों में सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। जबकि देवगांव, खानपुरखुष्टी ग्राम पंचायत में किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। ग्राम पंचायत लच्छीपुर का सदस्य पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होने और इस ग्राम पंचायत में इस श्रेणी के किसी व्यक्ति का निवास न होने के कारण नामांकन नहीं हो सका। एडीओ पंचायत एके वर्मा ने बताया कि तीन ग्राम पंचायतों में एक-एक पंचायत सदस्य का पद रिक्त है।

### समारोह में सेवानिवृत्ति आचार्यों का हुआ सम्मान



आचार्यों का सम्मान करते अध्यक्ष अनंत पांडे। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। पूर्व मंत्री, बाल कल्याण समिति के संरक्षक गिरीश नारायण पाण्डेय की अध्यक्षता में विद्या भारती से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के सेवानिवृत आचार्य का सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। सेवानिवृत्ति हुए आचार्य यशवंत सिंह, अशोक कुमार यादव, इंद्रदत्त त्रिपाठी को अंग वस्त्र श्री रामचरित मानस की पुस्तक, रुद्राक्ष की माला, वेश, छाता गमछा आदि देकर सम्मानित किया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनंत पाण्डेय ने कहा किआचार्य समाज का दर्पण है। राष्ट्र व समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाने का कार्य आचार्य करते हैं। कार्यक्रम में प्रबंधक कैलाश वाजपेई, प्रधानाचार्य सुरेश पाठक, रामशरण अग्निहोत्री, जगदेव सिंह, राम नारायण सिंह, सुरेश वर्मा, रमेश बाजपेई, रमेश मिश्रा, अनामिका, अंकिता, रिचा सिंह, दिवाकर सिंह, पूजा मिश्रा, आर्या श्रीवास्तव, संजय, छवि नाथ सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### उपचुनाव में प्रत्याशियों ने ठोकी दावेदारी, नौ नामांकन

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। उपचुनाव के नामांकन के अंतिम दिन जमुरावा गांव के प्रधान पद के लिए नौ उम्मीदवारो नें नामांकन पत्र दाख़िल किया। वहीं तीन ग्राम सभाओं की चार सदस्य सीटों पर चार नामांकन हुए हैं। क्षेत्र के जमुरावा गांव में न्यायालय के आदेश के बाद रिक्त हुए प्रधान पद के उप चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन ब्लाक परिसर में काफी गहमा गहमी देखी गयी। इस दौरान कमलेश कुमार, नीलम, अनुराग, सुमन देवी, विशेसर, मुन्नीलाल, छेदीलाल, अनुराग, हौसला प्रसाद सहित नौ उम्मीदवारो ने अपना नामांकन किया। वहीं अलीपुर गांव में रिक्त सदस्य पद पर वार्ड छह से रिचा व 11 से संतोष कुमार, मऊ गांव में वार्ड दो से रेखा, कक्केपुर गांव में वार्ड 9 से नीता से सदस्य पद पर नामांकन किया हैं। मंगलवार कों पर्चा वापसी की तिथि है। वहीं इन सीटों पर छह अगस्त को मतदान होना है।

### नदी में नहाते समय डूबा युवक, तलाश जारी

बछरावां, रायबरेली। भंवरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के लिए अपने दोस्तों के साथ पहुंचा एक युवक नदी में नहाते समय डूब गया। चीख पुकार पर पुलिस कर्मियों ने गोताखोरों की टीम लगाकर खोजबीन शुरू कराई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह बड़ाबरहा आलमबाग लखनऊ का रहने वाला अमित कुमार पुत्र नन्हेंलाल (32) अपने दोस्तों के साथ सुदौली गांव में सई नदी के तट पर स्थित भंवरेश्वर मंदिर जलाभिषेक के लिए आया था। पहले वह अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने चला गया। नदी के तेज बहाव से वह नदी के बीच में पहुंच गया। उसे डूबता देख उसके दोस्तों ने चीख पुकार शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है। गोताखोरों की टीम लगाई गई पर सफलता नहीं मिली है। जल्द ही युवक को खोज निकाला जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल

बछरावां, रायबरेली,अमृत विचार। क्षेत्र के पहुरावां गांव निवासिनी बिट्टू (60) पत्नी राम सुमिरन सोमवार शाम बजे गांव के बाहर सड़क पर खड़ी थी तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल वृद्ध महिला को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पति का शव लेकर गांव पहुंची पत्नी, हड़कंप

संवाददाता,महराजगंज।



नारायनपुर गांव में मृतक के गमगीन परिजन व ग्रामीण। इनसेट में रामदयाल (फाइल फोटो)

रायबरेली। तीन दिन पहले दिल्ली गए युवक के शव को पत्नी लेकर गांव पहुंची तो परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक युवक के पिता ने बहू पर आरोप लगाते हुए पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है।

घटना क्षेत्र के नारायनपुर मजरे मोन गांव की है। गांव निवासी देवतादीन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 18 जुलाई शुक्रवार को उसका बेटा रामदयाल (30) दिल्ली में रह रही बहू के बुलाने पर दिल्ली गया था। सोमवार की सुबह बहू बेटे के शव को निजी एम्बुलेंस से लेकर गांव पहुंची तो परिजन अवाक रह गए। बहू से जानकारी करने पर उसने बताया कि इनकी तबियत बिगड़ने पर काशीराम हास्पिटल ले गए थे, जहां उनकी मौत हो गई। जब परिजनों ने अस्पताल व दवा सम्बंधित कागजात मांगे तो उसने कहा कि हमारे पास कोई कागजात नहीं है। मामले में परिजनों ने कोतवाली पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना दिल्ली की है फिर भी पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों की समस्याओं से भरा पत्र राज्यपाल को भेजा



सलोन में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के पदाधिकारी।

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती, नहरों में पानी न आने, बेसहारा मवेशियों की समस्या, खाद की कालाबाजारी को बंद करने व सभी समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे कई गंभीर समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी के नेतृत्व में राज्यपाल को चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सलोन को सौंपा।कांग्रेस प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी ने कहा कि हम किसानों के मुद्दों को लेकर एक बड़ा जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारीर प्रशासन की होगी।

# बाउंड्री से टकराई अनियंत्रित कार, चार लोग घायल

संवाददाता,अमावां, रायबरेली।

अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रविवार की रात रायबरेली अयोध्या हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए मकान की बाउंड्री से टकरा गई।

घटना में कार सवार चार लोग घायल हो गए, जबकि कार के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चारों का उपचार जारी है। महराजगंज थाना क्षेत्र निवासी मयंक जायसवाल 28 का स्थानीय चौराहे पर शराब का ठेका है। रविवार की रात मयंक अपने साथी विकास सिंह (29) पुत्र तेज बहादुर थाना सरेनी व थाना क्षेत्र के घुराडीह गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह (30) पुत्र मानसिंह व सौरभ सिंह (32) पुत्र शिव शंकर सिंह के साथ रायबरेली की ओर जा रहा था, तभी रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर सिधौना के पास पहुंचते ही उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए एक मकान की बाउंड्री से टकरा गई। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में चोटिल लोगों का उपचार चल रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी समिति चबूतरे पर निर्माण का व्यापारियों ने किया विरोध

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली।



दुकानों के विरोध में एसडीएम से वार्ता करते व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा।

अमृत विचार। लालगंज मंडी समिति में चबूतरे पर बनने वाली 20 दुकानों के निर्माण का व्यापारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने तहसील दिवस पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय वाजपेई व नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एसडीएम को बताया कि चबूतरे पर पक्की दुकानें बनने से वहां सब्जी की दुकान लगाकर व्यापार करने वाले छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी चली जाएगी। दुकाने मंडी समिति परिसर में खाली पड़ी जगह गेट नंबर 2 के बगल में बनाई जाए, जिससे चबूतरे में व्यापारियों को व्यापार करने में राहत हो। पूर्व में डिप्टी डायरेक्टर चंदन पटेल ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा था कि व्यापारियों की समस्या है। जल्द ही मंडी परिषद का निरीक्षण कर व्यापारियों के साथ बैठकर उस पर विचार कर ही निर्णय लिया जाएगा।

## मनमानी

### ग्राम पंचायत अधिकारी की करतूत का खामियाजा भुगत रहा परिवार, नहीं हो रही सुनवाई

# पंचायत अधिकारी ने गुमशुदा को परिवार रजिस्टर पर बना दिया मृत

दुर्गेश पांडेय, रायबरेली।

अमृत विचार। सलोन से फर्जी प्रमाणपत्र बनाने का प्रकरण खुलने के बाद जिले के अफसरों की खूब किरकिरी हो रही है। वहीं अब अलग-अलग ब्लॉकों में भी ऐसे ही मामले सामने आने लगे हैं।

फिलहाल हाल ही में राही ब्लॉक का एक प्रकरण सामने आया है, जिसमें गुमशुदा व्यक्ति को परिवार रजिस्टर में मृत बना दिया गया। पिछले काफी समय से परिवार न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन अफसर सुनने को तैयार नहीं है। इतना ही नहीं गुमशुदा व्यक्ति को परिवार रजिस्ट्रार मे मृत घोषित करने वाले पंचायत अधिकारी पर अब तक कोई कारवाई नहीं की गई। ऐसे में उसे बचाने का प्रयास करने वाले अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। थाने व जिला स्तर पर न्याय न मिलने पर पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए गुहार लगाई है।

राही ब्लॉक के हमीरमऊ मजरे बेला भेला की रहने वाली दया देवी ने बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व मेरा भाई रामविलास घर से कहीं चले गए हैं, जिसकी सूचना थाने में दी है। हम लोग आज भी भाई की खोजबीन कर रहे है। इसी बीच हमारे भाई की जमीन हड़पने के चक्कर मे विपक्षीगणों ने पंचायत अधिकारी से मिलकर परिवार रजिस्टर की नकल पर भाई को मृत घोषित करा दिया। फर्जी तरीके से परिवार रजिस्टर की नकल पर मृत घोषित करा कर विपक्षी जमीन अपने नाम कराने का कुचक्र रच रहे है। विपक्षियों ने पंचायत अधिकारी से मिलकर 2022 में ही परिवार रजिस्टर पर भाई को मृत घोषित करा दिया। जानकारी होने पर पीड़िता ने गलत तरीके से परिवार रजिस्टर पर मृत घोषित करने वाले पंचायत अधिकारी के खिलाफ जांच कराने की मांग की है। वहीं, जानकारों की मानी जाए तो गुमशुदा व्यक्ति की बिना साक्ष्य मिले मृत घोषित करना कानून जुर्म माना जाता है। लेकिन बिना डरे 2022 में तैनात पंचायत अधिकारी ने गुमशुदा व्यक्ति को परिवार रजिस्टर में मृत घोषित कर दिया है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय का कहना है कि प्रकरण जानकारी में नहीं है। यदि ऐसा तो जांच कराई जाएगी। दोषी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चिकित्सक पर गैर जनपद का जन्म प्रमाण पत्र देने का आरोप

सलोन,रायबरेली। विकास खंड क्षेत्र में ग्राम विकास अधिकारी की आईडी से गैर प्रांत के हजारों नागरिकों के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था। कि क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर प्राइवेट अस्पताल द्वारा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का आरोप लगाकर सनसनी मचा दी है। क्षेत्र के चक चेकनामपुर मजरे करेमुवा निवासी रामानंद पुत्र प्रेमलाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया की उसकी बेटी यशिका का जन्म अक्टूबर 2023 को रग्घुपुर स्थित एचएस बघेल अस्पताल में हुआ था। पुत्री के जन्म के बाद अस्पताल के डॉक्टर से पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र मांगा गया। तो अस्पताल में कार्यरत डाक्टर शाह अबरार अहमद ने उसकी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र पीएचसी बड़हलगंज जनपद आजमगढ़ से बनवा कर दे दिया। आरोप है कि जब जन्म रायबरेली जनपद के सलोन तहसील में हुआ था, नियमों के मुताबिक जिस स्थान पर बच्चे का जन्म होता है। उसी स्थान का बच्चे को जन्म प्रमाण पत्र जारी होना चाहिए। परंतु आरोपित डाक्टर ने गैर जनपद का जन्म प्रमाण पत्र बनवा कर दे दिया गया। जिससे मुझे किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं, इस मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल कर आरोपित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,750 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,900 |
| चांदी (999) | 90,800 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# अधिक रिटर्न की उम्मीद में पैसा लगाना चिंताजनक

## संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा: खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार



- इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले लगभग तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है। इसका अर्थ यह है कि अब 20 प्रतिशत भारतीय परिवार अपनी घरेलू बचत को वित्तीय बाजारों में लगा रहे हैं। शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या तेजी से बढ़ने पर गौर करने की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अति आत्मविश्वास सट्टेबाजी को बढ़ावा देती है और अधिक रिटर्न की उम्मीद भी। जो वास्तविक बाजार स्थितियों के अनुरूप नहीं हो सकती है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है।

### दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

### फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

## आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता की चुनौतियों से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता है।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

# आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

- खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं।

### मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

# मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

### महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### बस मेट्रो खंभे से टकराई, महिला की मौत, 23 घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

### ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**मुंबई।** मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### 3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

# मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

## जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सेना की चौकी, वीडीजी के घर पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

- एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें



राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान आगे बढ़े सेना के वाहन। एजेंसी

एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।

# बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी की घोषणा होनी चाहिए : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इस बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की घोषणा करने की जरूरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से आग्रह किया कि किसान कर्ज माफी की आवश्यकता, परिमाण का आकलन करने और कृषि ऋण माफी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना की जानी चहिए।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं में से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की क्षमताहीनता और दुर्भावना से भरा



- कर्ज माफी, परिमाण का आकलन और कृषि ऋण माफी की निगरानी को आयोग की जरूरत: रमेश

व्यवहार सबसे अधिक हानिकारक है। उन्होंने दावा किया कि जहां संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की एमएसपी 134 प्रतिशत बढ़ाई थी, वहीं मोदी सरकार ने इसे क्रमशः 47 प्रतिशत और 50 प्रतिशत बढ़ाया है। यह महंगाई और कृषि इनपुट की बढ़ती कीमतों के हिसाब से बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है।

रमेश ने कहा कि किसानों का कर्ज बहुत बढ़ गया है। एनएसएसओ के अनुसार, 2013 के बाद से बकाया ऋण में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2014 के बाद से हमने एक लाख से अधिक किसानों को आत्महत्या करते देखा है। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि कल्याण के लिए केंद्र सरकार की तरफ से आगामी बजट में तीन मुख्य घोषणाएं किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सी2+50 प्रतिशत के फॉर्मूले के अनुरूप एमएसपी के अंतर्गत आने वाली 22 फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाएं, एमएसपी को कानूनी दर्जा दें और इसे मजबूती से लागू करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करें।

# सेंट्रल विस्टा: कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

### खालिद की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सिंह ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाना है। इस मामले पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी।

# नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

कोलकाता, एजेंसी

- यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### कांवड़ यात्रा : उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

# संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय : आरएसएस

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस



- आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। आंबेकर ने कहा कि संघ 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है।

### प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज का नतीजा : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और गांधी जी की हत्या के बाद इस पर प्रतिबंध लगा था। मोदी ने इसको हटाकर न केवल विचारधारा बांटने का काम किया है, बल्कि उनकी निष्पक्षता तथा संविधान के सर्वोच्च होने के भाव को संदेहास्पद बना दिया है।

### कंगना मानहानि मामले में 9 सितंबर को अदालत के सामने होगी पेश

**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुंबई की एक अदालत में पेश होगी। रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया। अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रुप से छूट चाहती थी।

# ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने का कर रहीं प्रयास : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान की जमकर की आलोचना

भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने वाला है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था।





# ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे गोलकीपर श्रीजेश




- हॉकी इंडिया ने दी लंबे सफर और देश की सेवाओं के लिए बधाई
- 328 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश

पेरिस, एजेंसी

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए विन इट फॉर श्रीजेश का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके शानदार करियर के लिए उन्हें बधाई दी।

### श्रीजेश की उपलब्धियां अनेक

श्रीजेश ने भारतीय टीम के लिए 2010 में पदार्पण किया था। वह 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता टीम और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था और वह वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार जीतने वाले भारत के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2021 और 2022 में में लगातार दो बार एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता। पिछले साल एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट पक्का करने में सफल रही।

# पेरिस ओलंपिक में तोक्यो जैसी गलती नहीं दोहराऊंगी : मनिका

नई दिल्ली, एजेंसी



तोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सोमवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगी और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा। अपने साथियों के साथ पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगी बत्रा ने तोक्यो ओलंपिक के अनुभव से काफी कुछ सीखा है।

बत्रा ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से कहा पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी। उसके बाद मेरी मानसिकता बदली है। मैं अधिक शांत हो गई हूं और मेरा खुद पर भरोसा बढ़ गया है। मैं अपने दमखम और फुर्ती पर ध्यान दे रही हूं और मेरा वास्तविक लक्ष्य पदक के लिए चुनौती पेश करना है। लेकिन मैं धीरे-धीरे आगे बढ़ूंगी। मैं उस मुकाम पर पहुंचने की कोशिश कर रही हूं जहां मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं। मैं मैच दर मैच आगे बढ़ूंगी और शुरू में ही पदक के बारे में नहीं सोचूंगी। मैं अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहूंगी। भारतीय महिला टीम को पेरिस ओलंपिक में जगह दिलाने में बत्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टेबल टेनिस टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

### व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से सोमवार को उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम को दिल्ली में आयोजित 'इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग-5' प्रतियोगिता जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम जून में हुई प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र को हराकर चैंपियन बनी है। गुरमीत ने कहा कि उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जिस पर हम सभी प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा, बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह लोगों के लिए उदाहरण है। दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सहयोग आवश्यक है। उनके सहयोग के लिए औद्योगिक संस्थानों सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना होगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट करने पहुंचीं इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की नव नियुक्त चेयरपर्सन सुनयना व पति अमित प्रकाश के साथ पीटी उषा।

### सुनयना बनीं ओलंपिक्स लीगल समिति की चेयरपर्सन

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पुराने जिलों में शुमार बरेली की बेटियों ने हमेश ही अपने शहर का मान बढ़ाया है। खेल के क्षेत्र में भी बरेली की बेटियां पीछे नहीं हैं। मैदान से लेकर खेल समिति के बड़े पदों पर उन्होंने जगह बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की बेटी सुनयना प्रकाश को इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। मुजफ्फरनगर में रहने वाली सुनयना के पति अमित प्रकाश एक उद्योगपति हैं जो बॉयो वेस्ट व एग्रीकल्चरल वेस्ट से सीएनजी बनाने का उद्यम करते हैं। सुनयना ने सोमवार को ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ पहुंचकर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। राष्ट्रपति ने सुनयना को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति अपने स्वर्गीय पति को याद करते हुए कहा वो ओलंपिक्स और अन्य खेलों के प्रसारण को बहुत शौक से देखते थे। बता दें कि ओलंपिक्स 2024 का आगाज 26 जुलाई से पेरिस में होने जा रहा है। राष्ट्रपति ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पदक लाने की उम्मीद जताई।

### टी-20 विश्व कप की समीक्षा के लिए समिति गठित

**कोलंबो।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी के अनुसार आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।

# कार्यभार के बहाने मनमर्जी नहीं कर पाएंगे खिलाड़ी

## भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर बोले- अगर खिलाड़ी फॉर्म में है तो खेलना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य कोच गौतम गंभीर की बेबाकी और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की स्पष्टवादिता से बने तालमेल से भारत में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के बहाने श्रृंखला चुनने में मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले गंभीर और अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ कड़े फैसलों के बारे में बताया तो कुछ चीजों को इशारों में समझाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रिकेट में काफी कुछ नया होने वाला है। गंभीर और अगरकर की उपस्थिति शारीरिक रूप से भले ही प्रभावशाली न लगे लेकिन भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि यह दोनों पूर्व क्रिकेटर स्पष्ट और कड़े फैसले करने वालों में शामिल हैं जो आसानी से नहीं बदलते। इन दोनों का लक्ष्य अब 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए खाका तैयार करना है। उनके लिए कार्यभार प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अलग नियम होंगे।



श्रीलंका दौरे से पहले पत्रकारों से बात करते गौतम गंभीर व अजीत अगरकर।

गंभीर से जब कार्यभार प्रबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैंने पहले भी कहा है कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के लिए कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। अगर आप बल्लेबाज हैं और अच्छी फॉर्म में हैं तो आपको सभी मैच खेलने चाहिए। माना जा रहा था कि वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा तथा टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है की टीम प्रबंधन इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मैच खेलते हुए देखना चाहता है। गंभीर ने कहा रोहित शर्मा और विराट कोहली अब केवल दो प्रारूप में खेलेंगे, मुझे उम्मीद है कि वह अधिक से अधिक मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसी तरह से चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर ने हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान नहीं नियुक्त किए जाने का कारण स्पष्ट किया। आप ऐसा कप्तान चाहते हैं जो सभी मैच खेलने की अधिक संभावना रखता हो। किसी सवाल का आपको इससे अधिक स्पष्ट जवाब नहीं मिल सकता। यही नहीं अब कप्तान के चयन में नेतृत्वकौशल ही नहीं साथी खिलाड़ियों की राय भी मायने रखेगी। अगरकर ने कहा सूर्य को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो पिछले एक साल से अधिक समय से भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा है। आपको ड्रेसिंग रूम से काफी फीडबैक मिलता है।

### लंबी चर्चा और फिटनेस को देखते हुए सूर्या को बनाया टी-20 का कप्तान : अगरकर



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को फिटनेस मापदंड और लंबे समय तक चली चर्चा के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाने का फैसला किया। श्रीलंका में सीमित ओवर श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले हुए संवाददाता सम्मेलन के दौरान अगरकर ने कहा किसी को कप्तान बनाने का फैसला आप रातों-रात नहीं ले सकते। हमने इस पर काफी विचार विमर्श किया और ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया कि एक कप्तान के रूप में हम क्या-क्या गुण ढूंढ रहे हैं। हमारे लिए सबसे बड़ी बात यह थी कि हमारा कप्तान ऐसा होना चाहिए जो कि कभी भी मैदान में उतरने के लिए तैयार रहता हो। यह हमारी पहली शर्त थी। सूर्यकुमार के साथ आप पहले से ही जानते हैं कि फिटनेस कभी भी उतना बड़ा मसला नहीं रहा है। अगरकर ने सवालिया लहजे में कहा अगर हार्दिक अचानक से चोटिल हो जाते हैं तो हमारे पास कप्तानी के लिए कोई विकल्प नहीं बचता। रोहित के रहने से चीजें आसान थीं और हमारे पास विकल्प थे। ऐसा पहले भी हुआ है, जब हार्दिक अचानक से चोटिल हो गए हों और हमारे पास कप्तानी का कोई विकल्प ना बचा हो। इसलिए हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते थे।

### कोहली से रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

**मुंबई।** भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता उन दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी-20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने कहा विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है।

### फिट रहे तो 2027 का विश्वकप खेल सकते हैं रोहित-कोहली: गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच गौतम गंभीर ने कहा कि फिटनेस बरकरार रहने पर रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्ष 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। गंभीर ने मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दोनों में बहुत क्रिकेट शेष है। अभी चैंपियंस ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया का बड़ा दौरा होना है और ये दोनों निश्चित रूप से वहां प्रदर्शन करने को उत्साहित होंगे। अगर उनकी फिटनेस बरकरार रहती है तो वह 2027 एकदिवसीय विश्वकप का भी हिस्सा हो सकते हैं।

# स्टिमक की नए कोच को चेतावनी बोले- भारत में यात्रा आसान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सोमवार को अपने उत्तराधिकारी मनोलो मार्केज को चेतावनी दी कि आगे की यात्रा आसान नहीं होगी। उन्होंने हालांकि इस पद के लिए स्पेन के पूर्व खिलाड़ी का समर्थन करते हुए कहा कि उनके पास अच्छा परिणाम देने की काबिलियत है। स्टिमक 1998 में विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली टीम के सदस्य थे।

स्टिमक ने ट्विटर पर लिखा प्रिय मनोलो, भारत का नया मुख्य कोच नियुक्त होने पर बधाई। यह यात्रा आसान नहीं होगी, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के साथ मेरा अनुभव बताता है कि आप 'ब्लू टाइगर्स' को अगले स्तर पर ले जाने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। शुभकामनाएं। मेरे दोस्त। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की शनिवार को 55 साल के मार्केज को कोच नियुक्त किया। एआईएफएफ ने बताया कि मार्केज 2024-25 सत्र में एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम का कोच बनने से पहले दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ संभालेंगे।

# ओलंपिक से चोट के चलते हटीं वोंड्रोसोवा

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक की टेनिस रजत पदक विजेता मार्केटा वोंड्रोसोवा हाथ की चोट के कारण सोमवार को पेरिस खेलों से हट गईं।

चेक गणराज्य की 25 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल गैरवरीय रहते हुए विंबलडन चैंपियन बनीं थीं। वह 2019 में फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही थी। वोंड्रोसोवा को इस साल विंबलडन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वोंड्रोसोवा ने ओलंपिक से हटने के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनका ध्यान अब यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है, जो अगस्त के अंत में शुरू होगा।

# इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराया

नॉटिंघम, एजेंसी



- रूट, ब्रूक और बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत खेल इंग्लैंड विंडीज

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए। इंग्लैंड की तरफ से बशीर के अलावा क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन ने दो दो जबकि मार्क वुड ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीता था। इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई।

# श्रीलंका ने मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हराया, अट्टापटू ने जड़ा शतक

दांबुला, एजेंसी

**महिला एशिया कप**

कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को महिला एशिया कप के सातवें मुकाबले में मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हरा दिया है।

185 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की टीम का कोई भी बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी। मलेशियाई की ओर एलसा हंटर ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। हालांकि इस दौरान आइना नजवा ने जाझारूपन दिखाया, लेकिन अन्य किसी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। आइना नजवा (9) रन बनाकर नाबाद रही। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा सका। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 40 रन पर समेट कर मुकाबला 144 रनों से जीत लिया।

टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की टीम ने चमारी अट्टापटू की नाबाद (119) रनों की आतिशी पारी के दम पर मलेशिया को जीत के लिए 185 रनों का लक्ष्य दिया था। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में विश्मी गुणरत्ने (एक) रन के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अट्टापटू ने हर्षिता समारविक्रमा के साथ संभल कर बल्लेबाजी कर हुए दूसरे विकेट के लिये 64 रन जोड़े। चमारी अट्टापटू ने 69 गेंदों में नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी खेली। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 184 रन का स्कोर खड़ा किया।

### नेपाल को बड़े अंतर से हराकर भारत को मिलेगी सेमीफाइनल की टिकट

**दांबुला।** पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

### विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप में हारीं भारतीय टीमें

**नई दिल्ली।** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय लड़कों की टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम ने मलेशिया से समान अंतर से हार गई। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित किया। लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की, लेकिन आगे के मुकाबले में हार गईं।

## बॉलीवुड हलचल



# सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम की 13वीं सालगिरह के खास मौके पर खास पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी हो गई है। अजय देवगन और रोहित शेट्टी बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने साथ में कई सफल फिल्में दी हैं। दोनों इन दिनों बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन के लिए तैयारी कर रहे हैं। रोहित ने अपनी फिल्म सिंघम की 13वीं वर्षगांठ पर अपने और अजय देवगन के रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक खास वीडियो जारी किया है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया।वीडियो में लिखा गया है, आज हमने सिंघम के 13 साल पूरे कर लिए हैं और किस्मत का जादू देखते हैं। आज हम अजय सर के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग भी पूरी कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर यह उनकी 13वीं फिल्म है, लेकिन यह सफर 90 के दशक में शुरू हुआ था, जब मैं उनके अंडर में काम कर रहा था। 33 साल बाद भी हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस दीवाली सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है सिंघम के 13 साल, भाईचारे के 33 साल<bha>@</bha>अजयदेवगन #सिंघमअगेन।

# जाह्नवी की फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज हो गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ के ट्रेलर पर शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, निर्माताओं ने जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया पर फिल्माया गाना शौकन रिलीज कर दिया है। शौकन शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और निर्मित है और इसमें जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव की आवाज हैं। कुमार ने इस गाने के बोले लिखे हैं। शौकन सोनी म्यूजिक इंडिया के यूट्यूब पेज और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जान्हवी कपूर ने कहा, मैं हमेशा से नेहा के गानों की फैंस रही हूं, और शौकन में पहली बार उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट से हटकर है। यह गाना अविश्वसनीय रूप से उत्साहवर्धक है और आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। यह हॉट, ग्लैमरस और ग्रूवी है। मुझे लगता है कि शाश्वत, जुबिन और नेहा ने एक और बेहतरीन कृति बनाई है। नेहा कक्कड़ ने कहा, जुबिन के साथ शौकन गाना एक शानदार अनुभव था। इस धमाकेदार गाने के लिए शाश्वत को बधाई। शौकन सिर्फ एक पार्टी नंबर नहीं है, यह एक वाइब है। मैं अपने फैंस द्वारा इस गाने को सुनने और बीट्स पर थिरकने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

